



दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 260/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, मंगलवार 9 मई 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in




पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान गिरफ्तार, इस्लामाबाद हाईकोर्ट के बाहर से ले गए पाकिस्तानी रेंजर्स

# खरगोन: बस नदी में गिरी, 22 की मौत

## 50 फीट ऊंचे पुल की रेलिंग तोड़ी, SDM बोले- ड्राइवर को झपकी आई होगी





**खरगोन।** मध्य प्रदेश के खरगोन में मंगलवार सुबह एक बस 50 फीट ऊंचे पुल से गिर गई। हादसे में 22 यात्रियों की मौत हो गई। इनमें 3 बच्चे, 9 महिलाएं और 10 पुरुष हैं। बस डोंगरगांव और दसंगा के बीच बोराड़ नदी के पुल की रेलिंग तोड़कर नीचे जा गिरी। नदी सूखी हुई थी। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं। 30 से अधिक घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। सात घायलों को इंदौर के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

डोंगरगांव के रहने वाले राज पाटीदार ने बताया कि मां शारदा ट्रेवल्स की बस में 50 से अधिक लोग सवार थे। हादसा साढ़े आठ से नौ बजे के बीच हुआ। पुलिस-प्रशासन से पहले डोंगरगांव और लोनारा के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। हमने बस के कांच फोड़कर घायलों को बाहर निकाला। घायलों को अपनी गाड़ियों से अस्पताल पहुंचाया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव से पांच मिनट पहले ही बस निकली थी। बस तेज रफ्तार में चल रही थी।

खरगोन के सिविल सर्जन डॉ. अमर सिंह चौहान ने बताया कि 3 घायल यात्रियों की मौत जिला अस्पताल में हुई है। शुरूआत में 15 लोगों की मौत की जानकारी सामने आई थी। कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा ने बताया कि 22 लोगों की मौत हुई है।

### बस में 50 से अधिक लोग सवार थे

मौके पर एंबुलेंस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं। ढ्रल राकेश गुप्ता ने बताया कि खरगोन के बेजापुर से इंदौर की ओर जा रही थी। रफ्तार तेज होने के कारण अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए पुल से नीचे जा गिरी। बस में 50 से अधिक यात्री थे। नदी सूखी होने के कारण अधिकतर यात्रियों को चोट लगी है।

### ड्राइवर का पता नहीं चला: एसडीएम

SDM ने बताया कि हादसा जिला मुख्यालय से करीब 34 किलोमीटर दूर ऊन थाना क्षेत्र के डोंगरगांव के समीप हुआ। फिलहाल बस चालक का पता नहीं चल पाया है। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक ऐसा प्रतीत होता है कि ड्राइवर को नींद का झोंका आ गया था, तभी बस अनियंत्रित हो गई।

### पीएम मोदी बोले- प्रशासन मदद में जुटा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी खरगोन हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा, हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक संवेदनाएं। मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन मौके पर हरसंभव मदद में जुटा है।

### मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया। मध्यप्रदेश सरकार ने खरगोन बस दुर्घटना में मृतकों के परिवारों को 4-4 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों को 50-50 हजार रुपए और मामूली रूप से घायलों को 25-25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। उन्होंने ट्वीट कर घटना पर शोक जताया।

### कमलनाथ बोले- घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य की कामना करता हूं



पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने ट्वीट किया शोक जताया है। उन्होंने लिखा- ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना करता हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना है। राहत और बचाव दल को अपने अभियान में शीघ्र सफलता मिले, ऐसी प्रार्थना है।

सांध्यप्रदेश विशेष

# द केरल स्टोरी: अल्लाह सब ठीक करेगा



विजय मनोहर तिवारी

यह भारत के दुर्भाग्य की कथाएँ हैं। अंतहीन दुर्भाग्य की रुला देने वाली आपबीतियाँ। यह किसी मिशनरी या मजहब की बात ही नहीं है। यह भारत को तिल-तिलकर नष्ट करने के प्रयासों की एक सामान्य सी झलक है, जो केरल की पृष्ठभूमि से सिनेमा के परदे पर प्रस्तुत हुई है। मैं ÷द केरल स्टोरी% की बात कर रहा हूँ। एक फिल्म, जो इन दिनों सर्वाधिक चर्चा में हर कहीं हाऊस फुल है। होनी भी चाहिए।

मैंने इसे रिलीज होने के बाद चौथे दिन देखा। यह किसी कोण से किसी भी धर्म विशेष को अपमानित नहीं करती। धर्मांतरण भारत के लिए नया विषय नहीं है। छल और बल से यह होता ही रहा है। अखंड भारत के तीन टुकड़ों में जनसांख्यिकी का विस्तार सदियों के उसी फैलाव का फल है। यह फिल्म केरल में जारी धर्मांतरण के सर्वाधिक भयावह पक्ष को संसार के सामने लाती है।

किसी पारसी, सिख, ईसाई या हिंदू कन्या से किसी मुस्लिम का प्रेम या विवाह कोई नया विषय नहीं है। हर शहर में बीते तीस वर्षों की घटनाएं और उनके पात्रों का स्मरण कीजिए। उनकी कहानियों के अपडेट लेना समाज के लिए जरूरी है कि वे किस हाल में कहाँ कैसा जीवन जी रही हैं? संभव है कि वे बहुत सुखी परिवारों में अपने बड़े होते बच्चों के साथ हमारे बीच आएँ, जहाँ धर्म कोई बाधा नहीं है।

हो सकता है कि नमाज के साथ पर्यूषण, अग्निपूजा, शबद गायन और रुद्राभिषेक उन परिवारों में सब मिलकर कर रहे हों। तिलक भी लगा हो, टोपी भी सजी हो। हो सकता है वह प्रेम दो धर्मों को एक धारा में लेकर अब तक चल रहा हो। किंतु इसका बहुत उल्टा भी संभव है। कि भावुक कन्या के सिर




से प्रेम का भूत साल भर में उतर गया हो। उन्हें अपना धर्म और अपना अतीत छोड़ना पड़ा हो, वे दूसरी या तीसरी बीवी बनी हों। उन्हें इसी जीवन में दोजख के विराट दर्शन हो गए हों। कुछ भी हो सकता है। मगर यह गहरे सामाजिक शोध का विषय है, जिस पर विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों को परिश्रमपूर्वक बहुत गहरे काम की आवश्यकता है।

कोई गैर मुस्लिम कन्या किसी मुस्लिम युवक के साथ विवाह संबंधों में चली गई, उसने इस्लाम कुबूल भी कर लिया लेकिन जीवन चल रहा है, बच्चे बड़े हो रहे हैं, वे हमारे ही समाज में अब स्वीकार्य युगल हैं, बात इतनी सरल भी हो तो कोई बात नहीं। द केरल स्टोरी सर्वाधिक भयावह पक्ष इसलिए है कि वहाँ प्रेम एक जाल है, जिसमें फँसाने की सुनियोजित चालें हैं और उनके पीछे कुछ चेहरे हैं, उनके स्पष्ट उद्देश्य हैं।

यह 2014 में सीरिया में इस्लामिक स्टेट के उभार के समय हुई सत्य घटनाओं की कथा है, शालिनी उन्नीकृष्णन इसकी केंद्रीय पात्र है। शालिनी की तीन और सहेलियाँ हैं, जो केरल के कासरगोड जिले के एक नर्सिंग कॉलेज में डिग्री लेने पहुंचती हैं। केरल के एक सिरे पर है तिरुवनंतपुरम और दूसरे सिरे पर है कासरगोड, जो कर्नाटक के मेंगलोर से सटा लगभग शत-प्रतिशत मुस्लिम इलाका है।

आसिफा नाम की एक स्थानीय सहपाठी उन्हें होस्टल में मिलती है। आसिफा उस गिरोह की एक निचली कड़ी है, जिसे गैर मुस्लिम खूबसूरत लड़कियों को गिरोह के दूसरे सहभागी मुस्लिम लड़कों के नजदीक लाना है। उनके मस्तिष्क में अपने मूल धर्म के विरुद्ध बीज बोने हैं और इस्लाम की काल्पनिक महिमा प्रस्तुत करनी है। वह अपने मिशन पर बाहिजाब है। तीनों गैर मुस्लिम लड़कियाँ केवल उसका अगला शिकार हैं, अंतिम नहीं।

इन लड़कियों को प्रेमजाल में फँसाकर ड्रग की लत लगाना अगला चरण है, जिसमें अब आसिफा के कुछ मुस्लिम युवा मित्र और परिजन भी जुड़ गए हैं। ड्रग की चपेट में लाने के बाद आकर्षक गंगा-जमनी माहौल में उनके साथ शारीरिक संबंध बनाना और गर्भवती करना उनके लिए सरल है। ऐसा ही होता है। शालिनी और उसकी एक और सहेली इस दलदल में उतर जाती हैं। तीसरी नेमाह थोड़ा बचकर चलती है। वह ईसाई है।

गर्भवती शालिनी को एक दिन बताया जाता है कि उसका पार्टनर तो विदेश चला गया है। होने वाले बच्चे की खातिर उससे निकाह के लिए अब दूसरा पात्र सामने लाया जाता है। शालिनी की सहेली निकाह के लिए तैयार नहीं होती तो उसके अश्लील वीडियो पहले ही बनाकर रखे गए होते हैं, जो एक दिन इंटरनेट पर डाल दिए जाते हैं। वह आत्महत्या करती है। शालिनी कोलंबो से अफगानिस्तान होकर सीरिया में इस्लामिक स्टेट के लड़ाकों में जुड़ने जा रहे अपने नए शौहर के साथ रास्ते में एक संतान को जन्म देती है। अभी उसे और धोखे और अपमान से गुजरना शेष है।

हर दृश्य प्रभावी ढँग से अगले दृश्य तक कहानी को लेकर जाता है। आप गहरे सन्नाटे से घिरे एक ऐसी कथा को परदे पर देखते हैं, जो हजारों लड़कियों ने अपने जीवन में भोगी और यह सदियों पहले गुलामों के बाजार में बेची गई लड़कियों की बहुत दूर की कहानियाँ नहीं हैं। यह अजमेर की उन बदकिस्मत स्कूली बच्चियों की दारुण कथा भी नहीं है, जिन्हें चालीस साल पहले संगठित गिरोह ने ऐसे ही जालों में फँसाकर जाने कब तक ब्लैकमेल किया था! गूगल और यूट्यूब पर उनकी सत्य कथाएँ देखिए कि वे कौन लोग थे?

अजमेर हो या केरल, वे लड़कियाँ आज भी कहीं न कहीं हैं। यह वर्तमान है और यह उनका भोगा हुआ सच है। वह सब आज भी बंद नहीं हुआ है। शालिनी का जीवन नष्ट करने वाला कथित मुस्लिम प्रेमी केरल में पिज्जा की दुकान चला रहा है। शालिनी उसका अंतिम शिकार नहीं ही होगी। वह आज भी शिकार पर हो सकता है! आसिफा अकेली नहीं होगी। हर शहर में सैकड़ों आसिफाएँ अपने काम पर लगी होंगी। एक ऐसे काम पर, जो अल्लाह ने ही उन्हें दिया है। एक ऐसा अल्लाह, जो उनके अनुसार सर्वश्रेष्ठ है, जिससे किसी भगवान की तुलना करना भी पाप है!

जब दूसरे मुस्लिम युवक के साथ गर्भवती शालिनी का निकाह हो रहा होता है तो उसकी बेबस माँ रोती-पड़ती वहाँ तक आती है। आसिफा उसे ढाँढस बँधाती है। कहती है-÷अब वह शालिनी नहीं है। वह फातिमा है। आप लौट जाइए। अल्लाह सब ठीक करेगा!


- विस्तृत पेज 8 पर


शिवराज कैबिनेट का बड़ा फैसला

# 11 लाख डिफाल्टर किसानों का ब्याज भरेगी सरकार

**भोपाल।** चुनावी साल के बीच शिवराज कैबिनेट ने आज बड़ा फैसला सुना दिया है. जी हां, आपको बता दे कि किसानों के लिए आज शिवराज कैबिनट में बड़े फैसले लिए गए है, जिसके तहत इसके तहत अब प्रदेश के 11 लाख 19 हजार किसानों के ऊपर बकाया 2123 करोड़ रूपये का ब्याज माफ होगा। ये ब्याज प्रदेश सरकार भरेगी। साथ ही अब किसानों के लिए गेंहू की खरीदी की तारीख 10 मई से बढ़ाकर 20 मई की गई है।

## मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई नारकोटिक्स समन्वय तंत्र की राज्य स्तरीय बैठक



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हमें नशा मुक्त मध्य प्रदेश बनाना है। नशे के कारोबार में लगे व्यक्ति सबसे घातक और खतरनाक अपराधी हैं। इनके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाए ।ऐसे व्यक्तियों की संपत्ति चिन्हित कर उन्हें जप्त किया जाए, नशे और उसके कारोबार पर नियंत्रण के लिए अद्यतन तकनीक का उपयोग किया जाए ,खुफिया तंत्र को सक्रिय और सुदृढ़ किया जाए तथा अन्य राज्यों में जारी बेस्ट प्रैक्टिसेज व नवा चारों को राज्य में लागू किया जाए। युवा वर्ग को जागरूक करने के लिए प्रदेश में व्यापक स्तर पर जन जागरण अभियान चलाया जाए। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्री परिषद की बैठक वंदे मातरम के गान के साथ आरंभ हुई।

कांग्रेस ने शुरु की नारी सम्मान योजना

# 5 माह बाद प्रदेश में क्रांग्रेस लहराईगी झंडा: कमलनाथ



गोविन्द चौरसिया

छिन्दवाड़ा। नारी स मान योजना का शुभारंभ करते हुए कमलनाथ ने कहा कि शिवराज जी चुनाव के 5 महीने बचे हैं 5 महीने बाद आपको जनता बड़े प्यार से विदा करेगी और कांग्रेसी झंडा लहराएंगे उन्होंने शिवराज पर आरोप लगाया कि उनके कार्यकाल में भ्रष्टाचार अत्याचार बढ़ा है बेरोजगारों को रोजगार मिलता है उन्होंने घोषणा की ज खदाने बंद हो चुकी है उनकी जमीन उनकी लीज निरस्त कर जनता को जमीन दी जाएगी किसानों का कर्ज माफ 100 में 100 यूनिट बिजली पुरानी पेंशन बहनों को 15 सो रुपए प्रतिमाह 100 और 500 में गैस सिलेंडर देने की घोषणा की इस कार्यक्रम में सांसद नकुल नाथ ,उनकी पत्नी श्रीमती प्रिया नाथ परासियाके विधायक सोहन बाल्मीकि एवं अन्य कांग्रेस के नेता भारी सं या में उपस्थित थे

# द केरल स्टोर रिलीज पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर, केरल हाईकोर्ट ने किया था इनकार

**नई दिल्ली।** सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित और अदा शर्मा अभिनीत फिल्म %द केरल स्टोरी% इस समय पूरे देश में चर्चा का विषय बनी हुई है। देश फिल्म की बदौलत एक बार फिर दो पक्षों में बंट गया है। जहां कुछ लोग इसका समर्थन कर रहे हैं, वहीं कुछ इसका पुरजोर विरोध। इस बीच अब %द केरल स्टोरी% फिल्म को लेकर चल रहा विवाद अब सुप्रीम कोर्ट की दहलीज तक पहुंच चुका है। दरअसल, केरल उच्च न्यायालय ने फिल्म की रिलीज रोकने को लेकर अंतरिम आदेश जारी किया था, जिसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई। सर्वोच्च न्यायालय ने सुनवाई के लिए इस मामले को 15 मई की लिस्टिंग में जगह दी है।

### सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को विवादास्पद फिल्म %द केरल स्टोरी% की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार करने वाले केरल उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश के खिलाफ एक अपील पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। शीर्ष अदालत ने मामले को 15 मई को सुनवाई का आदेश दिया है। पिछले हफ्ते, केरल उच्च न्यायालय ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

## यूपी में टैक्स फ्री, 12 मई को पूरी कैबिनेट के साथ फिल्म देखेंगे सीएम योगी

फिल्म 'द केरल स्टोरी' यूपी में टैक्स फ्री होगी। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद ट्वीट कर देखी। मुख्यमंत्री योगी 12 मई को पूरी कैबिनेट के साथ फिल्म देखेंगे।



फिल्म युवतियों को बहला-फुसलाकर धर्मांतरण कराए जाने की कहानी कहती है। फिल्म डायरेक्टर सुदिप्तो सेन के निर्देशन में बनी %द केरल स्टोरी% शालिनी, नीमा और गीतांजलि नाम की लड़कियों पर आधारित है, जो नर्स बनने का सपना लिए घर से दूर एक कॉलेज में आती हैं, जहां उनकी मुलाकात आसिफा से होती है।

# नारी सम्मान और महिला सशक्तिकरण के लिए वचनबद्ध कमलनाथ: सुरेश पचौरी




**भोपाल ।** कांग्रेस पार्टी हमेशा से नारी सम्मान एवं नारी सशक्तिकरण की पक्षधर रही है। महात्मा गांधीजी, पंडित जवाहरलाल नेहरू एवं श्रीमती इंदिरा गांधी ने नारी शिक्षा, नारी सुरक्षा व नारी सशक्तिकरण को प्रमुखता दी।

श्री राजीव गांधी जी ने स्थानीय निकायों एवं पंचायतों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा किया था, जिसे उनके बाद की कांग्रेस सरकार ने संविधान में 73 वां एवं 74वां संशोधन कर पूरा किया। श्रीमती सोनिया गांधी की पहल पर यूपीए सरकार ने खाद्य सुरक्षा कानून बनाया, जिसमें गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता एवं पौष्टिक आहार मिलने की व्यवस्था की गई।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में महिला नेतृत्व की प्रमुख भूमिका रही है। श्रीमती एनीबेसेन्ट, श्रीमती नलिनी सेन गुप्ता, श्रीमती सरोजनी नायडू, श्रीमती इंदिरा गांधी एवं श्रीमती सोनिया गांधी कांग्रेस अध्यक्ष पद पर रही हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाली केन्द्र की यूपीए सरकार ने महिलाओं के हक में अनेक योजनाएं शुरू की जैसे आईसीडीएस, सबला एवं उज्जवला योजना आदि। इसी प्रकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कई कानून जैसे दहेज निषेध कानून, घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा कानून और महिलाओं को यौन उत्पीड़न से बचाने हेतु कानून आदि बनाएं। इन सब योजनाओं व कानून के लिए पर्याप्त धन राशि की व्यवस्था यूपीए सरकार द्वारा की गई। यूपीए सरकार ने संसद में महिला आरक्षण विधेयक पेश किया परंतु 15 वीं लोकसभा भंग होने के कारण यह पारित नहीं हो पाया।

### महिला हितैषी कमलनाथ सरकार

- श्री कमलनाथजी के नेतृत्व में बनी मध्यप्रदेश की कांग्रेस सरकार ने महिला सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा के लिए कई योजनाएं लागू कीं। इस दौरान -
- मातृत्व वंदन योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देष में अव्वल रहा।
- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के खाते में 500 रूपये प्रतिमाह एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं के खाते में 250 रूपये प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि जमा की गई।
- कन्या विवाह के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की राशि दोगुनी की गई।
- विधवा पेंषन की राशि दोगुनी की गई।
- महिला अपराध की रोकथाम के लिए सख्ती से कदम उठाए गये, जिसके परिणाम स्वरूप महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों में कांग्रेस कार्यकाल में लगभग 10 प्रतिषत की कमी आई।

# संत नगर की 70 साल पुरानी मांग पूरी, इसी माह बन जाएगा हॉल

## विधायक रामेश्वर शर्मा ने पगड़ी रस्म हॉल निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन





**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम नगर के रहवासी लगभग 70 साल से अधिक समय से क्षेत्र में पगी रस्म हॉल की मांग कर रहे थे। 70 साल बाद सोमवार को क्षेत्र के विधायक रामेश्वर शर्मा ने क्षेत्रवासियों की इस बहुप्रतिक्षित मांग को पूरा करते हुए पगी रस्म हॉल एवं योगा सेंटर के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। वर्षों की मांग पर होने वाले इस भूमिपूजन कार्यक्रम में क्षेत्र के संतजन सहित, वरिष्ठ समाजसेवी, व्यापारिक संगठन आदि सैकों लोग सम्मिलित हुए। संत नगर के दीनदयाल उद्यान में बनने वाले पगी रस्म हॉल एवं योगा सेंटर का निर्माण 50 लाख की लागत से किया जाएगा। मई महीने के अंत तक हॉल का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। हॉल के निर्माण से पगी रस्म के साथ-साथ योग एवं एक दिवसीय सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजन भी इसी हॉल में किये जा सकेंगे।

**देश का अग्रणी मॉडल नगर बनेगा संत नगर:** पगी रस्म हॉल के भूमिपूजन के लिए संत नगर पहुंचे विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि आज संत नगर जिस तेजी से प्रगति कर रहा है उसे देखकर सब हैरान हैं। 60-70 साल पुरानी समस्याओं का निराकरण करते हुए लोगों की मांग पूरी हो रही हैं। विकास और तरक्की के साथ, व्यापारिक केन्द्र को केन्द्र में रखकर संत नगर में नागरिक सुविधा के आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। सकों, नालियों से लेकर प्रदेश के पहले एलिवेटेड डबल डेकर ब्रिज के निर्माण तक हर ओर संत नगर अपनी तरक्की की अनूठी मिसाल कायम कर रहा है। अब ये सिलसिला थमने वाला नहीं है। हमने संत हिरदाराम नगर के विकास का एक ऐसा ब्लूप्रिंट तैयार किया है जिसके माध्यम से हम इसे देश के सबसे अग्रणी मॉडल टाउन के रूप में विकसित करेंगे।

**राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा:** संत नगर में लगातार एक के बाद एक बे विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। शहीद हेमू कालाणी जी की प्रतिमा का अनावरण, रेल्वे फाटक थ्री ईएमई सेंटर पर ब्रिज का निर्माण, अंदरूनी सकों के साथ कई अति आवश्यक काम किए जा रहे। संत नगर के विकास के क्रम में निम्न कार्य और किये जाने है। राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। 450 करो से अमृत योजना के अंतर्गत सीवेज और पेयजल का नेटवर्क बिछाया जाएगा। शासकीय कॉलेज का निर्माण किया जाएगा। बैराग में एक्सीलेंस स्कूल बनाया जाएगा। प्रदेश का पहला एलिवेडेटेड डबल डेकर फ्लाइओवर का निर्माण किया जाएगा।

# अचारपुरा में निकली जगन्नाथ यात्रा



**भोपाल।** राजधानी के समीप स्थित ग्राम अचारपुरा में जगन्नाथ यात्रा निकाली गई। जनपद पंचायत सदस्य मोहन मीणा ने बताया कि ग्राम में करीब 400 वर्ष पुराना मंदिर है जहां पर हर वर्ष रामलीला का आयोजन किया जाता है एवं इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ यात्रा ग्राम भ्रमण पर निकलती है। मीणा समाज मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विक्रम मीणा ने बताया कि 75 वर्ष जगन्नाथ यात्रा निकाली जा रही है। इस अवसर पर 15 दिवसीय रामलीला का आयोजन भी किया जाता है एवं उसके साथ ही एक विशाल पशुधन मेला भी लगता है। वरिष्ठ समाजसेवी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि समाज के पूर्वजों द्वारा स्थापत्य मंदिर करीब 400 वर्ष पुराना है जिसमें मीणा समाज द्वारा 20 वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं आसपास के क्षेत्र से लोग सम्मिलित होते हैं मीणा समाज के पूर्व अध्यक्ष संतोष मीणा ने कहा कि यह उनके लिए गौरव की बात है कि उनके समाज द्वारा स्थापित इस मंदिर से प्रतिवर्ष जगन्नाथ यात्रा का आयोजन किया जाता है।

# सैंकड़ों महिलाओं ने भगवा पगड़ी धारण कर भारत माता की जयकारों के बीच देखी द केरला स्टोरी




**भोपाल।** सिंधु सेना के अध्यक्ष राकेश कुकरेजा द्वारा सैंकड़ों महिलाओं के साथ भारत टाकीज में द केरला स्टोरी मूवी देखी। इस अवसर पर सभी महिलाओं ने भगवा साफा पहन कर भगवा ध्वज लहराते हुए लव जेहाद के खिलाफ लड़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राकेश कुकरेजा ने बताया ब्रेनवॉश करके लड़कियों की ज़िंदगी को जहन्नुम बनाने के षड्यंत्र का खुलासा करती बेहद दर्दनाक कहानी है। हमारे द्वारा समय समय पर इस प्रकार के जनजागरण के कार्य करते रहते है, पहले भी ऐसी कई विशेष फिल्मों को स्पेशल स्क्रीनिंग करा कर बहनों एवं समाज को जाग्रत करने का कार्य करते आए है। इस अवसर पर नरेंद्र ठाकुर, आलोक भदौरिया, सुकांती ठाकुरिया, राजकुमारी डागोर, विष्णु राजपूत,शुभम श्रीवास, अजय प्रजापति, निक्की ठाकुर, प्रभात मालवीय, सिद्धार्थ अग्रवाल,चंदू यादव, सुनील नीलकंठ सहित सैंकड़ों महिलाएं उपस्थित थी।

# सेवा भारती संस्थापक विष्णु कुमार की स्मृति अंगदान, नेत्रदान और रक्तदान शिविर का आयोजन




**भोपाल।** सेवा भारती के संस्थापक स्व. विष्णु कुमार की स्मृति में सेवा भारती मध्य भारत द्वारा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय एवं हमीदिया अस्पताल के सहयोग से मातृछाया परिसर में हेमेटलॉजी विभाग के चिकित्सकों की उपस्तिथि में 35 लोगों ने रक्तदान किया, साथ ही नेत्र एवं अनाटॉमी विभाग के समक्ष 23 लोगों ने मृत्युपरांत नेत्रदान, देहदान के लिए फार्म भरा कार्यक्रम में संचालन करते हुए डॉ रामअवतार यादव ने स्व. विष्णु कुमार जी द्वारा समाज के लिए किये गये कार्य, उसके सामने आई चुनौतियों, कठिनाइयों एवं उनके साथ कार्य करने का अनुभव साझा किय। मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया कि स्व विष्णु कुमार कि स्मृति में प्रति वर्ष रक्तदान का कार्यक्रम कर याद करते हुए सेवा का संकल्प लेते है। कार्यक्रम में क्षेत्र सेवा प्रमुख प्रदीप खांडेकर, प्रांतीय अध्यक्ष गोपालकृष्ण गोदानी, प्रांतीय सचिव विमल त्यागी, उपाध्यक्ष और प्रांतीय स्वास्थ्य आयाम प्रमुख डॉ किरण शेजवार, डॉ. दिनेश शर्मा, राजन नायर, डॉ विमलेश, डॉ. राकेश एवं गांधी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सा टीम एवं उनके सहयोगी, हमीदिया अस्पताल टीम और पूर्णकालिकों का सम्मान भी किया।

# जनसेवा अभियान की तैयारियों में सभी विभागों से आवेदन लेना शुरू करें: कलेक्टर




भोपाल। कलेक्टर आशीष सिंह ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देश दिए है कि 10 मई से प्रदेश में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान 2.0 शुरू हो रहा है । सभी विभाग अपनी तैयारी पूर्ण कर ले और आवेदन लेने के लिए अभी से शुरुआत करें जिससे हितग्राहियों को समय पर जन लाभकारी योजना का लाभ उपलब्ध कराया जा सके। कलेक्टर आशीष सिंह ने आज टीएल बैठक में जन सेवा अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। अभियान में आमजन से जुड़ी समस्याओं का निराकरण और हितग्राहियों को शासन की योजना का लाभ प्राथमिकता के आधार दिया जाएगा।

बैठक में एडीएम श्री हरेंद्र नारायण सिंह, श्रीमती माया अवस्थी, एसडीएम अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के मुख्यमंत्री फ्लैग शिप योजनाओं के क्रियान्वन की लगातार मानिटंरगि रखें ताकि सभी कार्य तय पर पूरे किए जाएंगे। जन सेवा अभियान में शासन की योजनाओं से शेष रहे पात्र हितग्राहियों को अनिवार्यता देना है। इसके लिए घर घर सर्वे अभियान भी शुरू कराए।सिंह ने कहा कि हितग्राहीमूलक योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति पर नजर रखी जाए ताकि पात्र हितग्राहियों को बिना किसी परेशानी के योजनाओं का लाभ मिल सके। जनसेवा यात्रा 2.0 में अविवादित नामांतरण, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र भवन अनुज्ञा, वाहन पंजीयन जैसी 67 नागरिक सेवाएं प्रदान करने वाले कार्यालय में शिविर लगाकर आमजनों के प्रकरण निपटाएं जाएंगे।




# जूनियर रेडक्रास का एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यक्रम आयोजित

**भोपाल।** महापौर मालती राय के मुख्य आतिथ्य में विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर जूनियर रेडक्रास का क्षेत्रीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। महापौर श्रीमती राय ने इस दौरान रेडक्रास में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया। राजधानी भोपाल के समन्वय भवन में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्रीमती राय ने रेडक्रास द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की और जूनियर रेडक्रास को शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर मध्यप्रदेश रेडक्रास सोसाइटी के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक व बडी संख्या में जूनियर रेडक्रास मौजूद थे।

# ओपीएस की मांग के समर्थन में सांसद सिंह को ज्ञापन सौंपा



**भोपाल।** मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के नेतृत्व में एनपीएस धारक कर्मचारियों के लिए पुन- पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग को लेकर आज सतना सांसद गणेश सिंह को कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने ज्ञापन सौंपा।

मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि 2005 के बाद नियुक्त एनपीएस धारक 5 लाख कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना (ओ पी एस) का लाभ देने की मांग को लेकर पिछले एक माह से सांसदों एवं विधायकों को ज्ञापन सौंपने का अभियान कर्मचारी मंच द्वारा चलाया जा रहा है अब तक 10 सांसदों एवं 113 विधायकों को एनपीएस के स्थान पर पुनः पुरानी पेंशन योजना (ओ पी एस) लागू करने की मांग के समर्थन में ज्ञापन सौंपा जा चुका है सांसद विधायकों से मांग की गई है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को एनपीएस धारक 5 लाख कर्मचारियों के लिए पुनः पुरानी पेंशन योजना लागू करने का अनुशंसा पत्र लिखें जिससे प्रदेश के 5 लाख एनपीएस धारक कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिल सके जो उनका संवैधानिक अधिकार है और बुढ़ापे की लाठी है मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच द्वारा समस्त 29 सांसदों एवं 230 विधायकों को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है जिसमें मुख्यमंत्री एवं मंत्री भी शामिल है।

# 25 मई को फिर से यातायात के लिये शुरू होगा भारत टॉकीज ओवरब्रिज

भोपाल। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को राजधानी भोपाल के भारत टॉकीज ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। इसका विगत 2 माह से मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। मंत्री श्री सारंग ने निर्माण में लेट लतीफी को लेकर कार्यपालन यंत्री से नाराजगी व्यक्त की। अधिकारियों को 15 दिन की समय-सीमा निर्धारित करते हुए ब्रिज का मरम्मत कार्य निश्चित समयावधि में पूर्ण करवाने के निर्देश दिये। मंत्री सारंग ने ब्रिज के मरम्मत कार्य में देरी को लेकर नाराजगी जाहिर कर 15 दिन के भीतर कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने ब्रिज पर लोकार्पण दिनांक 25 मई को इंगित करता बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिये। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि लगभग 49 साल पुराने ब्रिज की मरम्मत आवश्यक थी। इसीलिये ओवर ब्रिज की मरम्मत की योजना बनाई गई। उन्होंने कहा कि ओवर ब्रिज में कुल 360 बेयरिंग थे, जिनमें से 320 को बदल दिया गया है। वहीं शेष 40 बेयरिंग 15 दिन के भीतर बदल दिये जायेंगे। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद बिटुमिन की डामर सड़क का निर्माण किया जायेगा। 25 मई को पुनः भारत टॉकीज ओवर ब्रिज पर यातायात शुरू कर दिया जायेगा। ब्रिज पर मरम्मत कार्य के चलते आवागमन के लिये नागरिकों को भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 अथवा भोपाल टॉकीज की ओर जाने के लिये लगभग 6 किलोमीटर घूम कर जाना पड़ रहा है। ब्रिज के पुनः शुरू हो जाने से प्रतिदिन करीब 2 लाख लोगों को फायदा होगा। मंत्री सारंग ने लगभग एक घंटे तक ब्रिज पर मरम्मत कार्य की गुणवत्ता के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर आयोजित की कार्यशाला

सांध्य प्रकाश संवाददाता
भोपाल




स्वच्छता एवं जल संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध डीके कॉटेज जन कल्याण समिति ने बावड़ि़या कला की कई सोसाइटीज में जाकर स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के लिए एक कार्यशाला आयोजित की जिसमें मूल मंत्र के रूप में मेरी कॉलोनी मेरा अभिमान को बताया गया इसके साथ ही सोसाइटीयों को को गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग देने तथा अन्य कचरे जैसे इलेक्ट्रॉनिक ,सेनेटरी पैड डायपर्स को अलग करके ही कचरा गाड़ी में डालने का प्रेरित किया गया, रेन वाटर हार्वेस्टिंग अपनाने, कालोनियों में पॉलीथिन का उपयोग प्रतिबंधित करने सिंगल यूज प्लास्टिक कतई ना यूज़ करने का संदेश दिया साथ ही कचरे के सैगरीगेशन को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई रहवासी समितियों के स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में जानकारी दें इस विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला गया कार्यक्रम में डीके कॉटेज की तरफ से अध्यक्ष डॉ तरुण सिंह चौहान ने इन मुद्दों पर प्रकाश डाला डॉ चौहान ने बताया कि हम बावड़िया कला की हर सोसायटी ओं में जाकर स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के विषय में यह कार्यशाला आयोजित रहेंगे इसमें उन्होंने विशेष मंत्र दिया है मेरी कॉलोनी मेरा अभिमान कॉलोनी को स्वच्छ बनाए रखना और पर्यावरण की रक्षा करते हुए पौधारोपण कर उनकी सेवा करने का एवं 3 आर के तहत रिड्यूस रीयूज रीसाइकिल का विचार प्रत्येक रहवासी के मन में जागृत करने के लिए ही कार्यशाला को आयोजित किया गया है।

# एम्स भोपाल के डायरेक्टर पेश करें शपथ-पत्र, या व्यक्तिगत रूप से रहें मौजूद : हाईकोर्ट

**भोपाल।** एम्स में 91 डॉक्टरों की नियुक्ति प्रक्रिया को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए एम्स भोपाल के डायरेक्टर को नियुक्ति के संबंध में शपथ-पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए हैं। शपथ-पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने आदेश जारी किए हैं। अगली सुनवाई 23 जून को होगी।

याचिकाकर्ता राकेश कुमार मिश्रा की तरफ से दायर याचिका में एम्स भोपाल में 91 पदों पर हुई प्राध्यापक, अतिरिक्त प्राध्यापक तथा सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति को चुनौती दी गई थी। याचिका में कहा गया था नियुक्ति के लिए जो मापदंड निर्धारित किए गए थे, उन्हें रिजल्ट आने से पहले बदल दिया गया। नियुक्ति के लिए पहले 50 अंक निर्धारित किए गए थे। रिजल्ट आने से पहले उसे 35 अंक कर दिया गया। अध्यापन पर शोध के लिए जो 15 अंक प्रदान किए जाने थे, उन्हें हटा दिया गया।

याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता एन एस रूपराह ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए बताया कि खेल प्रारंभ होने के बाद नियमों में बदलाव नहीं हो सकता है। याचिका की सुनवाई के बाद एकलपीठ ने उक्त आदेश जारी किए। याचिका पर अगली सुनवाई 23 जून को निर्धारित की गई है।

# अलीराजपुर से शुरू होगा मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान का दूसरा चरण

## आमजन से जुड़ी 67 प्रमुख सेवाओं और लंबित शिकायतों का निकाला जाएगा हल, मुख्यमंत्री ने की अभियान तैयारियों की समीक्षा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 10 मई को अलीराजपुर से मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 10 से 25 मई तक मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान संचालन का निर्णय लिया गया था। जिलों में इस संबंध में आवश्यक तैयारियाँ कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने आज रायसेन, सीहोर, देवास, धार, भोपाल, सीधी, उज्जैन, दतिया, खरगोन और ग्वालियर सहित विभिन्न जिलों के कलेक्टर्स से अभियान संबंधी तैयारियों की चर्चा की।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए पूर्व में संचालित अभियान सफल रहे हैं। अभियान के प्रथम चरण, विकास यात्राएँ और मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए किए गए पंजीयन का अभियान लोकप्रिय और सार्थक रहा है। राज्य सरकार का उद्देश्य यही है कि पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिले। उन्हें बिना लिए-दिए, समय पर बिना परेशानी के सेवा प्राप्त हो। जनता से जु?े कार्यों में गड़बड़ करने वालों को दंडित किया जाएगा। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि वे स्वयं ग्राम और शहरों में जाकर अभियान का जायजा लेंगे।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि जिलों के प्रभारी मंत्री भी जन सेवा अभियान में भागीदारी करेंगे। लंबित आवेदनों पर विभागों द्वारा समयबद्ध कार्यवाही होना चाहिए। नई प्राप्त शिकायतों को भी हल किया जाएगा। आम जनता को भटके बिना उनके द्वार पर सेवा देने के लिए कलेक्टर्स जिला स्तर पर आवश्यक रूपरेखा बना लें। जिलेवार स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप विश्लेषण भी किया जाए। आम जनता से जुड़ी 67 प्रमुख सेवाओं में प्रमुख रूप से जन्म मृत्यु प्रमाण-पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र, बँटवारा, अविवादित नामांत्रण, भवन अनुज्ञा, वाहनों का पंजीयन शामिल हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि जनता की समस्या का असल निराकरण होना चाहिए। यह कार्य सिर्फ कर्मकाण्ड नहीं होना चाहिए। अभियान में हुई कार्रवाई कलेक्टर्स की कर्मठता की परीक्षा भी है। अपने जिलों को समस्या विहीन बनाने का कार्य करें। वार्ड और ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाने की रूपरेखा निर्धारित कर ली जाए। नए आवेदन पत्रों पर भी कार्यवाही की जाए। इन प्रयासों से यह अभियान सार्थक होगा।

**भोपाल में 12 मई को गो-रक्षा सम्मेलन होगा:** मुख्यमंत्री चौहान ने समत्व भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा संबंधित कलेक्टर्स से बातचीत कर आगामी सप्ताह विभिन्न जिलों में हो रहे कार्यक्रमों की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। मख्यमंत्री चौहान ने 11 मई को मंदसौर जिले में महिला सम्मेलन और दाब युक्त सूक्ष्म वृहद परियोजना के भूमि-पूजन, 12मई को भोपाल के लालपरेड मैदान में गो-रक्षा संकल्प सम्मेलन और प्रदेश के सभी विकास खण्डों में 400 पशु एवं मवेशी एम्बुलेंस के लोकार्पण, 12 मई को ही सतना जिले के अमरपाटन और 13 मई को उमरिया जिलें में होने वाले महिला सम्मेलन संबंधी की जा रही तैयारियों की जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिए।

### मणिपुर से विद्यार्थियों को वायुयान से लाने के किये प्रबंध

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार मणिपुर में फँसे हुए मध्यप्रदेश के 24 छात्र-छात्राओं को मंगलवार को वायुयान से लाने के प्रबंध किये गये हैं। अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा ने बताया है कि मणिपुर के एनआईटी, ट्रिपल आईटी, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी और एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों को 9 मई को लाने के प्रबंध कर लिये गये हैं। विद्यार्थियों को अलाइंस एयर के विमान से इम्फाल से गुवाहाटी और फिर वहाँ से फ्लाइट से दिल्ली ले जाने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि दिल्ली से सभी 24 छात्र-छात्रा प्रदत्त फ्लाइट टिकिट से इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर आयेंगे।

# हत्या कर लाश जलाने वाले आरोपी को फांसी की सजा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

जनसम्पर्क अधिकारी भोपाल संभाग मनोज त्रिपाठी एवं मीडिया सेल प्रभारी दीपक बंसोड ने बताया कि आज 8 मई 2023 माननीय विशेष न्यायालय धर्मेन्द्र टाडा, सप्तम अपर सत्र न्यायाधीश के द्वारा आरोपी रजत सैनी को धारा 302, 201, 489क, 489ख, 489घ, भादवि में दोष सिद्ध पाते हुये आरोपी धारा 302 भादवि में मृत्युदण्ड, 489क, 489ख, 489घ, में पृथक-पृथक आजीवन कारावास एवं धारा 201 भादवि व धारा 489ग भादवि में 7-7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक दण्ड के लिए 1000रू का अर्थदण्ड के दण्ड से दण्डित किया गया। उक्त प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक वर्षा कटारे द्वारा पैरवी की गई है ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण:** 14 जुलाई 2022 लगभग खजूरी सडक थाने स्थित मकान नंबर 586 फंदा में एक व्यक्ति की अधजली लाश मिली जिसके चहरे पर अधजला कपडा बंधा था कपडे को हटा कर देखा तो वहीं पडोस में रहने वाले अमन दांगी की थी जिसकी पहचान उसके चचरे भाई भईयालाल दांगी ने की थी । उक्त मकान रजत सैनी द्वारा किराय पर लिया हुआ था आरोपी रजत सैनी को पहले राधवगढ गुना न्यायालय ने एक बच्चे के व्यपहरण के मामले में आजीवन कारावास व 50000रू के अर्थदण्ड के दण्ड से दण्डित किया था। आरोपी ग्वालियर के केन्द्रीय जेल में निरूद्ध होकर पैरोल पर बाहर आया था इसी दौरान आरोपी पुन- जेल जाने से बचने के लिए अपने आप का मृत साबित करने के लिए अमन दांगी को मार कर उसके चहरा जला दिया ताकि वह खुदको मरा साबित कर सकें। आरोपी के मेमोरेण्डम के आधार पर पुलिस ने पांचसौ-पांचसौ रूपये के 201 नकली नोट जप्त किये ।

उक्त मामलें में न्यायालय द्वारा 4 मई 2023 को आरोपी को दोषी पाया था और दण्ड के प्रश्न पर मामले को स्थगित रखा था तत्पश्चात न्यायालय के संज्ञान में आरोपी के पूर्व दोषसिद्धि के संबंध में तथ्य लाये गये एवं इस बावत् पूर्व दोषसिद्धि के निर्णय व आरोपी के केन्द्रिय जेल में उसके आचरण के संबंध में दस्तावेज प्राप्त कर माननीय न्यायालय के समक्षा पूर्व दोषसिद्धि के तथ्य प्रस्तुत कर साक्ष्य अभिलेख पर अंकित कराई गई। इस विशेष प्रयास के परिणामस्वरूप विधिक सिद्धांतों का पालन करते हुऐ नियमानुसार माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी रजत सैनी को धारा 302 भादवि में मृत्युदण्ड, 489क, 489ख, 489घ, में पृथक-पृथक आजीवन कारावास एवं धारा 201 भादवि व धारा 489ग भादवि में 7-7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक दण्ड के लिए 1000रू का अर्थदण्ड के दण्ड से दण्डित किया गया ।

# हरदा में 25 से 30 मई तक होगा श्रीअन्न एवं मूंग महोत्सव: पटेल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



कसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने बताया है कि हरदा में आगामी 25 से 30 मई तक श्री अन्न एवं मूंग महोत्सव होगा। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के संदर्भ में होने वाले इस महोत्सव में श्रीअन्न (मोटा अनाज) के साथ हरदा के हरियाले मोती अर्थात ग्रीष्मकालीन मूंग केन्द्र बिन्दु होंगे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि श्री अन्न के महत्व को प्रतिपादित किया जायेगा। इसके लिये श्री अन्न के संवर्धन एवं प्र-संस्करण संबंधी उत्पादों का प्रदर्शन होगा। आमजन को मोटे अनाज और इसके उत्पादों के प्रति जागरूक करने, मूल्य संवर्धन के लिये अद्यतन विकसित यंत्रों का प्रदर्शन, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कृषि अभियांत्रिकी संबंधी प्रसिद्ध कम्पनियों के उन्नत कृषि यंत्रों का प्रदर्शन किया जायेगा। महोत्सव में खाद, बीज और पौध-संरक्षण से संबंधित बहु-राष्ट्रीय कम्पनियों के अनुसंधानों से किसानों को रू-ब-रू कराने के साथ सैद्धांतिक प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। कृषि मंत्री ने कहा कि महोत्सव में फसलों में कीट व्याधि नियंत्रण के लिये अनुशंसित पौध-संरक्षण औषधियों का ड्रोन विधि से छि?काव के प्रदर्शन के साथ प्रशिक्षण भी होगा। महोत्सव में पृथक से ड्रोन प्रदर्शन झोन स्थापित किया जायेगा।

जैविक एवं प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में काम करने वाले किसानों, कृषक संगठनों द्वारा उत्पादित परम्परागत एवं नवीनतम किस्मों के बीजों का प्रदर्शन, प्राकृतिक एवं जैविक कृषि आदानों के निर्माण एवं उपयोग संबंधी लघु संगोष्ठियाँ होंगी। महोत्सव में देश के ख्यातनाम कृषि वैज्ञानिकों के साथ कृषकों का संवाद होगा, जिससे कृषक अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त कर सकेंगे। कृषि मंत्री श्री पटेल ने कहा कि महोत्सव में कृषि क्षेत्र में स्टार्ट-अप स्थापित कर उन्नति के नवीन सौपान पर अग्रसर प्रगतिशील कृषकों की लघु संगोष्ठियाँ भी होंगी। महोत्सव में क्षेत्र के किसान नवीनतम तकनीकों के साथ नये अनुसंधान और यंत्रों के उपयोग को सीख सकेंगे। उन्होंने बताया कि किसान उन्नत कृषि कर आर्थिक सशक्तिकरण के मार्ग पर अग्रसर होंगे।

### एमपी ट्रांसको ने चीचली में ऊर्जीकृत किया 160 एमव्हीए का पावर ट्रांसफार्मर

**भोपाल।** एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने अपने 220 के.व्ही. सबस्टेशन चीचली (गाडरवारा) में करीब 9 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से 160 एम.व्ही.ए क्षमता का एक अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस सफलता के लिए एम.पी. ट्रांसको के कार्मिकों को बधाई दी है। चीचली में इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से नरसिंहपुर जिले की पारेषण क्षमता को मजबूती मिली है। साथ ही इस ट्रांसफार्मर के स्थापित होने से नर्मदापुरम् जिले के 220 के.व्ही. सबस्टेशन पिपरिया को भी राहत मिलेगी।

अब वनखेड़ी और पोंडर 132 के.व्ही. सबस्टेशन और 220 के.व्ही. सबस्टेशन पिपरिया से नरसिंहपुर जिले में होने वाला विद्युत पारेषण नियंत्रित हो सकेगा तथा जरूरत प?ने पर नर्मदापुरम् जिले में चीचली सबस्टेशन से विद्युत प्रवाह संभव हो सकेगा। एमपी ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता पी.सी. निगम ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से 220 के.व्ही. सबस्टेशन नरसिंहपुर को राहत मिलेगी। यहाँ से नरसिंहपुर जिले के नरसिंहपुर, बरमान, करकबेल, करपगांव, गाडरवारा, सबस्टेशनों को विद्युत आपूर्ति होती है। अब 132 के.व्ही. सबस्टेशनों गाडरवारा, करपगांव, पलोहाब?ा, पोंढर, तेंदुखे?ा, बरमान को चीचली सबस्टेशन से उचित वोल्टेज पर विश्वसनीय गुणवत्तापूर्ण विद्युत सप्लाई मिल सकेगी।

# जैसीनगर में बागेश्वर धाम के पं. धीरेन्द्र शास्त्री की कथा 19 से 22 मई तक

## राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कलेक्टर, एसपी सहित अधिकारियों के साथ किया कथा स्थल का निरीक्षण

## कथा स्थल पर पेयजल, स्वास्थ्य सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश



**सागर।** बागेश्वर धाम पीठाधीश पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सुरखी विधानसभा क्षेत्र के जैसीनगर में 19 मई को भव्य कलश यात्रा तथा 20 से 22 मई तक आयोजित कथा का मध्यप्रदेश शासन के राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कलेक्टर दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी सहित अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ जैसीनगर पहुंचकर कथा स्थल का निरीक्षण किया। श्री राजपूत ने कहा कि कथा स्थल पर पेयजल, स्वास्थ्य, बिजली, फायर ब्रिगेड एवं सुरक्षा सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में अत्यंत आवश्यक पेयजल रहेगा जिसके लिए कथा स्थल के चारों तरफ पार्किंग स्थल पर एवं भोजन स्थल पर टैंकर रखे जायें जिसमें शुद्ध पेयजल उपलब्ध किया जाये उन्होंने कहा कि पानी के टैंकरों में टोटी लगायें। इसी तरह चारों तरफ फायर ब्रिगेड रखी जावें साथ में कथा स्थल पर अस्थाई चिकित्सालय तैयार कराएं एवं चिकित्सालय में डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, दवाईयां, एंबुलेंस के साथ 24 घंटे उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि डॉ पैरामेडिकल की ड्यूटी अलग-अलग समय में लगायें। उन्होंने कहा कि समुचित कथा स्थल पर सीसीटीवी कैमरे भी लगायें जिससे की समस्त प्रकार की गतिविधियों को कंट्रोल रूम में बैठकर देखा जा सके। उन्होंने कहा कि कथा स्थल के समीप प्रशासनिक एवं पुलिस का कंट्रोल रूम स्थापित करें साथ में पूरी कथा स्थल पर माइक स्पीकर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि कथा स्थल की 5 किलोमीटर की तैयारी में आने वाले कुंआ बावरियों पर फेंसिंग कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि कथा स्थल पर जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि कथा में लाखों लोग आयेंगे जिसको लेकर वाहनों के आवागमन के लिये विशेष रूप से योजनावद्ध तरीके से व्यवस्था की जाये ताकि हमारे धर्म प्रेमी बंधु कथा स्थल तक पहुंचने के लिये परेशान ना हो। श्री राजपूत ने कहा कि प्रशासन अपने स्तर से व्यवस्थायें करेगा इसके अलावा हमारे क्षेत्र के धर्मप्रेमी बंधु तथा हमारे क्षेत्र की समितियां पूरा सहयोग करेंगी।

कलेक्टर दीपक आर्य ने बताया कि कथा स्थल पर समस्त आवश्यक मूलभूत सुविधाएं आयोजन समिति के साथ मिलकर पूरी की जा रही है जो भी आवश्यक होगा उनको भी पूरा किया जाएगा उन्होंने बताया कि पानी, चिकित्सा व्यवस्था की विशेष व्यवस्था की जायेगी। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने बताया कि कथा स्थल पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा एवं ड्रोन कैमरा के माध्यम से निगरानी की जाएगी साथ में संपूर्ण कथा स्थल पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं उन्होंने बताया कि पार्किंग स्थल पर पुलिस व्यवस्था रहेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि कथा स्थल के चारों तरफ पार्किंग अलग-अलग बनाएं जिसमें मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर ट्राली, चार पहिया वाहन अलग-अलग पार्किंग में पार्क हो सकेंगे।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष रामबाबू राजपूत, धीरज सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष हरनाम सिंह, देवेंद्र पप्पू फुस्केले, साहब सिंह, अनिल श्रीवास्तव पीपरा, नरेंद्र सिंह, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, अनुविभागीय अधिकारी विजय डहेरिया, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शालिग्राम मिश्रा, एस.के. प्रजापति सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समस्त विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### बालाघाट में 20 मई को मनाया जायेगा अंतर्राष्ट्रीय मधुमक्खी दिवस

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय मधुमक्खी दिवस पर 20 मई को बालाघाट के राजा भोज कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम होगा। इस आयोजन में देश एवं विदेश के 500 प्रतिभागी शामिल होंगे। राष्ट्रीय कार्यक्रम में मधुमक्खी-पालन के क्षेत्र में उपयोग में आ रही नवीन तकनीकों की जानकारी किसानों को दी जायेगी। इस मौके पर प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। प्रदर्शनी में शहद और उसके उत्पादों को प्रदर्शित किया जायेगा। राष्ट्रीय आयोजन में राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड, राजा भोज कृषि महाविद्यालय बालाघाट और जिला प्रशासन सहयोग करेंगे। वर्ष 2022 में अंतर्राष्ट्रीय मधुमक्खी दिवस गुजरात में मनाया गया था। इस वर्ष मध्यप्रदेश में बालाघाट को आयोजन करने का सौभाग्य मिला है। सम्मेलन में 50 हजार किसानों के शामिल होने का अनुमान है। किसान सम्मेलन में प्रदेश में कृषि के क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में हासिल की गई उपलब्धियों की जानकारी किसानों को दी जायेगी।

# नवनियुक्त शिक्षकों को ट्रेंड करेंगे मास्टर-ट्रेनर



**भोपाल।** शिक्षक राष्ट्र के निर्माता हैं इसलिए उन्हें उसी अनुसार भूमिका निभानी होगी। पढ़ाने से पहले स्वयं गहन अध्ययन की आवश्यकता होती है। यह बात आयुक्त जनजातीय कार्य गोपाल चंद्र डाड ने आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में नव नियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिये नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स की 5 दिवसीय कार्यशाला में कही। आयुक्त डाड ने कहा कि अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए अच्छे प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। शिक्षकों को चाहिए कि वे शिक्षण कार्य में अपना सौ फीसदी देने का प्रयास करें। कार्यशाला में बड़वानी, उमरिया, मंडला, सिवनी, बालाघाट, श्योपुर, शहडोल, धार, खरगोन, छिंदवाड़ा, अनूपपुर, बैतूल, रतलाम, सिंगरौली, नर्मदापुरम, अलीराजपुर, बुरहानपुर, झाबुआ, सीधी और डिंडोरी जिले के मास्टर-ट्रेनर्स ने सहभागिता की। इस अवसर पर उपायुक्त सुधीर जैन और सहायक संचालक सुधांशु वर्मा उपस्थित रहे।

### राज्य मंत्री पटेल ने किया मेले का शुभारंभ

**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रामखेलावन पटेल ने कहा है कि मेले हमें संस्कृति और गौरव से जुड़ने का अवसर देते हैं। सतना मेला सर्वधर्म समभाव का प्रतीक भी है। राज्य मंत्री श्री पटेल रविवार को सतना मेले के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा कि रूटीन की जिंदगी से अलग हट कर मेले जीवन में आनंद और प्रसन्नता का संचार करते हैं। इससे हमारे जीवन में नई ऊर्जा का संचार होता है।

# गढ़ाकोटा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह योजना में 12 सौ जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे

## कन्यादान करने में आत्मशांति का अनुभव होता है: भार्गव

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



लोक निर्माण मंत्रीगोपाल भार्गव ने कहा है कि कन्यादान करने में आत्मशांति का अनुभव होता है। जब तक मैं जीवित हूँ तब तक धर्म पिता के रूप में आपके लिए कार्य करता रहूँगा। मंत्री भार्गव सोमवार को रहली विधानसभा क्षेत्र के गढ़ाकोटा में मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह/निकाह समारोह में शामिल हुए। समारोह में 1200 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। मंत्री भार्गव ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएँ दी।

मंत्री भार्गव ने कहा कि पहले कन्याओं का विवाह करने में पिता को रात में नींद नहीं आती थी, किंतु राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना प्रारंभ कर सभी कन्याओं के माता-पिता की चिंता दूर करने का कार्य किया है। योजना में सरकार द्वारा कन्या को 49 हजार रूपये का चेक दिया जाता है। इससे वे अपने नए परिवार में जाकर मर्जी से सुविधानुसार गृहस्थी का सामान खरीद सकेंगी। एक समय ऐसा था जब गरीब परिवार कर्ज में डूबे रहते थे, अपनी जमीन गिरवी रख कर बेटियों का विवाह करते थे। आज सभी गरीब बेटियों की शादी राज्य सरकार करवा रही है। मंत्री भार्गव ने कहा कि इस पुण्य विवाह समारोह में 1200 जो?ों ने दांपत्य जीवन में बंध कर एक-दूसरे का जीवन भर साथ निभाने के लिए सात फेरे लेकर कसमें खाई हैं। समारोह में 23 मुस्लिम जो?ों के निकाह भी सपन्न हुए हैं, जो सामाजिक समरसता की मिसाल है। रहली विधानसभा क्षेत्र के जिन लोगों की इस विवाह समारोह में शादी नहीं हो पाई है, उन ल?के-ल?कियों के लिए स्पेशल कन्यादान समारोह 17 दिसंबर 2023 को अगहन, शुक्ल पंचमी राम जानकी विवाह उत्सव के दिन किया जाएगा। इस विशेष कन्यादान समारोह में मेरे द्वारा 101 कन्याओं का कन्यादान लिया जाएगा। इसमें शामिल होने के लिए पंजीयन फार्म 23 नवम्बर देवउठनी एकादशी, भगवान शालिग्राम एवं माता तुलसी विवाह के दिन से वितरित होंगे।

सामूहिक विवाह समारोह में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना की राशि 49 हजार रूपये के साथ ही वर-वधू को उपहार रूप में मंत्री भार्गव के सौजन्य से पलंग, सोफा, फ्रिज, वाशिंग मशीन, स्टील की अलमारी, ब्रांडेड एलईडी आदि सामग्री प्रदान की जा रही है।

# कुर्सी की दावेदारी में गहलोत की राजनीतिक जादूगरी

– ललित गर्ग–

राजनीतिक दांवपेच में महारथ हासिल अशोक गहलोत ने धौलपुर की एक सभा में अपनी राजनीतिक जादूगरी का करिश्मा दिखाते हुए न केवल सचिन पायलेट को पटकनी दी है बल्कि वसुंधरा राजे सिंधिया की प्रशंसा करते हुए उन्हें भी चीत कर दिया है। अपने एक ही तीर से उन्होंने राजस्थान की भावी राजनीति की फिजां बदलते हुए न केवल अपने प्रतिद्वंद्वी सचिन पायलेट के राजनीति जीवन पर अंधेरा बिखेर दिया है, बल्कि राजस्थान की दूसरी कद्दावर नेता वसुंधरा के आगामी विधानसभा चुनाव में नेतृत्व को धुंधला दिया है, इस तरह करिश्माई नेता गहलोत ने आगामी विधानसभा में अपने लिये रास्ता निष्कंटक बना लिया है। कांग्रेस के सबसे बड़े रणनीतिकार माने जाने वाले अशोक गहलोत ने सचिन पायलट का राजस्थान का मुख्यमंत्री बनने का सपना ही नहीं तोड़ा है बल्कि कांग्रेस आलकमान को उनकी पार्टी निष्ठा पर सोचने को मजबूर कर दिया है। अशोक गहलोत राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी हैं। वे पायलेट को मुख्यमंत्री बनने से रोकने एवं आगामी चुनाव में अपनी जीत को सुनिश्चित करने के लिये कुछ भी कर सकते हैं कि संभावनाओं को उन्होंने आखिर अंजाम दे ही दिया। कुछ साल पहले एक इंटरव्यू में अशोक गहलोत ने कहा था, 'अगर मैंने कभी राजनीति में एंट्री नहीं की होती तो मैं जादूगर होता। मुझे हमेशा सामाजिक कार्य और जादू के गुर सीखना पसंद था। भविष्य में मुझे जादूगर बनने का मौका नहीं मिल सकता है, लेकिन जादू अभी भी मेरी आत्मा में है। इस प्रकार उन्हें अक्सर कांग्रेस के हलकों में 'जादूगर' कहा जाता है और इसी जादूगरी से उन्होंने अनेक बार राजनीति के चाणक्य होने का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

गहलोत ने रविवार को दावा किया कि 2020 में जब पायलेट के द्वारा उनकी सरकार को गिराने की साजिश हुई, तब पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता वसुंधरा राजे ने उनका साथ दिया था। उनकी मदद की बदौलत ही वह साजिश नाकाम की जा सकी थी। गहलोत के मुताबिक, तब सरकार गिराने के लिए कांग्रेस विधायकों के बीच पैसे भी बांटे गए थे। चूंकि सरकार गिराई नहीं जा सकी, इसलिए उन्होंने अपने विधायकों से कहा कि वे पैसे वापस कर दें, लेकिन 'जिन्होंने पैसे दिए वे, पता नहीं क्यों वापस ले ही नहीं रहे।' इस पूरे मामले पर गौर करें तो कई गंभीर सवाल उभरते हैं। अव्वल तो गहलोत ने जो बात नहीं कही, वह यह कि सरकार गिराने की उस कथित साजिश में प्रत्यक्ष भूमिका सचिन पायलट की थी, जो उनकी अपनी पार्टी के हैं। दूसरी बात यह कि अगर खुद गहलोत के कहे मुताबिक उनकी अपनी पार्टी के विधायकों ने पैसे स्वीकार किए तो बतौर मुख्यमंत्री उनका दायित्व बनता था और बनता है कि उन विधायकों के खिलाफ पुलिस में शिकायत क्यों नहीं दर्ज कराई गयी। जबकि यह सामान्य-सी बात है कि कानूनन रिश्वत देना और लेना दोनों अपराध है। भाजपा ने ऐसी मांग भी की है। लेकिन इन कानूनी पहलुओं से अलग शुद्ध राजनीतिक नजरिए से देखा जाए तो संसदीय लोकतंत्र में विभिन्न पार्टियों के बीच की रस्साकशी कई बार किस तरह के नाटकीय दृश्य उपस्थित कर देती है, उसका यह एक दिलचस्प उदाहरण है। सभी राजनीतिक मूल्यों एवं नैतिकता को किनारे करते हुए गहलोत ने उस घटना का अभी प्रकटीकरण करके आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी दावेदारी को पुष्ट किया है।

राजनीति को लेकर ढेरों मुहावरे बन चुके हैं- राजनीति बदमाशों की अंतिम शरणस्थली है, राजनीति में नीति जैसी किसी स्थिति की कोई जगह नहीं है, प्यार, युद्ध और राजनीति में सब कुछ जायज है, राजनीति में कोई स्थायी मित्र या कोई स्थायी शत्रु नहीं होता, राजनीति अवसर भुनाने की कला है, राजनीति असंभव को साधने की कला है, आदि-आदि। और यह एक रोचक स्थिति है कि राजस्थान ने इन और ऐसे सारे मुहावरों की हकीकत की बानगी किसी न किसी रूप में देख ली है। प्रांत में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार बनती है या नहीं, यह आगामी विधानसभा चुनाव के नतीजों से ही पता चलेगा, लेकिन उससे पूर्व जिस तरह के राजनीतिक समीकरण बन-बिगड़ रहे हैं, जिस तरह की बयानबाजी हो रही है, जिस तरह के दांवपेच सामने आ रहे हैं, उस सबसे हमारी राजनीति का अवसरवादी चेहरा जरूर अलग-अलग रूपों में सामने आ रहा है। ऐसा नहीं कि पहले हमारी राजनीति के विरोधाभासी समीकरण कभी सामने नहीं आए, लेकिन जिस रूप में सामने आ रहे हैं, वह अपने आप में हमारी राजनीति को परिभाषित कर रहे हैं।

# विदेश नीति में विरोधाभास

डॉ.ब्रह्मदीप अलूने

शांति संरक्षण कूटनीति का उद्देश्य है जबकि युद्द कूटनीति का अंत। यदि कोई राष्ट्र कूटनीति को प्रयोग में नहीं लाना चाहता तो राष्टीय हितों की अभिवृद्धि के लिए उसके पास युद्द के अतिरिक्त और कोई विकल्प नहीं बचता। पाकिस्तान की भारत के प्रति युद्धक नीति कई दशकों चली आ रही है,वहीं एक लोकतांत्रिक देश होने के नाते भारत ने नियन्त्रण और संतुलन की नीति पर चलते हुए बातचीत की संभावनाओं को भी जीवित रखा। इसका फायदा भारत को वैश्विक मंचों पर मिलता रहा और भारत की छवि जिम्मेदार और शांतिप्रिय देश की बनी रही। हालांकि वर्तमान विदेशमंत्री जयशंकर ने भारत की परम्परागत नीति को पीछे छोड़ते हुए ऐसा लगता है कि पाकिस्तान की युद्द नीति को व्यवहार और नीतिगत तौर पर स्वीकार कर लिया है। विदेशमंत्री विभिन्न वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान को लेकर बेहद आक्रामक भाषा का इस्तेमाल करने लगे है। यह ठीक वैसा ही है जिस नीति पर पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक चलते रहे है।

कूटनीतिक भाषा में इसे यथास्थितिवाद की विचारधारा कहते है जिसमें अपने व्यवहार को किसी विचारधारा के आवरण में नहीं छिपाया जाता। सैन्य शासन से अभिशिप्त पाकिस्तान और उदार लोकतंत्र भारत की वैदेशिक नीति में किसी भी प्रकार की समानता,विचारधारा की दृष्टि से अप्रत्याशित होकर भारत की वैश्विक छवि के लिए चुनौतीपूर्ण दिखाई पड़ती है। वहीं पाकिस्तान के मुकाबलें चीन से भारत के सम्बन्ध कहीं ज्यादा जटिल और चुनौतीपूर्ण होने के बाद भी उससे द्विपक्षीय वार्ताओं का दौर निर्बाध चलना भारत की विदेश नीति में अस्पष्टता और विरोधाभास को दिखाता है।

एससीओकी बैठक अपने उद्देश्यों से ज्यादा भारत के विदेश मंत्री और पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टों के बयानों और आपसी व्यवहार को लेकर चर्चा में है। इससे दोनों पड़ोसियों के बीच सम्बन्धों का ठहराव खत्म होने की जो संभावना जताई जा रही थी,वह असफल साबित हुई। बिलावल भूट्टों ने कश्मीर को लेकर पाकिस्तान की नीति को जायज़ ठहराने के लिए भारत यात्रा का इस्तेमाल किया,वहीं भारतीय विदेश मंत्री ने पाक विदेश मंत्री को आतंक की इंडस्ट्री का प्रवक्ता और उसे बढ़ावा देने वाला कहा।

पाकिस्तान को लेकर भारत की सख्त नीति का समर्थन किया जा सकता है लेकिन चीन से लेकर भारत की नीति इसका दूसरा रूप प्रस्तुत करती है। चीन भारत से लगने वाली सीमा को वैधानिक नहीं मानता वहीं वह भारत की सम्प्रभुता को निशाना बनाने का कोई अवसर नहीं छोड़ता। जी-20 की बैठक का भारत में श्रीनगर में करने का ऐलान किया तो पाकिस्तान के साथ चीन ने इस पर आपत्ति जताई। चीन ने अरुणाचल प्रदेश में हुई जी-20 की बैठक के जवाब में इस राज्य की 11 जगहों के नए नाम रख दिए। चीन अरुणाचल प्रदेश अपना अवैधानिक दावा जताता है। अरुणाचल प्रदेश के तवांग में दोनों देशों के सैनिकों के बीच 9 दिसंबर 2022 को झड़प हुई थी। भारत और चीन सीमा पर वर्तमान हालात बेहद तनावपूर्ण है और ऐसा कई दशकों की शांति के बाद हो रहा है। 1975 के बाद से दोनों देशों के सैनिकों के बीच 2020 में पूर्वी लद्दाख के गलवान में एक ख़ूनी झड़प हुई थी,इसमें बीस भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। इसके बाद चीन ने पूर्वी लद्दाख़ की पैंगोंग त्सो झील में अपनी गश्ती नौकाओं की तैनाती बढ़ाया। ये इलाक़ा लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास है।

इस समय वास्तविक नियंत्रण रेखा पर दोनों देश अपने सैनिकों की मौजूदगी बढ़ा रहे हैं। सीमा पर तनाव चरम पर होने के बाद भी भारत और चीन ने सीमा समस्या के समाधान की रूपरेखा तैयार करने के लिए अपना-अपना विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किया है तथा इनके बीच कई दौर की वार्ताएं हो चुकी हैं। चीनी रक्षा मंत्री ली शांगफ़ू शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए भारत पहुंचे। ली शांगफ़ू को चीनी सेना के आधुनिकीकरण और उन्नत सैन्य तकनीकों को विकसित करने के चीन की कोशिशों से जुड़ा एक प्रमुख व्यक्ति माना जाता है। 2018 में अमेरिका ने उन्हें और उनके विभाग पर कथित तौर पर रूस से उन्नत सैन्य उपकरण ख़रीदने के कारण प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद भी उन्हें भारत आने की अनुमति दे दी गई। ली शांगफ़ू और भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच बातचीत हुई जिससे यह संदेश दिया गया कि बीजिंग और नई दिल्ली दोनों ही हर प्रकार के संकट के समाधान के लिए सैन्य और राजनयिक चैनल खुले रखने को तैयार हैं। भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष किन गैंग के साथ बैठक की। यह चर्चा लंबित मुद्दों को हल करने और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और शांति सुनिश्चित करने पर केंद्रित थी।

एससीओ को लेकर चीन की आर्थिक और सामरिक महत्वाकांक्षाएं है। चीन वन बेल्ट वन रोड़ परियोजना से दुनिया भर में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है और भारत को छोड़कर एससीओ के बाकि सभी सदस्य चीन की इस रणनीतिक योजना से जुड़े हुए है। चीन भारत से सीमा विवाद को बनाएं रखते हुए भी आर्थिक गतिविधियों को न रुकने देने के लिए प्रतिबद्ध नजर आता है।

शंघाई सहयोग संगठन का गोवा में आयोजन बेहद प्रतिष्ठापूर्ण था जिसमें भारत,पाकिस्तान के सिवाय चीन,रूस,कजाकिस्तान,किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्री शामिल हुए। एससीओ एक बहुपक्षीय संगठन है जिसके उद्देश्य सदस्य देशों के मध्य परस्पर विश्वास तथा सद्भाव को मज़बूत करना,क्षेत्र में शांति,सुरक्षा व स्थिरता बनाए रखना तथा सुनिश्चिता प्रदान करना तथा एक लोकतांत्रिक,निष्पक्ष एवं तर्कसंगत नव-अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक व आर्थिक व्यवस्था की स्थापना करना है। इसके अतिरिक्त एससीओ के कुछ मार्गदर्शक सिद्धांत में पारस्परिक विश्वास,आपसी लाभ,समानता,आपसी परामर्श,सांस्कृतिक विविधता के लिए सम्मान तथा सामान्य विकास की अवधारणा पर आधारित आंतरिक नीति तथा गुटनिरपेक्षता,किसी तीसरे देश को लक्ष्य न करना तथा उदार नीति पर आधारित बाह्य नीति शामिल है।

शंघाई सहयोग संगठन के उद्देश्यों के विपरीत व्यवहार करने के बाद भी चीन इसकी सफलता के लिये तत्पर रहता है। यह चीन की बहुउद्देशीय कूटनीति को दिखाता है। वहीं भारत दक्षेस से पड़ोसी देशों से संबंध मजबूत रखने की योजना से दूर होता जा रहा है। भारत के विदेश मंत्री ने साफ किया कि पाकिस्तान से बातचीत जैसी कोई स्थिति नहीं बन रही है तथा जब तक आतंक की घटनाएं कम नहीं होती तब तक बातचीत नहीं हो सकती।

दक्षिण एशिया की बात की जाएं तो भारत इस क्षेत्र का सबसे बड़ा देश है। इस इलाके की सांस्कृतिक विविधता भारत के हितों की रक्षा करने में समर्थ है। लेकिन चीन भारत के प्रभुत्व को तोड़ने की भरसक कोशिश कर रहा है। डोकलाम का विवाद होने के बाद चीन ने मुहिम चलाई कि वो भूटान से संपर्क करे और सीमा के बारे में बात करे। अब भूटान और चीन के बीच कई समझौते भारत की पूर्वोत्तर की सुरक्षा के लिए संकट बन सकते है। पाकिस्तान,श्रीलंका,मालद्वीप, नेपाल, अफगानिस्तान,बांग्लादेश और म्यांमार जैसे देशों पर चीन का आर्थिक प्रभाव भारत से कहीं ज्यादा है और सामरिक रूप से चीन भारत पर बढ़त हासिल करने की ओर अग्रसर है। चीन की यह रणनीति है कि भारत को उसके पड़ोसी देशों से दूर कर दिया जाए और आपसी संबंधों को बाधित कर दिया जाएं। चीन की साम्राज्यवादी तथा सामरिक नीतियां भारत के लिए पाकिस्तान से कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण है,यह समझने की जरूरत है।

# ग्लोबल वार्मिंग : गर्मी में सर्दी का अहसास

-राकेश दुबे

आधा मई गुजरने को है, मध्यप्रदेश में इस बार गर्मी जैसी गर्मी नहीं पड़ी। अभी अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे है। आने वाले सप्ताह में भी यह तापमान बहुत ज्यादा नहीं चढ़ेगा। 7 से 9 मई के बीच बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान 'मोचा' उठेगा। जिससे अगले 4 दिन मध्यप्रदेश में बारिश और आंधी का पूर्वानुमान है। प्रदेश के कुछ जिलों में कहीं-कहीं बूंदाबांदी और गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने या चमकने की संभावना भी है। मौसम विभाग ने अलर्ट भी जारी किया है।

इस माह की शुरुआत में जब पूरा देश लू की चपेट में होता है उस समय मौसम के ये रंग ग्लोबल वार्मिंग संकट की है। कहने को यह मौसम पश्चिमी विक्षोभ की देन है, लेकिन सवाल यह है कि समुद्र के मिजाज में यह परिवर्तन क्यों आ रहा है? बताया जा रहा है कि दस मई तक किसी भी इलाके में गरम लहरें नहीं महसूस होंगी। तमाम इलाकों में बारिश व ओलावृष्टि तथा पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हैरत में डाल रही है।

कमोबेश देश के अधिकांश भागों में मौसम के मिजाज में यह तीव्र बदलाव महसूस किया गया है। दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में कल सुबह धुंध जैसी स्थिति नजर आई है। लोग भले ही इस मौसम को सुहावना बता रहे हों, लेकिन किसान अभी खेतों में खड़ी फसल को पूरी तरह काट नहीं पाये हैं। यदि अन्न बर्बाद होता है तो हमारी खाद्य शृंखला भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकेगी। महंगाई की मार से हमें दो-चार होना पड़ेगा। यही वजह है कि किसान के माथे पर भी चिंता की लकीरें हैं। मई के महीने में जब फरवरी-मार्च के मौसम का अहसास होने लगे तो इसे खतरे की घंटी के तौर पर देखा जाना चाहिए।

जब देश के विभिन्न भागों में भीषण गर्मी पड़ती है और तापमान पचास डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचता है। इस समय सूर्य पूरे ताप के साथ नजर आता है। हालांकि, अप्रैल में कुछ समय भरपूर गर्मी रही लेकिन बाद में माह के अंत और मई की शुरुआत में तापमान अचानक बदल गया। यह स्थिति सिर्फ उत्तर भारत में ही हो, ऐसा भी नहीं है। इसका प्रभाव दक्षिणी, पश्चिम, मध्य व पूर्वी भारत में भी नजर आ रहा है। यहां तक कि कई इलाकों में तापमान में दस डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई।

मौसम के मिजाज में आये इस अप्रत्याशित बदलाव को देखकर लोग हैरत में हैं कि क्या वाकई ये मई का महीना है? क्या गर्मी आएगी भी? दरअसल, जिस समुद्री व्यवहार में बदलाव को इस मौसम की वजह बताया जा रहा है, उसके निकट भविष्य में फिर दोहराये जाने की बात भी कही जा रही है। कमोबेश भारत ही नहीं, पूरे यूरोप भी में मौसम की ऐसी तल्खी नजर आ रही है। तमाम यूरोपीय देशों में तापमान के रिकॉर्ड टूट रहे हैं।

यह कटु सत्य है कि जब भारत में ठंड का अहसास हो रहा है तो पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है। वहीं दक्षिण भारत में तेज बारिश से तापमान में गिरावट आई है। सभी राज्यों में मई में रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई है। पूर्वोत्तर भारत में ऐसी ही स्थिति है। भविष्य में कई राज्यों में तूफान व बारिश की भविष्यवाणी की जा रही है। कुछ लोग पाकिस्तान की तरफ से अरब सागर के जरिये उठने वाले वातावरणीय दबाव को बारिश व तूफान का कारण बता रहे हैं। जिसके चलते मौसम के रोज नये रिकॉर्ड बन रहे हैं। वैज्ञानिक अनुसंधान में जुटे हैं कि किस वजह से इस साल फरवरी के महीने में अप्रत्याशित गर्मी पड़ी थी। बताते हैं कि पिछली पूरी सदी में भी पृथ्वी फरवरी में कभी इतनी गर्म नहीं रही।

वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस साल अभी नौ बार पश्चिमी विक्षोभ का असर नजर आयेगा। जिसकी वजह से बार-बार मौसम में बदलाव महसूस होंगे। आखिर क्या वजह है कि जब भारत में तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है तो यूरोप, कनाडा व उत्तरी एशिया में तापमान में लगातार वृद्धि महसूस की जा रही है। ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव देखिये कि एक समय में कहीं बाढ़ तो कहीं सूखे की स्थिति है। कहीं गर्मी में सर्दी का अहसास हो रहा है तो कहीं ठंडे इलाकों में लगातार गर्मी बढ़ रही है। सबसे बड़ा डर इस बात का है कि भारत में ग्लेशियरों पर पिघलने का खतरा बढ़ता जा रहा है। जिसका स्थायी प्रभाव भारतीय मौसम पर नजर आ सकता है।

# राज-काज: भाजपा-कांग्रेस में दिखेगा यह अजीब संयोग

दिनेश निगम 'त्यागी'



राजनीति भी अजीब है। पहले कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे कैलाशवासी माधवराव सिंधिया के पुत्र ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए थे, अब भाजपा के संस्थापक सदस्य पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कैलाश जोशी के बेटे दीपक जोशी कांग्रेस के हाथ के साथ हो लिए। मध्यप्रदेश में यह भी अजीब संयोग होगा कि सिंधिया के भाजपा में जाने के बाद माधवराव सिंधिया को भाजपा कार्यालय में जगह मिलने लगी है और इधर दीपक के आने के बाद कांग्रेस कार्यालय में गांधी-नेहरू परिवार के बीच कैलाश जोशी होंगे।

जिस तरह जन्म दिन और पुण्यतिथि पर माधवराव भाजपा और कांग्रेस में याद किए जाते हैं, अब उसी तरह दोनों दलों में कैलाश जोशी भी याद किए जाएंगे। ज्योतिरादित्य ने कांग्रेस छोड़ी थी तो पार्टी की सरकार भी चली गई थी, दीपक जोशी के आने के बाद भाजपा को कितना नुकसान होता है, यह समय बताएगा। क्योंकि जैसा समर्थन ज्योतिरादित्य के साथ है, दीपक जोशी के साथ नहीं है। ज्योतिरादित्य अपने समर्थक 19 विधायकों के साथ कांग्रेस में आए थे लेकिन दीपक जोशी के साथ कोई विधायक नहीं आया। साथ में जोशी के समर्थकों ने जरूर कांग्रेस ज्वाइन की है। दीपक जोशी की पूंजी सिर्फयह है कि वे राजनीति के संत कैलाश जोशी के बेटे हैं और खुद उन पर भी अब तक कोई दाग नहीं है।

## भाजपा को उसी की शैली में जवाब देने की तैयारी

राजनीति में 'कभी नाव पानी में होती है तो कभी पानी नाव में।' अब तक कांग्रेस का हर असंतुष्ट नेता भाजपा में जाने की तैयारी में रहता था, अब आबोहवा उलटी बहती दिख रही है। छत्तीसगढ़ में वरिष्ठ आदिवासी नेता नंदकुमार साय कांग्रेस में क्या गए, हर तरफ भाजपा को छोड़ कांग्रेस में जाने वाले नेताओं की चर्चा ने जोर पकड़ लिया। कांग्रेस भी भाजपा को उसी की शैली में जवाब देने की फिराक में है। फिलहाल पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कैलाश जोशी के बेटे पूर्व मंत्री दीपक जोशी ने भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थाम लिया है, लेकिन कांग्रेस की तरकश में एक अकेला दीपक नहीं हैं, अन्य कई तीर भी हैं। भाजपा को उसके कई अन्य नेता तेवर दिखा रहे हैं। ये सभी बड़े नेता हैं। जैसे, प्रसिद्ध कवि इंदौर के सत्यनारायण सत्तन अपनी ही पार्टी के खिलाफ मुखर हैं। अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक भवर सिंह शेखावत ने बागी तेवर अख्तियार कर रखे हैं। उधर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के भांजे पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा ने भी खुलकर नाराजगी जाहिर कर दी है। वरिष्ठ नेता रघुनंदन शर्मा लगातार नसीहत दे रहे हैं। इसीलिए कांग्रेस भाजपा को उसी की तर्ज पर मात देने की तैयारी में है। भाजपा ने कांग्रेस के विधायक तोड़कर सरकार बनाई थी, अब कांग्रेस भाजपा के नेता तोड़कर उसे पवेलियन लौटना चाहती है।



## दिग्गजों को चुनौती देने ताल ठोंक रहे ये दमदारज.

भाजपा के कुछ दिग्गजों की विधानसभा सीटें कांग्रेस के निशाने पर हैं। कांग्रेस के लिए कमजोर मानी जाने वाली इन सीटों की जवाबदारी वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के कंधों पर है। इसके साथ मुकाबले के लिए कुछ दमदार चेहरे अभी से ताल ठोंक रहे हैं। दतिया में नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ भाजपा के ही अवधेश नायक के नाम की चर्चा है। भोपाल के नरेला में विश्वास सारंग के खिलाफ मनोज शुक्ला ने दिन-रात एक कर रखा है। सुरखी में गोविंद राजपूत के खिलाफ भाजपा के ही राज कुमार धनौरा ने झंडा उठा रखा है। विजयराघौगढ़ में संजय पाठक के खिलाफ नीरज बघेल ताल ठोंक रहे हैं। सब योजना के मुताबिक चला तो बदनावर में राजवर्धन सिंह दत्तीगांव के मुकाबले भाजपा के भंवर सिंह शेखावत कांग्रेस उम्मीदवार हो सकते हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ दीपक जोशी ने चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उनके खास भूपेंद्र सिंह के खिलाफ भी दमदार चेहरा उतारने की तैयारी है। कांग्रेस के कई दावेदार लंबे समय से ऐसी मेहनत कर रहे हैं, जैसे उनका टिकट पक्का है। जय-पराजय अपनी जगह है लेकिन तैयारी से साफ है कि चुनाव में दिग्गजों की सीटों में भी मुकाबला रोचक होगा। कांग्रेस इस बार भाजपा नेताओं को पार्टी में शामिल कर यह वातावरण बनाने की कोशिश में है कि कांग्रेस फिर सत्ता में आने वाली है।

## कांग्रेस नहीं, इस बार भाजपा में होगी दिल्ली दौड़!

विधानसभा चुनाव के लिए इस बार उलटी बयार चलती दिख रही है। आमतौर पर हर चुनाव में कांग्रेस की टिकट के दावेदार हफ्तों-महीनों दिल्ली में डेरा डाले रहते थे। लंबी मशक्कत के बाद टिकट लेकर आते थे। टिकट की लड़ाई में ही थक हार चुके कांग्रेस के ये नेता भाजपा के दिग्गजों से मुकाबला करते थे। कई बार जीतते और ज्यादातर हार जाते थे। लेकिन इस बार राजनीतिक हालात कुछ अलग हैं।

विधानसभा चुनाव 2023 के लिए कांग्रेस की तस्वीर लगभग स्पष्ट है। अधिकांश टिकट प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ बाटेंगे और जो कमजोर सीटें दिग्विजय सिंह को सौंपी गई हैं, उनके लिए उनकी सिफारिश को तरजीह दी जाएगी। कहा जा रहा है कि इस चुनाव में टिकट के लिए कांग्रेस के किसी दावेदार को दिल्ली दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। दूसरी ओर भाजपा की स्थिति इसके उलट दिखाई पड़ती है। यहां टिकट संगठन और मुख्यमंत्री मिलकर भोपाल में तय करते थे। दिल्ली से इक्का-दुक्का परिवर्तनों को छोड़कर सूची जारी हो जाया करती थी। लेकिन भाजपा के अंदर जैसी सिर फुटौव्वल है और भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने जिस तरह मध्य प्रदेश पर फोकस बना रखा है। इसे देखकर लगता है कि भाजपा में टिकट के ज्यादातर दावेदार इस बार दिल्ली दौड़ लगाएंगे। वजह केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं उनके समर्थक भी हैं।

## जीतू पटवारी जी! बेदम है आपकी यह सफाई!

लिए गए कर्ज को न चुका पाने के कारण कुर्की का आदेश हुआ तो कांग्रेस के नेता पूर्व मंत्री जीतू पटवारी ने अजीब सफाई दी। इस सफाई में किसी को दम नजर नहीं आई। उन्होंने कहा कि पहले उनके घर का नाम महेश था, इसके बाद जितेंद्र हुआ और अब जीतू। लोन महेश नाम से लिया गया। यह कोई भी बता सकता है कि लोन जिस भी नाम से लिया जाए, इसके पूरे दस्तावेज होना जरूरी है। जैसे इन्कम टैक्स रिटर्न की प्रतियां, आधार एवं पेन कार्ड आदि। इन्हें बार-बार बदला नहीं जा सकता। साफ है कि दाल में कुछ काला है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## संतोष नाग का दुर्घटना में निधन

नैनपुर पिछले 25 वर्षों से अखबार जगत से जुड़े घर-घर समाचार पहुंचाने वाले अशोक नाग लंकेश के बड़े भाई संतोष नाग जो उत्कृष्ट विद्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे थे का मोटरसाइकिल से सिवनी के बाईपास मैं ट्रक की टक्कर से निधन हो गया संतोष अपनी पत्नी के साथ आदेगांव एक विवाह कार्यक्रम में जा रहे थे दुर्घटना में पत्नी को भी गंभीर चोट आई जिसे जबलपुर रेफर किया गया अंत्येष्टि में बड़ी संख्या में सामाजिक एवं शिक्षण सस्थान पत्रकारों ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त की

## लूट की योजना बनाते 4 गिरफ्तार

शिवपुरी - पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया के दिशानिर्देशन में अपराधों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिये लगातार अधीनस्थ कर्मचारियों को दिशानिर्देश दिये जा रहे है । इसी क्रम में पुलिस की सजगता से एक घटना को घटित होने से पूर्व ही पुलिस द्वारा आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया गया रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात पुलिस को सूचना मिली की कि 18 बटालियन के पास कुछ लोग किसी बस या ट्रक को लूटने की योजना बना रहे है जानकारी प्राप्त होते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया एवं एसडीओपी अजय भार्गव के मार्गदर्शन में टीआई कोतवाली अमित सिंह भदौरिया, टीआई देहात विकास यादव एवं थाना प्रभारी फिजीकल अरविन्द छारी के नेतृत्व में टीमें घटित कर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर दविश देकर आरोपीगण सादिक अली पुत्र लियाकत अली, फुरकन पुत्र जाफर अली, रजाकत अली उर्फ लावरिया पुत्र जलालुददीन , सैफअली खांन पुत्र मोहम्मददीन नि0 गूडरभोज जिला उदयसिंहनगर उत्तराखण्ड को गिरफ्तार कर इनके कब्जे एक 315 का कटटा, 2 कारतूस, एक फरसा, एक लोहागी, एक सरिया जप्त कर आरोपियों द्वारा वीडियों कोच बस या ट्रक को लूटने की योजना को सफल होने से पूर्व ही इन्हे गिरफ्तार कर विफल कर दिया, इनका एक साथी दिलषाद अधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा।इस सराहनीय कार्य में तीनों ही थानों की भूमिका सराहनीय रही।

## घट यात्रा के साथ प्रारम्भ हुआ 6 दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव

बैरसिया। संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद से और परम पूज्य अजित सागर जी महाराज के परम सान्निध्य एवं निर्देशन में और ऐलक श्री दयासागर जी महाराज, ऐलक श्री विवेकानंदसागर जी महाराज के मंगल सान्निध्य में एवं बा ब्र अशोक भैया जी के प्रतिष्ठाचार्यत्व में नगर में आज से शुरू होने जा रहे हैं भव्य ऐतिहासिक पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। भोपाल जिले की सबसे विशाल भगवान पार्श्वनाथ की पद्मासन प्रतिमा का प्रतिष्ठा महोत्सव पंचकल्याणक के प्रथम दिवस गर्भकल्याण के पूर्व रूप में मनाया गया।जिसमें प्रात-काल की वेला में नित्य नियम अभिषेक पूजन शांतिधारा की गई।

## कांग्रेस सेवादल यंग बिग्रेड ने हार्डीकर जी को किया याद

इटारसी // प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग बिग्रेड सेवादल के संस्थापक स्वर्गीय नारायण सुब्बाराव हार्डीकर ज़ी की जयंती के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन स्थानीय सुहाग मैरिज हॉल में किया। यहां वक्ताओं ने सुब्बाराव जी के जीवन और सेवा दल के इतिहास के साथ सेवा दल और कांग्रेस के रीति नीति के बारे में बताया और यंग ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन के साथ संगोष्ठी के माध्यम से सेवादल में जोड़ने के उद्देश्य के साथ साथ कैसे मजबूत किया जाए इस पर भी संगोष्ठी में वक्ताओं ने अपनी बात को रखीं। पदाधिकारी और वरिष्ठ कांग्रेसजनो ने स्वर्गीय हार्डीकर जी के तेलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## सड़क दुर्घटना में मौत, अराजक याता यात ने ली निर्दोष महिला की जान

नैनपुरनेशनल हाईवे 543 अब निर्दोष की बलि ले रहा है कल कांजी हाउस के सामने हुए अज्ञात ट्रक की टक्कर से साजदा बेगम, शेख रज्जाक वार्ड न तीन उमरिया नैनपुर जिला मंडला गंभीर हो गए थे जिन को सिविल अस्पताल नैनपुर के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था जहा साजदा बेगम 46 की दुखद मौत अल सुबह हो गई अराजक याता यात ने फिर एक निर्दोष की बलि ले ली।। उक्त स्थान पर 20 दिन में ये दूसरी घटना है निवारी चौराहों से लेकर के श्मशान घाट चोक तक लोगो ने ठेले जमा के व्यापार कर रहे है दिक्कत उनके व्यापार से भी नहीं है मोटर साईकिल सवार और खड़े हो जाते है जिस से घटना को बल मिलता है कल की घटना भी उसका कारण माना जा सकता है पत्रकार दीपक शर्मा के द्वारा मंडला कलेक्टर जी के स ज्ञान में लाने के बाद एसडीएम सर ने एक बार नागरिक मंच के साथ घटना स्थल वाले संभावित स्थलो को देखा भी था उस बीच ये घटना घट गई उक्त घटना से नगर में रोष देखा जा रहा है स्थानीय प्रशासन,नगर पालिका परिषद नैनपुर और पुलिस विभाग को सयुक्त अभियान चलाया जाना चाहिए जिस से घटना की पुनरावृति न हो

## नगर पालिका अध्यक्ष पार्षद सहित मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने वार्ड का निरीक्षण किया

नैनपुर। नगर पालिका के स्वच्छता अभियान एवं अन्य समस्याओं के निराकरण को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी पार्षद नितिन ठाकुर सुशीला चौरसिया प्रदीप चौरसिया मुख्य नगरपालिका अधिकारी संबंधित कर्मचारी दल ने निरीक्षण किया सफाई पेयजल नालियों के निर्माण के साथी वार्ड के लोगों द्वारा बताई नहीं समस्याओं के निराकरण के लिए आश्वस्त किया शीघ्र समस्याओं का निराकरण किया जाएगा

# सफाई व्यवस्था से नाराज सत्ता पक्ष के पार्षद का अपनी ही परिषद के अध्यक्ष पर फूटा गुस्सा

### कहा अनपढ़ गवार, बुद्धिहीन को बनाया प्रेसिडेंट, 2023 में जनता देगी जवाब

सिरोंज । इन दिनों सिरोंज की नगर पालिका परिषद में सत्ता पक्ष की परिषद को विपक्ष नही बल्कि अपने ही सत्ता पक्ष के पार्षदों से खरी खोटी सुनना पड़ रही है पूर्व में परिषद की बैठक में जहा वार्ड 12 के पार्षद पति रूपेष यादव में नगर में काम नही होने को लेकर अपने ही अध्यक्ष को खरी खोटी सुनाई तो वही अब सोशल मीडिया में भाजपा के एक और वरिष्ठ पार्षद जय नारायण सेन ने भी अपने वार्ड वासीयों द्वारा समस्या से अवगत कराने के बाद अपनी ही परिषद के अध्यक्ष को फेसबुक पर अनपढ़ गवार ,बुद्धिहीन बताते हुए कहा कि गली गली में कचरे का ढेर है मनमोहन साहू माला माल है

गौरतलब है कि वर्तमान में मनमोहन साहू परिषद के अध्यक्ष है जो कि भाजपा समर्थित है।

दरासर उन्ही के वार्ड के एक वार्डवासी द्वारा सोमवार को फेसबुक पर गंदगी का फोटो दिखाकर एक पोस्ट की गई थी जिसमें फोटो डालते हुए कहा था कि नगर पालिका अगर सफाई नही करा सकती तो कृपया सूचित कर देंहम लोग व्यक्तिगत स्तर से प्रयार करे लिखा की सीएमओ से कहने पर उन्होने हाथ खड़े कर दिए तब पार्षद जय नारायण सेन को कहा तब वह किसी को सफाई के लिए लेकर आए नगर पालिका बात करती है स्वच्छता सर्वेक्षण पर हकीकत कुछ और है

इसके बाद ही पार्षद जय नारायण सेन ने वार्ड के कई जगह को देखा गंदगी देख उनका गुस्सा सोषल मीडिया पर फूट पड़ा और उन्होंने अपनी भड़ास फेसबुक पर निकाली

सूत्रों से ज्ञात हुआ है पार्षद कि फेसबुक पर डली पोस्ट और प्रिक्रयाओ के बाद नगर पालिका प्रभारी सीएमओ द्वारा आनन फानन में शाम 5 बजें बैठक रखकर प्रत्येक वार्ड में एक एक वालेंटियर रखने की बात कही । परंतु अब देखना है कि आखिर कब तक अपनी ही परिषद के पार्षदों से अध्यक्ष को घिरना पड़ैगा।

इसके साथ ही पार्षद सेन ने कहा की हमारे वोट अध्यक्ष उपध्यक्ष के लिए किसी और से डलवाए गए हमारे,6 पार्षदों के वोट किसी और से डलवाए गए थे ये हमारे चुने अध्यक्ष उपाध्यक्ष नही है हमारे लल्लू के, इमरान, राजा मिया के वोट महेंद्र सिंह दांगी झंडवा वाले ने वोट डाले फर्जी दस्तखत कराकर

#### इनका कहना है

वार्डो में सफाई नही है, हमारे वार्डवासी के घर के बाहर की नालिया साफ नही होती उन्होंने हमे अवगत कराया, कई शिकायते हमने की पर नगर पालिका में सुनवाई नहीं होती अध्यक्ष नकारा है

**जय नारायण सेन**
पार्षद वार्ड 9 भाजपा

सबमें सफाई हो रही है जहा नही हो रही वहा करवा देंगे

**मनमोहन साहू**
अध्यक्ष, नगर पालिका सिरोंज

## बैरसिया अस्पताल में नवजात बेटियों को कपड़े बांटे



बैरसिया।सोमवार को विदिशा से बेटियों को जीने दो की टीम बैरसिया सरकारी अस्पताल पहुंची. टीम ने अस्पताल में सोमवार सहित बीते दिनों में जन्म लेने वाली नवजात बेटियों को कपड़े भेंटकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की है. बेटियों के परिजनों सहित अन्य लोगों को उनकी अच्छी परवरिश करने का संकल्प दिलाया.

विदिशा की बेटियों को जीने दो टीम के प्रमुख दीपसिंह कुशवाह ने जानकारी देते हुए बताया की हम अपनी टीम के साथ सोमवार को बैरसिया सरकारी अस्पताल पहुंचे. यहां हमारी टीम के बलराम शाक्य और पैंजन अहिरवार ने सबसे पहले शिशु वार्ड में जाकर सभी बेटियों की जानकारी जुटाई. बाद में नवजात बेटियों के लिए कपड़े भेंट कर सभी के लिए बेटी होने की बधाइयां दीं. साथ ही उनके परिजनों से जच्चा और बच्चा की सेहत के बारे में पूछा गया. कपड़े भेंट करने के साथङ्कसाथ टीम के साथी लोगों को बेटियों को लेकर जागरुक करते रहे. शिशु वार्ड में मौजूद नवजात बेटों के परिजनों को भी उनके घरों की बेटियों की अच्छी परवरिश करने के साथ बेटियों को पढ़नेङ्कलिखने से लेकर उनके हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया. बाद में वहां मौजूद सभी लोगों के लिए बेटियों का अच्छे से पालनङ्कपोषण करने के साथ उन्हें बेटियों के कैरियर बनाने में कोई कसर न छोड़ने का संकल्प भी दिलाया गया. ज्ञात रहे कपड़े बांटने का पूरा खर्च टीम प्रमुख द्वारा उनकी बेटी भूमि कुशवाह के चौथे जन्मदिन 2 सितंबर 2021 से लगातार उठाया जा रहा।

## महिला ने छींद मंदिर अध्यक्ष पर लगाया शोषण का आरोप, अब नहीं जा रही बयान दर्ज कराने ...

बरेली। समूचे क्षेत्र में इस वक्त छींद मंदिर अध्यक्ष से जुड़ा मामला चर्चाओं का विषय बना हुआ है क्षेत्र में प्रतिष्ठित व्यक्तियों में अपना स्थान रखने वाले छींद मंदिर अध्यक्ष कृष्ण कुमार रघुवंशी पर युक्त महिला द्वारा शारीरिक शोषण का आरोप लगाए जा रहा है जबकि युक्त महिला पूर्व में हुए एक विडियो वायरल में कह रही है कि मुझे कुछ लोग धमकी देकर षडयंत्र पूर्वक झूठे मामले में कृष्ण कुमार रघुवंशी का नाम बुलाने के लिए दबाव बना रहे हैं इसके बाद उक्त महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से शारीरिक शोषण मामले को लेकर शिकायत की और कहां कि जबरन मेरे बयान लिए गए हैं महिला की शिकायत से पहले ही अध्यक्ष कृष्ण कुमार रघुवंशी ने बरेली एसडीओपी सहित वरिष्ठ अधिकारियों को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी कि युक्त महिला मुझे झूठे प्रकरण में षड्यंत्र पूर्वक फसाने की मुझे बार-बार धमकी दे रही है। क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्ति कृष्ण कुमार रघुवंशी क्षेत्र के कई लोगों के निशाने पर हमेशा बने रहते हैं सूत्रों की माने तो पान गुमठी दुकानों पर चर्चा का विषय बना हुआ है कि षडयंत्र पूर्वक महिला को आगे लाकर कुछ लोगों द्वारा कृष्ण कुमार रघुवंशी को जाल में फंसाया जा रहा है जिससे क्षेत्र में उनकी छवि धूमिल हो ।

युक्त शिकायतकर्ता महिला का वीडियो भी वायरल हो रहा है उक्त महिला वीडियो में स्पष्ट रूप से कह रही है कि कुछ लोगों द्वारा मुझ पर दबाव बनाकर कृष्ण कुमार रघुवंशी का नाम बुलवाया जा रहा है मुझे धमकी दी जा रही है जबकि कृष्ण कुमार रघुवंशी और मेरा भाई बहन का रिश्ता है कुछ दिन पूर्व ए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था सूत्रों की माने तो वीडियो वायरल होने के बाद षड्यंत्रकारी लोगों के जाल में महिला फस गई और महिला ने कृष्ण कुमार रघुवंशी के ऊपर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगा दिया जबकि कृष्ण कुमार रघुवंशी ने पूर्व दिनों पहले ही पुलिस प्रशासन को आवेदन दे दिया था कि युक्त महिला मुझे षडयंत्र पूर्वक फसाने की बार-बार धमकी दे रही है ।

युक्त महिला ने कृष्ण कुमार रघुवंशी की शिकायत तो दर्ज करा दी लेकिन मामले को 10 दिन बीत चुके हैं अब अभी तक पुलिस के बार-बार बुलाने के बाद भी युक्त महिला अपने बयान दर्ज कराने बरेली थाने नहीं पहुंच रही आखिर इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि उक्त महिला क्यों बयान दर्ज कराने नहीं पहुंच रही क्योंकि यह पूरा मामला वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में हैं

#### इनका कहना है

वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त आवेदन की प्राथमिकता से जांच चल रही है महिला को बार-बार सूचना कर थाने बुलाया जा रहा है लेकिन उक्त शिकायतकर्ता महिला अपने बयान दर्ज कराने थाने नहीं आ रहे हैं इसकी भी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी गई है इस मामले की हर स्तर पर जांच की जा रही है ।

**आशीष सप्रे**, थाना प्रभारी बरेली

## जो लोक कल्याण की भावना से सूचना आदान-प्रदान करें वह है पत्रकार




रतलाम। जो लोक कल्याण की भावना से सूचना का आदान प्रदान करें वह पत्रकार है। नारद विश्व के पहले पत्रकार हैं, क्योंकि वे मिशन पत्रकारिता करते थे। यदि असुर कोई षडयंत्र कर रहे होते थे तो वे देवताओं को बताते ताकि समय पर हानि को टाला जा सके। यदि देवता भी नियमों का उल्लंघन करते तो उनकी भी शिकायत वे ब्रह्मा को बताते। वहां से बात न बने तो ऐसे अनेकों प्रसंग हैं जब नारद ने स्वयं को संकट में डालकर भी भगवान शिव शंकर की तपस्या भंग करके जन कल्याण के लिए उन्हें सूचनाएं दीं।

यह बातें उज्जैन के वरिष्ठ पत्रकार और प्राध्यापक डॉ. योगेश कुल्मी ने कहीं। विश्व संवाद केंद्र और रतलाम प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में नारद जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. कुल्मी ने कहा कि विश्व संवाद केंद्र ने ही आज से कई साल पहले उज्जैन में बताया था कि दुनिया के पहले पत्रकार नारद ऋषि हैं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता और संस्कृति की रक्षा करना जरूरी है। यदि हम अपने भारत से प्यार नहीं करेंगे, संस्कृति से प्यार नहीं करेंगे तो सम्मान भी प्राप्त नहीं होगा।

कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता, शिक्षाविद्, साहित्यकार डॉ. मुरीलधर चांदनीवाला ने कहा कि नारद सनातन पत्रकार हैं। सनातन धर्म के प्रवक्ता हैं। केवल देवी सरस्वती और नारद ही हैं जिनके हाथ में कोई अस्त्र-शस्त्र नहीं है, वीणा है। यह ज्ञान का प्रतीक है और इस बात का प्रतीक है कि जो ज्ञानी हैं, कलम चला सकते हैं उन्हें शस्त्र चलाने की जरूरत नहीं। नारद ही ऐसे हैं जिन्होंने किसी मनुष्य, देवता को कभी श्राप नहीं दिया। दिया तो स्वयं भगवान विष्णु को। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की भूमिका आजादी को आंदोलन में सबसे अधिक है। मराठा ने, महात्मा गांधी ने, अरविंद गणेश शंकर विद्यार्थी ने भी अखबार निकाले। आज भी संस्कृति की रक्षा में पत्रकारों का स्थान सबसे महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता, रतलाम प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेशपुरी गोस्वामी ने कहा कि रतलाम की पत्रकारिता हमेशा नारद ऋषी से प्रेरित रही है। देश की पहली महिला पत्रकार हेमंत कुमारी चौधरी रतलाम से रहीं। यहां के पत्रकारों ने स्वतंत्रता आंदोलन में भी हिस्सा लिया और आज भी लोक कल्याण के लिए लिख रहे हैं। उन्होंने प्रेस क्लब की गतिविधियों के बारे में भी बताया।

प्रेस क्लब ने किया वक्ताओं का सम्मान

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि परिचय एवं स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक, वरिष्ठ पत्रकार तुषार कोठारी ने दिया। कार्यक्रम का संचालन जयदीप गुर्जर ने किया। आभार वरिष्ठ पत्रकार राजेश मूणत ने माना। कार्यक्रम के पश्चात वक्ताओं का रतलाम प्रेस क्लब की ओर से शॉल व श्रीफल से सम्मान प्रेस क्लब सचिव यश शर्मा, उपाध्यक्ष सुजीत उपाध्याय, पूर्व अध्यक्ष राजेश जैन, सुरेंद्र जैन, वरिष्ठ पत्रकार नीरज शुक्ला, नरेंद्र जोशी आदि ने किया। इसके पूर्व वरिष्ठ पत्रकारों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रेस क्लब कार्यकारिणी के सहसचिव मुबारिक शेरानी, दिनेश दवे, सदस्य सिकंदर पटेल, प्रदीप नागौरा, चंद्रशेखर सोलंकी, दिलजीत मान,वरिष्ठ पत्रकार रमेश टांक, अजयकांत शुक्ला, रमेश मिश्रा, आरिफ कुरैशी, कमल सिंह जाधव, जितेंद्र सिंह सोलंकी, सुधीर जैन, सौरभ पाठक, पवन शर्मा, असीम राजविक्रांत ठाकुर, विश्व संवाद केंद्र के योगेंद्र सिंह, पंकज भाटी आदि मौजूद थे।

## चिकनपॉक्स फैलने पर मेडीकल टीम ने सर्वे कर किया उपचार

### रोगियों को आइसोलेट रहने व सावधानी बरतने की सलाह



छतरपुर। कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में सीएमएचओ डॉ लखन तिवारी ने बिजावर तहसील के विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण कर चिकनपॉक्स बीमारी होने का परीक्षण किया। निरीक्षण में ग्राम धरमपुरा में चिकनपॉक्स बीमारी का फैलना पाया गया। पूरे गावं का मेडीकल टीम द्वारा घर घर जाकर सर्वे किया गया तथा चिकनपॉक्स से पीड़ित सभी रोगियों को उपचार प्रदान किया गया एवं 14 दिनों तक आइसोलेट रहने रहने तथा आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि बीमारी से परेशान होने की जरूरत नहीं है, यह बीमारी कुछ दिनों तक रहने के पश्चात ठीक हो जाती है। सीएमएचओ द्वारा समस्त आशा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि संबंधी बीमारी के नये मरीज मिलने पर उनको तुरंत ही आइसोलेट किया जाये तथा उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाये।

## कार्यकर्ताओं के सहयोग से हर बूथ पर मजबूती से काम किया जा रहा -ः राजपूत

बरेली 7 भारतीय जनता पार्टी हर बूथ पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए कई अभियान चला रही है बरेली मंडल के अध्यक्ष अभिषेक राजपूत केंद्र और प्रदेश के निर्देश से आयोजित होने वाले संघात्मक कार्यक्रमों को महत्वपूर्ण भूमिका से हर बूथ स्तर पर पर कर रहे हैं जिससे संगठन के अभियान हर बूथ तक पहुंच सके मंडल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत को जबसे संगठन का दायित्व मिला है तब से ही संगठन को मजबूत करने के लिए पुरजोर प्रयास मैं नजर आते हैं वरिष्ठ नेतृत्व से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से लगातार संपर्क में अभिषेक राजपूत रहते हैं इस कारण ही हर बूथ पर भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका में नजर आ रहा है अभिषेक राजपूत ने कहा कि संगठन की दृष्टि से बरेली मंडल मैं कार्यकर्ताओं के सहयोग से हर बूथ पर मजबूती से कार्य किया जा रहा है ।

## औबेदुल्लागंज की 71 पंचायतों में हर दिल ध्यान, हर दिन ध्यान कार्यशाला की शुरुआत



औबेदुल्लागंज । मप्र जन अभियान परिषद योजना सांख्यिकी विभाग के समन्वय में ÷एकात्म अभियान ÷ अंतर्गत हार्टफुलनेस संस्था द्वारा हर दिल ध्यान, हर दिन ध्यान÷ कार्यशाला का आगाज ओबैदुल्लागंज विकासखण्ड के ओबैदुल्लागंज गौहरगंज, चिकलौद सहित पांचों सेक्टर में किया जा रहा है। जनपद पचायत सीइओ संजय अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष प्रीति चौकसे , जिला समन्वयक कल्याण सिंह राजपूत एवं ब्लाक समन्वयक निशा पटेल के अनुसार यह कार्यक्रम सभी पंचायतों में निःशुल्क आयोजित किये जाएंगे। कार्यक्रम का उद्देश लोकसेवकों एवं समुदाय को तनाव से दूर रखकर विकास कार्य में प्रगति एवं सहभागी बनाना है। इस कार्यक्रम का नेतृत्व नवांकुर संस्था प्रतिनिधि अंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष सुनील सेरिया, बारेलाल नायक वीरसिंह हरनाम सिह, मेंटर प्रेनारायण सोनी,प्रदीप परसाई,सुनैना लोवंशी,गोपाल अहिरवार द्वारा किया जा रहा है साथ ही सभी नगर एवं ग्राम विकास समितियां सहयोग कर रहीं हैं ,योगाभ्यास हेतु हार्टफुलनेस संस्था हैदराबाद से ट्रेनर पुरूषोत्तम शर्मा, धीरेन्द्र शुक्ला, नवतेज सिह गुड़गांव,डीपी शर्मा, बहन जयमाला पान, वालिंटियर रामचंद्रन, एवं रश्मि पराड़कर एवं अन्य टीम द्वारा दिया जा रहा है। इस अभ्यासशिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण भाग लेकर ध्यान क्रिया का अभ्यास कर रहे हैं।

# अधिकारियों के कामों का पब्लिक फीडबैक लिया जाएगाः कलेक्टर

## सीएम जनसेवा अभियान दूसरे चरण में पात्र व्यक्ति वंचित न रहे




छतरपुर,। कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार सहित एसडीएम एवं जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जीआर ने 10 मई से शुरु होने वाले मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के दूसरे चरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो व्यक्ति पात्र हो उसको लाभ मिले, कोई भी हितग्राही पात्र होने के बाद भी वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल से इस अभियान में आने वाले 67 प्रकार की लाभ लेने संबंधित आवेदनों के निराकरण की मॉनिटरिंग की जाएगी।

कलेक्टर श्री जीआर ने अटल पेंशन, जीवन ज्योति योजना, तालाबों के सीमांकन उपरांत मुनारे लगाए जाने एवं कुवां बाउड़ियों की समीक्षा करते हुए बड़ामलहरा एवं नौगांव जनपद सीईओ को मुनारे बनवाने में लापरवाही बरतने पर कड़ी फटकार लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी एसडीएम को ज्वाइंट विजिट नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नौगांव में ग्राउण्ड पर कार्य नही दिख रहा। कलेक्टर ने 7 दिवस का अल्टीमेटम देकर सीमांकन हो चुके सभी तालाबों पर मुनारे बनवाने एवं कुंओं की सफाई कराने आदि निर्देश दिए। साथ छतरपुर एसडीएम को अतिक्रमण मुक्त कराए गए तालाबों की सही जानकारी नहीं देने पर नाराजगी व्यक्त की और आमजन से तालाबों पर अतिक्रमण होने की 07682-181 पर जानकारी देने की अपील की। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम से अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों का पब्लिक फीडबैक भी लिया जाएगा।

उन्होंने सीईओ जप एवं सीएमओ को भवन अनुज्ञा, हैण्डपंप सुधार, फायर एनओसी, मृत्यु एवं जन्म प्रमाण सहित विभिन्न प्रकार के छोटे-छोटे कामों को कैंपेन मोड में करने एवं चालु खसरा, खतौनी, नक्शा की सर्टिफाई कॉपी लोकसेवा केन्द्र के माध्यम से प्राप्त करने का प्रचार करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही एलडीएम को आधार लिंकिंग एवं डीबीटी पेंडिंग काम को निराकृत करने एवं बैंक सखी का सम्मेलन एवं बैंकर्स का मीटिंग लेकर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने हड़ताल पर जाने वालों की टेऊजरी अधिकारी को वेतन काटने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री जीआर ने सभी एसडीएम को मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना की समीक्षा करते हुए ज्यादा पात्रों के आवेदन कराने एवं बड़ा परिवार हो जाने पर अलग समग्र आईडी बनाने के लिए निर्देशित किया एवं बंटन हेतु तैयार पट्टों की समीक्षा की साथ ही पटवारियों को टेऊनिंग देने के निर्देश दिए तथा शासकीय जमीन में बने पीएम आवासों को चेक करने व स्वास्थ्य केन्द्रों स्कूलों के सामने से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री जीआर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के क्रियांवयन एवं अधिक लोगों को लाभ दिया जाए। उन्होंने एमपीईबी को मीटर सर्विसेस, कनेक्शन आदि विद्युत से संबंधित वर्क को पोर्टल में दर्ज करते हुए करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभारी पीओडूडा को निर्देशित किया कि विद्युत एवं पानी से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए संयुक्त कैम्प लगाएं जाए। साथ ही आईटीआई संस्थान से संबंधित माइग्रेशन, अंकसूची सुधार आदि कार्य को भी कैम्प लगाएं। कलेक्टर श्री जीआर ने आरटीओ को स्कूलों, कॉलेजों एवं अन्य चिन्हित जगह पर 18 वर्ष से अधिक उम्र के छात्र-छात्राओं के ड्रायविंग लायसेंस कैम्प लगाकर बनाएं जाने के निर्देश दिए।

# हॉकर्स जॉन के लिए हुए 162 रजिस्ट्रेशन

शिवपुरी- कोर्ट रोड़ स्थित सब्जी मंडी को प्रशासन पुरानी अनाज मंडी एवं पुराने बस स्टेण्ड के पीछे स्थित नवनी हॉकर्स जोन में शिफ्ट करने के लिए नगर पालिका में पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर दुकानदारों ने पहुंचकर अपने रजिस्ट्रेशन कराए,इनमें 162 लोगों ने अपने पंजीयन कराकर यह सिद्ध कर दिया कि कुछ चुनिंदा लोग ही इस कार्यवाही में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

प्रशासन ने सब्जी व फल का व्यापार करने वाले व्यापारियों को हटाने के नोटिस जारी कर दिए हैं।नगर पालिका और यातायात विभाग ने फिलहाल दो स्थान हॉकर्स जोन के लिए चिन्हित किए है ये हैं- अनाज मंडी और प्राइवेट बस स्टेंड के पास का क्षेत्र। इन दोनों स्थानों पर फल सब्जी और चाट का ठेला लगाने वाले व्यापारियों के रजिस्ट्रेशन नगर पालिका ने शुरू कर दिए हैं। अभी तक रजिस्ट्रेशन कराने वालों में 60 सब्जी विक्रेता, 82 फल विक्रेता और 20 चाट का ठेला लगाने वाले शामिल हैं।जबकि चुनिंदा विरोध करने वाले दुकानदारों ने कुतर्क देते कहा कि यहां जो मल्टीलेयर पार्किंग बनाई जा रही है। इस पार्किंग को जिस जगह हॉकर्स जोन बनाया गया है वहां पर भी शिफ्ट कराया जा सकता है।इनके कहे अनुसार कोर्ट रोड पर आने वाला ग्राहक गाड़ी पार्क करने के लिए अब एक किलोमीटर जाए।

उल्लेखनीय है कि शहर में 6 जगह पर हॉकर्स जॉन बनाए जाना हैं उनमें पुराना बस स्टेण्ड के पीछे एवं अनाज मंडी के अलावा बस स्टेण्ड, झांसी तिराहे पर मैकेनिकों के पीछे नगर पालिका की जगह पर, फिजीकल तिराहे के पास, फतेहपुर क्षेत्र में हॉकर्स जॉन बनाए जा रहे हैं जिससे सभी क्षेत्रों में आसानी फल व सब्जी एक ही जगह पर उपलब्ध होगी एवं सब्जी व फल विक्रेताओं द्वारा सड़े हुए फल व सब्जी नाले में फेंके जाने से नाले में हो रही बदबूदार गंदगी से भी निजात मिलेगी और व्यस्त इलाकों में वाहनों के कारण बार बार जाम की स्थिति भी नही बनेगी।

# समर्पण ग्रुप ने गोकुलधाम मंदिर में किया श्रमदान



इटारसी। समर्पण ग्रुप के सभी सदस्यों ने मिलकर पुरानी इटारसी गोकुलधाम हनुमान मंदिर सहित पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया । मंदिर परिसर में पार्क में पक्षियों की दाना-पानी के पात्र लगाए। आसपास के रहवासियों एवं दुकानदारों से निवेदन किया कि पार्क में गंदगी ना करें । यह हमारे और आपके बैठने का स्थान है इसे साफ और स्वच्छ बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान करें। ग्रुप द्वारा अपील छपाकर है पब्लिक को जागरूक करने के लिए आसपास लगाते है । पार्क में अपनी नियमित सेवाएं प्रदान करने वाले बीके दुबे रिटायर्ड बैंक कर्मचारी ने कहा कि समर्पण ग्रुप के सभी सदस्य बहुत अच्छा काम कर रहे है और शहर वासियों को इनको पूर्ण सहयोग करना चाहिए। कार्य देखकर मैं खुद इस ग्रुप से जुड रहा हूं ,और अपनी सहभागिता भी प्रदान करूंगा। आगामी शनिवार 13 मई को मंदिर परिसर में समर्पण ग्रुप द्वारा भजन एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में उपस्थित वार्ड पार्षद एवं नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत ने समर्पण ग्रुप के कार्यों की सराहना की और उन्हें को बधाई दी।

## 'एमएक्स प्लेयर पर देखें बेजोड़ इंटरनेशनल ड्रामा

### एमएक्स प्लेयर आपको अपनी स्क्रीन से जोड़े रखने के लिए दो शो लेकर आ रहा है।




लीगली रोमांस 10 मई -लीगली रोमांस - एक 2022 चीनी रोमांटिक ड्रामा है, जो जू लिंग द्वारा निर्देशित है, जो ये फी रान के उपन्यास डोंट फॉल इन लव विद द बॉस से अनुकूलित है। प्लॉट कियान वेई पर केंद्रित है, जो लू शुन के लिए काम करने वाला एक पैरालीगल है, जिसने अपने छात्र दिनों से ही उसके खिलाफ द्वेष रखा है। कियान वेई का जीवन एक जीवित नरक बन जाता है जब तक कि एक दुखद दुर्घटना ने उसे कोमा में नहीं डाल दिया, और वह खुद को एक सपनों की दुनिया में पाती है जहां वह अपने किशोर स्व में वापस आ गई है। इस दुनिया में, कियान वेई अपने बॉस के एक अलग पक्ष को खोजती है और यह समझने लगती है कि उसके लिए जितना दिखता है उससे कहीं अधिक है। जैसा कि कियान वेई और लू शिन सपनों और वास्तविकता के बीच की जगह को नेविगेट करते हैं, वे अपनी पेशेवर आकांक्षाओं को जोखिम में डालते हुए एक-दूसरे के लिए भावनाओं को विकसित करना शुरू करते हैं। क्या वे अपने करियर का त्याग किए बिना अपनी नई भावनाओं को स्वीकार कर पाएंगे द लाइट इन योर आइज़ 24 मई -द लाइट इन योर आइज़ एक मनोरम कोरियाई नाटक है जो लोगों के जीवन पर समय के शक्तिशाली प्रभाव की पड़ताल करता है। भयानक तिकड़ी हान जी-मिन, किम हाय-जा, नाम जू-ह्युक और सोन हो-जून अभिनीत, 12-एपिसोड की श्रृंखला किम हे जा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक जादुई घड़ी की खोज करती है जो उसे समय में हेरफेर करने की अनुमति देती है। अपने पिता को एक घातक कार दुर्घटना से बचाने के लिए बेताब, वह घड़ी को पीछे घुमाती है, लेकिन समय बदलने की कीमत बहुत अधिक है। दूसरी ओर, ली जून हा, एक युवक ने अपने सपनों को छोड़ दिया है और खुद को एक सांसारिक अस्तित्व से इस्तीफा दे दिया है। वह एक बुजुर्ग देखभाल केंद्र में एक स्कैमर के रूप में काम करता है, जहां उसकी मुलाकात हाय जा से होती है, जो अब एक बूढ़ी महिला है। दोनों एक दोस्ती की शुरुआत करते हैं जो नई चुनौतियों का सामना करती है क्योंकि वे दोनों महत्वपूर्ण जीवन परिवर्तनों को नेविगेट करते हैं। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, दर्शक एक ऐसी दुनिया में खींचे चले आते हैं जहाँ समय एक शक्तिशाली शक्ति है जो आशीर्वाद और अभिशाप दोनों दे सकता है। 24 मई 2023 से एमएक्स प्लेयर पर हिंदी में

## केंद्रीय बैंक ने छमाही रिपोर्ट में कहा- विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का हिस्सा बढ़कर 7.81 फीसदी

**नई दिल्ली।** आरबीआई का स्वर्ण भंडार मार्च, 2023 अंत में सालाना आधार पर 34.22 टन बढ़कर 794.64 टन पहुंच गया।?इसमें 56.32 टन का स्वर्ण जमा शामिल है। बीते वर्ष मार्च अंत तक 760.42 टन का स्वर्ण भंडार था।

केंद्रीय बैंक की ओर से जारी छमाही रिपोर्ट के मुताबिक, कुल स्वर्ण भंडार में से 437.22 टन सोना विदेश में बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ इंटरनेशनल सेटलमेंट्स में सुरक्षित रखा गया है। 301.10 टन सोना देश में रखा गया है। मूल्य के हिसाब से कुल विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी मार्च, 2023 में बढ़कर 7.81 फीसदी पहुंच गई, जो सितंबर, 2022 में 7.06 फीसदी थी। छमाही के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार इस साल मार्च में बढ़कर 578.45 अरब डॉलर पहुंच गया।

**रिजर्व बैंक ने एचएसबीसी पर 1.73 करोड़ का जुर्माना लगाया-** रिजर्व बैंक ने नियमों का पालन न करने के मामले में एचएसबीसी पर 1.73 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने 31 मार्च, 2021 तक बैंक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में एचएसबीसी के सुपरवाइजरी मूल्यांकन (एलएसई) के लिए वैधानिक निरीक्षण किया था। इसमें पाया गया कि बैंक ने एक्सपायर हो चुके कई क्रेडिट कार्डों के संबंध में गलत क्रेडिट जानकारी दी और सभी चार क्रेडिट सूचना कंपनियों का शून्य बकाया दिखाया गया।

**पीएसीएल के 19 लाख से अधिक निवेशकों को मिले 920 करोड़-** पीएसीएल के 19.61 लाख निवेशकों को अब तक 920 करोड़ रुपये वापस मिल चुके हैं। ये वो निवेशक हैं जिन्होंने 17 हजार रुपये तक का दावा किया है। सेबी ने सोमवार को बताया कि पीएसीएल ने कृषि और रियल एस्टेट के नाम पर 18 वर्षों तक 60,000 करोड़ निवेशकों से जुटाए थे। इसके लिए रिटायर्ड जस्टिस आर एम लोढ़ा के नेतृत्व में बनी समिति पैसा वापसी की प्रक्रिया पूरी कर रही है। इस साल फरवरी से मार्च के बीच दावा करने का समय दिया गया था।

## ईडी ने मुंबई में कारोबारी की 41 करोड़ की संपत्ति कुर्क की, गलत जानकारियों के जरिए विदेश में पहूंचाया धन

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जवारे सोली पूनावाला और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ फेमा के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए मुंबई के वर्ली स्थित सीजे हाउस में स्थित 41.64 करोड़ रुपये की तीन अचल संपत्तियों को जब्त किया है। ईडी ने जावरे सोली पूनावाला और उनके परिवार के खिलाफ फेमा के प्रावधानों के तहत लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम (एलआरएस) के दुरुपयोग के मामले की जांच कर रही है।

ईडी ने एक बयान में बताया कि जावरेह सोली पूनावाला और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई। वे उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के प्रावधानों का दुरुपयोग कर विदेशी मुद्रा देश से बाहर भेजे जाने के आरोपी हैं। ईडी ने मुंबई के वरली इलाके में सीजय हाउस स्थित तीन अचल संपत्ति विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत जब्त की है। इनकी कीमत 41.64 करोड़ रुपये आंकी गई है।

एजेंसी ने बताया कि पूनावाला और उनके परिवार ने अधिकतम स्वीकार्य सीमा (एलआरएस के तहत उपलब्ध) का उपयोग किया। उन्होंने 2011-12 से परिवार और स्वयं के खर्च आदि के बहाने गलत जानकारियों के माध्यम से विदेश में धन भेजा। हालांकि, उनके परिवार का कोई सदस्य विदेश में नहीं रह रहा था और न ही कोई प्रवासी भारतीय था।

दापोली रिसॉर्ट मामला-ईडी ने पूर्व मंत्री अनिल परब के सहयोगी के खिलाफ आरोपपत्र किया दाखिल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रत्नागिरी जिले के दापोली में एक रिसॉर्ट के निर्माण से जुड़े कथित धनशोधन मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अनिल परब के एक सहयोगी के खिलाफ सोमवार को यहां एक विशेष अदालत के समक्ष अपना आरोपपत्र दाखिल किया। आरोप पत्र परब के सहयोगी सदानंद कदम और पूर्व उप-विभागीय अधिकारी जयराम देशपांडे के खिलाफ दायर किया गया है। जांच एजेंसी ने इस मामले में परब से भी पूछताछ की थी।

# मेकमाईट्रिप ने जनरेटिव एआई के साथ ट्रैवल बुकिंग का अनुभव बदलने के लिए माईक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी की

### पूरे भारत के लिए इस प्लेटफॉर्म को समावेशी और सुलभ बनाने की आधारशिला रखी

**नई दिल्ली।** मेकमाईट्रिप ने एक बड़ी पहल करते हुए माईक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी की है, ताकि भारतीय भाषाओं में वॉइस असिस्टेड बुकिंग की मदद से अपने ग्राहकों के लिए ट्रैवल प्लानिंग को ज्यादा समावेशी और सुलभ बनाया जा सके। यह नया, इन-प्लेटफॉर्म टेक संग्रह माईक्रोसॉफ्ट एज़्योर ओपन एआई सर्विस और एज़्योर कॉग्निटिव सर्विसेज़ द्वारा पॉवर्ड है, और ग्राहकों के साथ संवाद करके उन्हें उनकी पसंद के अनुरूप पर्सनलाईज़्ड ट्रैवल ऑप्शन प्रदान करता है; प्रयोजन, बजट, पसंद की गतिविधि, यात्रा के समय आदि विभिन्न इनपुट्स के आधार पर होलिडे पैकेज तैयार करता है, और ये होलिडे पैकेज बुक करने में मदद भी करता है। यह देश में हर वर्ग और श्रेणी के लोगों के लिए ऑनलाईन ट्रैवल का परिवेश खोल देगा। वर्तमान में इस इंटीग्रेशन का बीटा वर्ज़न उड़ानों और होलिडे के उपभोक्ताओं के लिए इंग्लिश और हिंदी में पेश किया जा चुका है। वॉईस असिस्टेड बुकिंग फ्लो के अगले चरण में अन्य परिवहन प्रस्तुतियाँ शामिल होंगी। इस फीचर को प्लेटफॉर्म के लैंडिंग पेज पर दिया जा चुका है, और यह एक ही क्लिक में एक्टिवेट किया जा सकता है।मेकमाईट्रिप के को-फाउंडर एवं ग्रुप सीईओ, राजेश मगो ने कहा, ''हमने ई-कॉमर्स, ट्रैवल और टेक्नॉलॉजी को मिलाकर प्रस्तुतियाँ देने में अग्रणी भूमिका निभाई है, और हमें ऐसा फीचर पेश करने पर गर्व है, जो भाषा, साक्षरता, जटिल ऐप के उपयोग, शारीरिक असमर्थताओं की बाधाओं को दूर करता है।'' उन्होंने कहा, ''माईक्रोसॉफ्ट के साथ हमारे गठबंधन द्वारा इस जनरेटिव एआई इंटीग्रेशन में सरल विज़्युअल संकेत और वॉईस कमांड भारत की क्षेत्रीय भाषाओं में दिए गए हैं, जो ट्रैवल बुकिंग के परिदृश्य को बदल देंगे। मेकमाईट्रिप की नई प्रस्तुति ट्रैवल संबंधी समाधानों को हर जगह, हर परिदृश्य और हर तरह के उपयोग के लिए उपलब्ध कराने के लिए एआई और मशीन लर्निंग का उपयोग करती है। माईक्रोसॉफ्ट का विशाल लैंग्वेज़ मॉडल और भारतीय भाषा के स्पीच मॉडल मेकमाईट्रिप की प्राकृतिक लैंग्वेज़ समझने की क्षमता और ट्रैवल के क्षेत्र के कंटेंट के साथ यूज़र्स के लिए एक आधार बनाते हैं, ताकि वो किसी भी भारतीय भाषा में प्लेटफॉर्म के साथ संवाद कर सकें। संजय मोहन, ग्रुप चीफ टेक्नॉलॉजी ऑफिसर, मेकमाईट्रिप ने कहा, ''हमें अपने प्लेटफॉर्म पर क्रांतिकारी परिवर्तन पेश करने की खुशी है, जो उपभोक्ताओं की समस्याओं को हल करने में टेक्नॉलॉजी का उपयोग करने के हमारे सिद्धांत के अनुरूप है। यह नया अपडेट यूज़र के अनुभव में सुधार लाएगा और हमारे प्लेटफॉर्म को ज्यादा समावेशी, सुलभ और इस्तेमाल में आसान बनाएगा। बीटा फेज़ द्वारा हमें हर यूज़र के लिए इसे फाईन-ट्यून करने में मदद मिलेगी, जिसके बाद हम इसे विशाल स्तर पर शुरू कर सकेंगे। अभी हम अपने ग्राहकों के छोटे से समूह के साथ इस फीचर को नियंत्रित रूप से शुरू करेंगे। संगीता बवी, एग्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर, डिजिटल नेटिव्स, माईक्रोसॉफ्ट इंडिया ने कहा, ''मेकमाईट्रिप ट्रैवल उद्योग में अग्रणी है। हमें ऑनलाईन ट्रैवल उद्योग में एआई ड्राईवेन इनोवेशन और कस्टमर इंगेज़मेंट के अगले फ्रंटियर्स के लिए मिलकर काम करने पर गर्व है। माईक्रोसॉफ्ट की एआई क्षमताओं, जैसे माईक्रोसॉफ्ट एज़्योर ओपन एआई सर्वि के साथ मेकमाईट्रिप की विशेषज्ञता के साथ हमारा गठबंधन यात्रा को भारत के पर्यटकों के लिए भरोसे और सुरक्षा के साथ ज्यादा समावेशी और सुलभ बनाने में मदद करेगा। एज़्योर ओपन एआई सर्विस की जीपीटी टेक्नॉलॉजी द्वारा पॉवर्ड यह सहज ज्ञान युक्त इंटरफेस यूज़र की जरूरतों का विश्लेषण कर हजारों विकल्पों का मूल्यांकन करेगा और उसी के अनुरूप होलिडे पैकेज का परामर्श दे उसे कस्टमाईज़ एवं बुक करेगा। इस प्रक्रिया द्वारा लंबा चलने वाला यह मुश्किल अनुभव बहुत तीव्र और आसान बन जाएगा। इसमें होटल के रिव्यू, यूनिक ट्रैवलर इम्प्रेशंस का सारांश भी मिलेगा, जो सोलो ट्रैवलर, बिज़नेस ट्रैवलर पर्यटकों, कपल, परिवार आदि के अनुभव पर आधारित होगा। इससे होटल बुकिंग का अनुभव बेहतर बनेगा और यूज़र को अनेक रिव्यूज़ को स्क्रॉल किए बिना ही व्यक्तिगत एवं उपयोगी जानकारी मिल सकेगी।

## पौष्टिक ट्विस्ट के साथ मनाएं मदर्स डे

मदर्स डे आने ही वाला है इस साल अपनी मां को बादाम का तोहफा देने पर विचार करें। यह बेहद लजीज और पौष्टिकता से भरपूर आहार है जो न केवल स्वादिष्ट है बल्कि अच्छी सेहत के गुणों से भरपूर है बादाम एक बहुपयोगी मेवा है जो सेहत को होने वाले कई तरह लाभ के साथ सदियों से भारतीय परंपरा का अंग है। यह अनिवार्य पौष्टिक तत्वों का प्राकृतिक रूप से बेहद समृद्ध स्रोत है, जिसमें प्रोटीन, स्वास्थ्यवर्धक फैट्स, फाइबर, विटामिन-ई और मैग्नीशियम है। यह पौष्टिक तत्व बादाम को संतुलित आहार में जोड़ने के लिए काफी बेहतरीन ड्राईफूट बनाते हैं और उन माताओं को इसे उपहार देने के लिए सोचा-समझा विकल्प बनाते हैं, जो अपने बच्चों और परिवार के बेहतर स्वास्थ्य और बेहतर रहन-सहन को प्राथमिकता देती हैं। मदर्स डे पर मां को उपहार में देने के लिए बादाम एक परफेक्ट गिफ्ट इसलिए है क्योंकि इसमें दिल की सेहत अच्छी बनाए रखने की क्षमता है। अध्ययन में यह दिखाया गया है। बादाम एलडीएल और कोलेस्ट्रोल जिसे आमतौर पर बैड कोलेस्ट्रोल कहा जाता है और जो दिल की बीमारियों के जोखिम का प्रमुख कारक है, कम रखने में मदद करता है।



इसके साथ ही बादाम से सेहत को कई तरह के लाभ मिलते हैं। डायबिटीज के मरीजों के लिए यह फायदेमंद है। इससे वजन को नियंत्रण में रखा जा सकता है। इससे त्वचा की सेहत भी अच्छी रहती है। प्रसिद्ध बॉलीवुड एक्ट्रेस और सेलिब्रिटी सोहा अली खान ने कहा बचपन में एक बच्चे के रूप में बढ़ते हुए मेरी मां ने हमेशा यह सुनिश्चित किया कि मैं दिन की शुरुआत हेल्दी तरीके से करूं। इसके लिए उन्होंने मुझे रोज सुबह बादाम खाने के लिए प्रोत्साहित किया। अब जब हमारी भूमिकाएं बदल गई हैं और मुझे उनकी सेहत की देखभाल करनी है, तो मैं यह सुनिश्चित करती हूं कि वह अपने दिन की शुरुआत बादाम खाने से करें। इसके अलावा यह आदत मैंने अपने घर पर अपने बच्चों में भी डाली है। मैं यह सुनिश्चित करती हूं कि मेरी बेटी अपने दिन की शुरुआत मुट्ठी भर बादाम से करे। बादाम कई आवश्यक पौष्टिक तत्वों, जैसे विटामिन ई, प्रोटीन, मैग्नीशियम और फॉस्फोमरस का प्राकृतिक स्त्रोत है। यह आयरन और फोलेट का भी स्त्रोत हैं और आवश्यक फैट्स से काफी समृद्ध हैं। इस मदर्स डे पर मैं सभी से अपनी माताओं के आहार में मुट्ठी भर बादाम को शामिल कर उनका बेहतर ढंग से ख्याल रखने का आग्रह करूंगी।

## सैमसंग ने सॉल्व फॉर टुमॉरो इनोवेशन प्रतियोगिता के लिए आवेदन आमंत्रित किए

### भोपाल के युवाओं ने वास्तविक दुनिया की वित्तीय समावेशन, पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा तह पहुंच जैसी समस्याओं को हल करने के लिए नए सुझाव प्रस्तुत किए



**भोपाल।** सैमसंग इंडिया द्वारा ओरियंटल इंस्टीटयूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित शिक्षा और नवाचार रोड शो में 600 से अधिक जोश से भरे युवा कॉलेज छात्रों ने राज्य और देश की जनता और समुदायों की उन सबसे कठिन समस्याओं का समाधान करने की इच्छा व्यक्त की है, जिनका सामना आज वे कर रहे हैं। यह रोड शो सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो प्रतियोगिता के दूसरे सीज़न के लिए आयोजित किया गया था।भोपाल में ओरियंटल कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, ओरियंटल कॉलेज ऑफ फार्मेसी, ओरियंटल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, और राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जैसे विभिन्न कॉलेजों से आए छात्रों ने कहा कि वे ऑनलाइन भुगतान के बारे मे कम जानकार लोगों को शिक्षित करके वित्तीय समावेशन, सौर ऊर्जा जैसे ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों का उपयोग करके पर्यावतरण के संरक्षण और क्लाउड लर्निंग एवं अपस्किलिंग के जरिये शिक्षा तक बेहतर पहुंच जैसी वास्तविक समस्याओं को हल करना चाहते हैं।

सैमसंग के ग्लोबल सीएसआर प्रोग्राम सॉल्व फॉर टुमॉरो पर चर्चा करने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने कहा कि उन्हें अपने आइडियाज को क्रियान्वित करने के लिए मार्गदर्शन और समर्थन देने के लिए सॉल्व फॉर टुमॉरो जैसे प्लेटफॉर्म की आवश्यकता है। उन्होंने उन नवीन तकनीक के बारे में बात की, जिनका उपयोग वे समस्याओं का समाधान करने में कर सकते हैं।सैमसंग ने बीते दिनों राष्ट्रीय शिक्षा और नवाचार प्रतियोगिता सॉल्व फॉर टुमॉरो के दूसरे सीज़न के लिए इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (रूद्गद्बह्लङ्घ) के स्टार्टअप हब और फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (स्नद्बञ्ज), द्बढ्ढञ्ज दिल्ली के साथ अपनी पार्टनरशिप की घोषणा की थी।

## आईआईएसईआर भोपाल के वैज्ञानिकों ने ओएलईडी और कैटालिसिस में संभावित एप्लीकेशन के लिए नियर-इन्फ्रारेड लाइट उत्सर्जित करने वाले कार्बनिक अणुओं का किया निर्माण

**भोपाल।** भोपाल के भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान के शोधकर्ताओं ने कार्बनिक अणुओं का एक नया परिवार बनाया है जो नियर-इन्फ्रारेड (एनआईआर)लाइट उत्सर्जित कर विभिन्न एप्लीकेशन के लिए ओएलईडी में कई संभावनाएं खोल रहा है। प्रोफेसर जयरामन शंकर के नेतृत्व मेंउनकी टीम द्वारा अर्जित की गयी यह सफलता शोध क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता है, क्योंकि दुनिया भर एनआईआर-उत्सर्जक ओएलईडी विकसित कर पाना एक चुनौतीपूर्ण प्रयास रहा है।रणनीतिक रूप से नाइट्रेशन का उपयोग करके एनआईआर उत्सर्जन के साथ स्थिर इलेक्ट्रॉन-कमी वाले अणुओं को प्राप्त करने के लिए टीम द्वारा अपनाया गया यह दृष्टिकोण अनूठा है और इसको रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री - केमिकल साइंस के प्रतिष्ठित जर्नल में प्रकाशित भी किया गया है। इस शोध पेपर को सह-लेखक प्रोफेसर जे शंकर, रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर दीपक चोपड़ा और आईआईएसईआर भोपाल के उनके शोधार्थी श्री कुंदन सिंह मेहरा, सुश्री शिवांगी झा, सुश्री अनिला मेनन के सहयोग से तैयार किया गया है।लाइट उत्पन्न करने वाले डायोड्स या एलईडी जो छोटे लाइट उत्सर्जक उपकरण होते हैं जिनका उपयोग आमतौर पर टेलीविजन स्क्रीन, गैजेट डिस्प्ले आदि की एप्लीकेशन में किया जाता है। वह पारंपरिक फिलामेंट बल्बों से अलग होते हैं, क्योंकि बल्ब गर्म होने पर लाइट उत्सर्जित करते हैं जबकि एलईडी से तब लाइट उत्सर्जित होता है जब बिजली (इलेक्ट्रॉनों के रूप में) उसके माध्यम से गुजरती है। ओएलईडी एलईडी का ही एक रूप है जहां लाइट उत्सर्जक सामग्री कार्बनिक अणु होते हैं ङ्क यह रसायन बड़े पैमाने पर कार्बन और हाइड्रोजन से बने होते हैं।हालांकि दिखने वाले लाइट उत्सर्जक ओएलईडी को पहले से ही गैजेट, टीवी और लाइट व्यवस्था के डिस्प्ले में इसके उपयोग के लिए बड़े पैमाने पर आवेदन मिल चुका है, लेकिन आईआर-उत्सर्जक ओएलईडी का उत्पादन

## सोनालीका ने शानदार प्रदर्शन के साथ FY'24 में शुरुआत की; अप्रैल'23 में अब तक की सर्वाधिक कुल 12,590 ट्रैक्टर बिक्री और ट्रैक्टर उद्योग में सर्वाधिक बाज़ार हिस्सेदारी में वृद्धि दर्ज की

सोनालीका एकमात्र ऐसा ब्रांड है जिसने अप्रैल%23 में ट्रैक्टर उद्योग में वृद्धि दर्ज करते हुए अपनी सर्वाधिक 12,590 कुल ट्रैक्टरों की बिक्री और सर्वाधिक बाज़ार हिस्सेदारी में वृद्धि (1.9त्न अनुमान) दर्ज की है। किसानों की मांगों को अपनी नीतिगत दृष्टिकोण और अनुकूलित अत्याधुनिक तकनीकों के साथ पूरा करते हुए कंपनी निरंतर आगे बढ़ रही है।नई दिल्ली -वित्तीय वर्ष'23 में अब तक की सर्वाधिक वार्षिक बिक्री का रिकॉर्ड प्रदर्शन दर्ज करने के बाद, सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष'24 में भी उसी प्रदर्शन को आगे बढ़ाना जारी रखा है। भारत से नंबर 1 ट्रैक्टर निर्यात ब्रांड, सोनालीका ने कृषि समुदाय के बीच बढ़ती ब्रांड प्राथमिकता को दर्शाते हुए अप्रैल में अपनी सर्वाधिक कुल 12,590 ट्रैक्टरों की बिक्री का नया रिकॉर्ड बनाया है। इस असाधारण प्रदर्शन से कंपनी ने ट्रैक्टर उद्योग में 1.9त्न की बाज़ार हिस्सेदारी में भी वृद्धि हासिल की है।भारत के प्रमुख ट्रैक्टर निर्माताओं में से एक, सोनालीका किसानों की मांगों को अपनी नीतिगत दृष्टिकोण और



अनुकूलित ट्रैक्टरों के साथ पूरा करते हुए निरंतर आगे बढ़ रही है। रिसर्च और अत्याधुनिक तकनीकों की तरफ उद्देश्यपूर्ण केन्द्रित होना तथा किसानों के साथ निरंतर जुड़ाव कंपनी को ट्रैक्टरों की विस्तृत श्रृंखला निर्माण करने में सक्षम बनाता है 7 यह रेंज शक्तिशाली इंजन, बेहतर ट्रांसमिशन और हाइड्रोलिक्स से लैस है जो किसानों को उच्च उत्पादकता और लाभ को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का सामर्थ्य देता है। वित्त वर्ष'24 में किसानों की खुशियों को बढ़ाने के लिए सोनालीका बेहतरीन ट्रैक्टर और सर्विस की पेशकश करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।इस अद्भुत प्रदर्शन पर अपने विचार साझा करते हुए, श्री रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहा, हमें एक दमदार प्रदर्शन के साथ नए स्नङ्क'24 में प्रवेश करके बहुत अच्छा लग रहा है। हमने अप्रैल%23 में अब तक की सर्वाधिक कुल 12,590 ट्रैक्टरों की बिक्री के साथ ट्रैक्टर उद्योग में अधिकतम 1.9त्न बाज़ार हिस्सेदारी में वृद्धि दर्ज की है। इस शानदार प्रदर्शन ने वित्त वर्ष 24 में हमारे लक्ष्य को निर्धारित किया है और हमारी उच्चतम उपलब्धि से परे जाने की भावना को भी दर्शाया है। यह नए रिकॉर्ड की दिशा में पहला कदम है और हम किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उन्नत कृषि मशीनरी निरंतर पेश करते रहेंगे।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों के अनुरूप आईआईएम, संबलपुर ने अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के सहयोग से नए वैकल्पिक ड्यूअल डिग्री प्रोग्राम का एलान किया

**नई दिल्ली।** देश में नए जनरेशन के आईआईएम में सबसे भरोसेमंद और प्रीमियम मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट में से एक- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, संबलपुर ने नई दिल्ली में अपना नया कैंपस खोलने की घोषणा की है। नया कैम्पस दक्षिणी दिल्ली के वसंत कुंज औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक विकास अध्ययन संस्थान (आईएसआईडी) में स्थित एक सुव्यवस्थित और बेहतर परिसर होगा। आईआईएम संबलपुर ने आईएसआईडी के इन्फ्रास्ट्रख्र के साथ-साथ इसके संकाय सदस्यों को आकर्षित करते हुए नए आईएसआईडी परिसर से मैनेजमेंट में छोटे और साथ ही लंबी अवधि के एक्जीक्यूटिव और अन्य कार्यक्रमों का संचालन करने की भी योजना बनाई है। इसका उद्देश्य ऐसे कामकाजी पेशेवरों, एक्जीक्यूटिव और उद्यमियों की जरूरतों को पूरा करना है, जो अपने संबंधित कारोबार या प्रोफेशन को जारी रखने के अलावा प्रीमियम आईआईएम से सप्ताहांत पर अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों से दोहरी डिग्री के विकल्प के साथ मैनेजमेंट स्टडी करना चाहते हैं।केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ सुभाष सरकार ने इस अवसर पर कहा, ''देश में स्टार्टअप से संबंधित ईकोसिस्टम को सपोर्ट करने की दिशा में उठाए गए इस महत्वपूर्ण कदम के लिए मैं आईआईएम संबलपुर को बधाई देता हूं। आईआईएम संबलपुर का लोगो इस संस्थान के बुनियादी सिद्धांतों और आदर्शों यानी इनोवेशन, इंटीग्रेशन और इंक्लूसिवनेस का एक संपूर्ण ग्राफिक चित्रण है। आईआईएम संबलपुर अपने




बुनियादी मूल्यों के साथ ऐसे फ्यूचर लीडर्स को तैयार करेगा, जिनका प्राथमिक लक्ष्य उद्यमशीलता की मानसिकता के साथ सस्टेनेबिलिटी की दिशा में आगे बढ़ना होगा। मुझे उम्मीद है कि यह एग्जीक्यूटिव एमबीए प्रोग्राम अनेक फ्यूचर लीडर्स को एक ऐसा विजन प्रदान करेगा, जिसके सहारे वे वैश्विक दृष्टिकोण के साथ समस्याओं का हल तलाश सकेंगे। जी20 सेमिनार के साथ इसे जोड़ते हुए आईआईएम, संबलपुर के डायरेक्टर डॉ. महादेव जायसवाल ने कहा, ''आईआईएम, संबलपुर को मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के 3.0 संस्करण के रूप में जाना जाता है क्योंकि यह तीन मुख्य स्तंभों, यानी, इनोवेशन, इंटीग्रेशन और इनक्लूसिवनेस पर बनाया गया है। यह तीसरी पीढ़ी का आईआईएम है जो तीन प्राथमिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करता है- टीचिंग, रिसर्च और इनक्यूबेशन। आईआईएम संबलपुर एकमात्र आईआईएम है जहां हमने छात्र और छात्राओं की समान संख्या होने का एक मानक निर्धारित किया है। आज यह एक ट्रेंड बन चुका है। उन्होंने आगे कहा, ''आईआईएम संबलपुर ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से संबलपुर और ओडिशा के अन्य क्षेत्रों के 30,000 विश्व स्तरीय बुनकरों के उत्पादों तक पहुंच प्रदान करने के लिए ष्प्मअमतेअंससलेण्बवउष् नामक एक अनूठी परियोजना की शुरुआत की है। इस सिलसिले में हमने फ्लिपकार्ट और सिडबी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। नए परिसर और नए पाठ्यक्रम के शुभारंभ पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा, ''हम दिल्ली में अपने नए परिसर के उद्घाटन की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं। संस्थान सबसे अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने और परिवर्तन लाने में सक्षम पेशेवरों के एक समुदाय को बढ़ावा देने और संगठनों को सफलता की ओर ले जाने के लिए समर्पित है। इस नए परिसर के साथ, हमारा उद्देश्य भारत भर के छात्रों और पेशेवरों को एक प्रीमियम आईआईएम से विश्व स्तरीय प्रबंधन शिक्षा प्रदान करने के अपने मिशन को आगे बढ़ाना है। हम दिल्ली में अपने नए परिसर में छात्रों, उद्यमियों और पेशेवरों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तत्पर हैं।''

**लॉन्च किए नए कोर्स-** आईआईएम संबलपुर ने विशेष रूप से कामकाजी पेशेवरों, स्ट्रेटेजिक लीडर्स और न्यूनतम 3 वर्षों के अनुभव वाले उद्यमियों के लिए दो साल के एक नए हाइब्रिड एमबीए प्रोग्राम की भी घोषणा की। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नवीनतम प्रावधानों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों से दोहरी डिग्री प्राप्त करने के विकल्प के साथ कार्यक्रम को हाइब्रिड मोड में पेश किया जाता है। यह कोर्स आईआईएम संबलपुर के दिल्ली केंद्र के आईएसआईडी परिसर में सप्ताहांत पर आयोजित किया जाएगा। प्रतिभागियों को शिक्षा प्रदान करने के लिए फ्लिप्ड क्लासरूम, लेख्र, केस डिस्कशन, प्रोजेक्ट वर्क, टर्म पेपर, रोल-प्ले, सेमिनार प्रेजेंटेशन, असाइनमेंट, मैनेजमेंट गेम्स और सिमुलेशन का एक विवेकपूर्ण हाइब्रिड मोड में उपयोग किया जाएगा, ताकि वे अपने आप को इनोवेटिव फ्यूचर लीडर्स में बदल सकें।

# पूर्व सीएम कमलनाथ ने किया परासिया में नारी सम्मान योजना का शुभारंभ

## महिलाओं को 1500रू. प्रतिमाह और 500 रू. में मिलेगा गैस सिलेन्डर



**छिन्दवाड़ा ।** जिले व सम्पूर्ण मप्र की मातृशक्ति को सशक्त बनाने हेतु प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व सीएम कमलनाथ व छिन्दवाड़ा सांसद नकुलनाथ आज "नारी सम्मान योजना"का माताओं, बहनों व बेटियों की उपस्थित में भव्य शुभारंभ किया । योजना छिन्दवाड़ा जिले के साथ ही सम्पूर्ण मप्र में लागू की गई। योजना के तहत सम्मान निधि पंद्रह सौ रुपये के साथ ही मात्र पांच सौ रुपये में रसोई गैस का सिलेंडर प्राप्त होगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व सीएम कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ जिले व प्रदेश की मातृशक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। नेताद्वय के प्रयासों से जिले में अनेकों स्कील सेंटर संचालित है जहां केवल महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर परिवार व समाज को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करें। पूर्व सीएम कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ अब इसी कड़ी में नारी सम्मान योजना को लागू करने जा रहे हैं जो सम्पूर्ण मप्र में 9 मई से आरंभ हुई। छिन्दवाड़ा जिले के परासिया के स्थानीय ईडीसी ग्राउंड में प्रात: 11.30 बजे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ नारी सम्मान योजना का भव्य शुभारंभ कर प्रदेश की समस्त माताओं, बहनों व बेटियों को नारी सम्मान योजना का तोहफा दिया । कमलनाथ की नारी सम्मान योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये माताओं व बहनों को भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। फार्म भरवाने के लिये उन तक कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण पहुंचेंगे। फार्म भरवाने के उपरांत एक रसीद भी दी जावेगी जो कि जिले के प्रत्येक स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में जमा होगी।

### नारी सम्मान योजना से भर जायेगा खुशियों से घर

नारी सम्मान योजना से हमारे छिन्दवाड़ा जिले के साथ ही प्रदेश का प्रत्येक घर खुशियों से भर जायेगा। माताओं, बहनों व बेटियों को इस योजना के तहत प्रति माह 1500 रुपये प्राप्त होंगे। जबकि वार्षिक 18000 हजार रुपये मिलेंगे। पूर्व सीएम श्री कमलनाथ की नारी सम्मान योजना के तोहफे में मात्र 500 रुपये में रसोई गैस का सिलेंडर प्राप्त होगा। इससे गृहणियों को अनुमानित 8000 रुपयों की सालाना बचत होगी। इस तरह लगभग 26 हजार रुपयों का लाभ गृहणियों को होगा और रसोई के बजट में भी भारी कमी आयेगी।

### ऐसे भरे जायेंगे योजना के फार्म

नारी सम्मान योजना का पंजीयन 9 मई से प्रारंभ होगा। फार्म कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण द्वारा घर-घर जाकर भरे जायेंगे। मातृशक्ति को योजना का लाभ लेने के लिये भटकने की आवश्यकता नहीं होगी ना ही किसी प्रकार के दस्तावेजी प्रक्रिया का सामना करना पड़ेगा ना ही घंटों कतार में खड़े होकर अपनी बारी आने का इंतजार करना होगा। कांग्रेस के कार्यकर्तागण घर-घर पहुंचकर पंजीयन करेंगे और भरे हुये फार्म की एक रसीद देंगे। फार्म भरे जाने और रसीद प्राप्त करने के साथ ही पंजीयन हो जायेगा।

## दिनदहाड़े चैन स्नैचिंग की वारदात

### 2 दिन में छिंदवाड़ा में चैन स्नैचिंग की दूसरी वारदात, कल धर्म टेकरी चौकी क्षेत्र में हुई थी वारदात



**छिंदवाड़ा ।** कोतवाली थाना के पास निर्मला देवी आश्रम के पीछे एक निजी क्लीनिक के पास गुजर रही महिला से दो बाइक सवार महिला की चैन छीन कर फरार हुए मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस आरोपी की तलाश मे आसपास के इलाके में जांच पड़ताल शुरू की ,सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है 2 दिन में छिंदवाड़ा में चैन स्नैचिंग की दूसरी वारदात है कल भी अज्ञात आरोपियों द्वारा सारना रोड में मल्लू बाबा के पास बाइक सवार दंपत्ति से चेन छीन कर फरार हो गए थे आज की बरदात में लगभग 70,000 हजार रुपए की चैन बताई जा रही है।

## असामाजिक तत्वों द्वारा मोक्ष धाम की हाई मास्क लाइट चोरी

**परासिया।** भमोडी बस स्टैंड के पास स्थित मोक्षधाम के चारो हाई मास्क लाइट को अज्ञात तत्वो ने चुरा लिया है। भमोडी सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने बताया कि मोक्षधाम भाजीपानी की सीमा में है लेकिन विद्युत संबंधी व्यवस्था ग्राम पंचायत भमोडी द्वारा की जाती है। यहां पर जनसहयोग से चार हाई मास्क लाईट लगाए गये थे। मोक्षधाम मेन रोड किनारे होने के कारण इसकी रोशनी दूर तक रहती थी गुरूवार-शुक्रवार की दरमियानी रात अज्ञात तत्वो ने चारो लाइट वायर सहित चुरा लिया है वहां पर अन्य वैकल्पिक व्यवस्था नही होने के कारण रात में पूरे मोक्षधाम और सडक पर अंधेरा हो गया है। चोरी की सूचना पुलिस चौकीबरकुही में दर्ज कराई गयी है।

## डी डी सी कॉलेज का निरीक्षण, कमियों को पूर्णत: चालू करने दिये निर्देश

**छिंदवाड़ा ।** आयुक्त राहुल सिंह के निर्देशानुसार डी डी सी कॉलेज का निरीक्षण किया गया जिसमे कॉलेज परिसर के होस पाइप में पानी नही पाया गया एवं एबीसी टाइप सिलेंडर एक्सपायर डेट के पाए है साथ ही कॉलेज परिसर में एबीसी टाइप सिलेंडर बढ़ाए जाने, हाइड्रेंड पाइप लगाए जाने एवं इमरजेंसी एग्जिट के संकेत लगाए जाने हेतु उक्त संस्था को 2 दिवस के भीतर पाई गई कमियों को पूर्णत: चालू किए जाने हेतु निर्देशित किया गया । उक्त स्थल पर विवेक चौहान सहायक यंत्री नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा, सुरेंद्र उइके उपयंत्री, सौरभ मदने कार्य सहायक एवम फायर कंसल्टेंट एवम भवन संचालक उपस्थित थे ।

## जिले के 23 परीक्षा केन्द्रों में 21 मई को राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन

### परीक्षा केन्द्रों में समुचित सफाई व पेयजल व्यवस्था और विद्युत सप्लाई सप्लाई निरंतर जारी रखे जाने के निर्देश

**छिन्दवाड़ा ।** म.प्र.लोक सेवा आयोग द्वारा आगामी 21 मई को प्रात 10 से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर 2.15 से 4.15 बजे तक 2 सत्रों में प्रदेश के सभी 52 संभाग, जिला मुख्यालय पर ओ.एम.आर.आधारित पध्दति से राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2022 का आयोजन किया गया है। छिंदवाड़ा जिले के 23 परीक्षा केन्द्रों में इस परीक्षा का आयोजन किया गया है जिसमें 8 हजार 354 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। अपर कलेक्टर श्री ओ.पी.सनोडिया द्वारा आयोग के निर्देशों के परिपालन में इस आयोजित परीक्षा के लिये जिला मुख्यालय में स्थित परीक्षा केन्द्रों में समुचित सफाई व पेयजल व्यवस्था और विद्युत सप्लाई निरंतर रूप से जारी रखे जाने के निर्देश आयुक्त नगरपालिक निगम और अधीक्षण यंत्री म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को दिये गये हैं। साथ ही जिला कोषालय छिंदवाड़ा में भी प्रात: 7 से शाम 7 बजे तक विद्युत सप्लाई व्यवस्था निरंतर सुचारू व सुदृढ़ बनाये रखे जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं ।

## निशुल्क खेल प्रशिक्षण में प्रत्येक दिवस मिलेगा बच्चों को प्राइस

**छिंदवाड़ा ।** शाम 5 बजे से शाम 6.30 बजे तक पुलिस ग्राउंड में आयोजित निशुल्क प्रशिक्षण लगातार चल रहा है आज बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राओं ने इस 1 माह तक चलने वाले निशुल्क प्रशिक्षण में हिस्सा लिया फिजिकल ट्रेनिंग में रनिंग की प्रैक्टिस नीरज कुलतिया सर राजेंद्र शाह ऊईके सागर पवार सर द्वारा कराई गई इसके बाद स्क्रीचिंग की प्रैक्टिस राजेंद्र सर शाह उईके द्वारा कराई गई इसके बाद कबड्डी कुमारी पूजा सरेआम द्वारा कबड्डी की प्रैक्टिस कराई गई ।

## लाडली बहन योजना के खिलाफ दुष्प्रचार करने पर किया विरोध



**अमरवाड़ा ।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के तत्वाधान में प्रदेश की जनता से किए गए वादे 15 महीने में पूर्ण नहीं करना और महिलाओं के लिए सरकार के द्वारा चलाई जा रही लाडली बहना योजना के खिलाफ में अनर्गल बातें करना और उसका दुष्प्रचार करना एवं अन्य विषयों को लेकर मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का पुतला दहन पार्टी के निर्देशानुसार महिला मोर्चा के द्वारा पार्टी के सभी वरिष्ठ जनों के उपस्थिति में फव्वारा चौक में किया गया ! जिसमें जिला भाजपा के महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी ,जिला महिला मोर्चा की महामंत्री ललिता वर्मा, पूर्व जिला मंत्री पंडित नितिन तिवारी ,किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मुकेश यादव, विधानसभा के मीडिया प्रभारी मुकेश सूर्यवंशी ,विनोद चंद्रवंशी मंडल अध्यक्ष ,मनीषा बरमैया अध्यक्ष महिला मोर्चा नगर मंडल, छाया बंटी इंगोले अध्यक्ष महिला मोर्चा ग्रामीण मंडल ,सुरेखा इंगोले मंत्री मंडल भाजपा , सुख वती वर्मा ,बृज कुमारी वर्मा पूर्व पार्षद, शशि भूषण सिंह जी विस्तारक अमरवाड़ा विधानसभा, पार्षद विनोद साहू इंडिया ,आरिफ खान ,अमित नेमा ,नवीन साहू, पीयूष चौरसिया ,मोहित साहू, रज्जू चौरसिया, समकित जैन, युग ठाकुर अनुसूचित जनजाति मोर्चानरेंद्र सिसोदिया ,बंटी इंगोले, पहलाद चंद्रवंशी भारतीय जनता पार्टी और महिला मोर्चा के नगर मंडल और ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ता बंधु ,बहने कार्यक्रम में उपस्थित रहे !

## विश्व हिंदू परिषद ने कहा शांति पूर्ण प्रदर्शन करेंगे,

### कांग्रेस भवन की रक्षा में पुलिस तैनात

**छिंदवाड़ा ।** विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह ने कहा कि आज बजरंग दल का प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण होगा। बजरंग दल कार्यकर्ता फव्वारा चौक पर एकत्रित होंगे, यहाँ से मानसरोवर जाएंगे। यहां से रैली वापस फव्वारा चौक जाएंगी, यहाँ हनुमान चालीसा का पाठ व 108 बार रामनाम जाप किया जाएगा। आरती के बाद बजरंगी कांग्रेस भवन के लिए रवाना होंगे लेकिन बीच रास्ते में पुलिस बजरंगियों को रोकेगी तो विरोध नहीं किया जाएगा और प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण व अहिंसक होगा। श्री सिंह ने बताया कि बजरंग दल के कार्यकर्ता अनुशासित रहेंगे और हम किसी प्रकार का हुड़दंग बर्दाश्त नहीं करेंगे। बता दें कि यह विरोध प्रदर्शन कर्नाटक में कांग्रेस के घोषणा पत्र में बजरंग दल को बैन करने पर शुरू हुए विवाद के सिलसिले में हो रहा है। दूसरी तरफ छिंदवाड़ा में देर शाम कांग्रेस भवन को पुलिस की सुरक्षा में कर दिया गया है। इएलसी चौक पर बेरिकेडिंग भी की जा रही है।

## पोल्ट्री फार्म संचालको के समर्थन में जय भीम सेना ने सौंपा ज्ञापन



**छिंदवाड़ा ।** जय भीम सामाजिक संगठन छिंदवाड़ा जिले में संचालित पोल्ट्री फार्म की समस्याओं के संबंध में आज कलेक्टर महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा और अवगत कराया कि जिले में सैंकड़ों पोल्ट्री फार्म संचालित हैं, और अधिकतर पोल्ट्री फार्म संचालकों द्वारा शासन की योजना अंतर्गत ऋण लेकर यह व्यवसाय कर किया जा रहा है, परंतु उन्हे तैयार ब्रायलर के पर्याप्त रेट नहीं मिलने के कारण नुकसान उठाना पड़ रहा है, क्योंकि हमारे जिले के पोल्ट्री फार्म में जब ब्रायलर तैयार हो जाता था, उस समय आई.बी. कंपनी के द्वारा रेटं खोले जाते थे जिसमें ब्रॉयलर की गाड़ी ओपन रेट से मण्डी भाव 5 से 10 रूपये तक कम करके ब्रायलर ले जाते थे, जिससे वाहन मालिक का सारा खर्च निकलने के बाद भी पर्याप्त बचत हो जाती थी, और वर्तमान में वाहन चालकों ने ब्रायलर की गाड़ी ओपन रेट से 10 से 30 रूपये तक कम करके ब्रायलर ले जा रहे हैं, जिससे पोल्ट्री फार्म संचालको को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## बडकुही में दिनदहाड़े निकाला जा रहा है कोयला

### लोगों की दबकर हो चुकी है मौत

**परासिया ।** चांदामेटा थाने के अंतर्गत बड़कुही के छिंदढाना में पिछले कई वर्षों से नाले और उसके आसपास से लगातार अच्छे किस्म का कोयला निकाला जा रहा है। वर्तमान में कोयला चोर सुबह से लेकर रात तक कोयला निकाल रहे हैं ।कोयला निकलवाने वाला व्यक्ति पहले बोरियों से ईट भटटे में कोयला बेच रहे थे। लेकिन रात में पिकअप में भरकर कोयला जा रहा है ।कोयला चोरों ने कोयला निकालने के लिए नाले में कई स्थानों पर लंबी सुरंग बना लिया है खदानों के जानकारों का कहना है कि बडकुही के वार्ड क्रमांक 1 एवं 14 में छिंदढाना एवं चीफ हाउस क्षेत्र में करीब 100 वर्ष पूर्व भूमिगत कोयला खदान खोली गई थी। लेकिन खदान ज्यादा वर्षों तक नहीं चली है। सूत्रों के अनुसार इस क्षेत्र में भूगर्भ में बड़ी मात्रा में कोयले का भंडार है ।यहां पर ओपन कास्ट खदान खोलकर कर कोयला निकालने पूर्व में वे,को,ली ने योजना बनाई थी। लेकिन प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई क्योंकि यहां पर कई स्थानों में



कोयला ज्यादा गहराई में नहीं है इसलिए कोयला चोरों ने आसानी से खुदाई कर मिट्टी हटाकर बड़ी मात्रा में कोयला निकाल रहे हैं। यह भी पता चला है ।कि कोयला निकालने के कारण रहवाशि भी परेशान है। कुछ लोगों के मकान के समीप बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने के कारण बारिश में मकान गिरने का खतरा हो गया है।

### जान से खिलवाड़

कोयला चोरी को लेकर सबसे गंभीर बात यह सामने आई है कि पूर्व के वर्षों में कोयला निकालते समय 8 लोग की दबकर मौत हो चुकी है ।एक बार एक साथ चट्टान में दबने से चार लोगों की मौत हो गई थी ।इसके अलावा तीन अलग-अलग हादसे में मिट्टी में दबकर 3 लोगों की मौत हुई थी साथ ही गत 6 अप्रैल 2016 को ईकलहरा के चर्चित कोल माफिया के द्वारा पुलिस संरक्षण में दिनदहाड़े छिंदढाना में जेसीबी लगाकर कोयला निकलवाया जा रहा था तब इकलेहरा के 20 वर्षीय युवक रवि यादव की चट्टान में दबकर मौत हो गई थी।

## नकुलनाथ ने शिवराजसिंह को लिखा पत्र

### आवास योजना की रूकी डीपीआर की जाये जारी

**छिन्दवाड़ा ।** जिले के सांसद कुलनाथ ने आवास योजना के तहत रूकी हुई डीपीआर जारी किये जाने व शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के हितग्राहियों को आवास योजना के तहत दी जाने वाली सहायता राशि के अंतर को समाप्त कर सभी को समान राशि देने की मांग रखी। महंगाई के दौर में मकान निर्माण में लगने वाली सभी सामग्री महंगी हो चुकी है जिसके चलते शहर और गांव के हितग्राहियों को समान राशि उपलब्ध कराई जाने की मांग पत्र के माध्यम से की है। सांसद नकुलनाथ ने अपने पत्र के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को अवगत कराया कि मेरे संसदीय क्षेत्र जिला छिन्दवाड़ा में प्रधानमंत्री आवास योजना की डीपीआर स्वीकृत होने में अत्यंत विलम्ब हो रहा है। नगर निगम छिन्दवाड़ा में विगत दो वर्षों से कोई भी आवास योजना की नई डीपीआर को स्वीकृति नहीं मिली है। छिन्दवाड़ा के अन्य नगरीय निकायों में भी यही स्थिति है। ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति भी अत्यंत दयानीय है। ग्रामीणजन आज भी कच्चे एवं जर्जर मकानों में निवास करने को मजबूर है] जिससे जनहानि का खतरा सदैव बना रहता है। ग्रामीणों द्वारा आवास के लिये आवेदन जमा करने के बाद भी वर्षों से उनके आवेदन लम्बित है।श्री नाथ ने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवास के लिये 1.5 लाख की राशि दी जाती है। जबकि निगम क्षेत्र में यह राशि 2.5 लाख है। महंगाई के इस दौर में मात्र 1.5 लाख में मकान निर्माण संभव नहीं है। लोहा, सीमेंट, रेत व गिट्टी के दाम पहले की तुलना में बेहद बढ़ चुके हैं। अत: ग्रामीण क्षेत्र में भी इस योजना की राशि को बढ़ाकर 2.5 लाख रुपये करने की आवश्यकता है। सांसद नकुलनाथ ने अपने पत्र के अंत में आग्रह पूर्वक लिखा कि प्रदेश के अन्य जिलों की तुलना में छिन्दवाड़ा में आवास डीपीआर की स्वीकृति अत्यंत कम है एवं जो स्वीकृति दी जा रही है उसमें अत्यधिक समय लग रहा है। मुझे जानकारी मिली है कि बहुत से विभागों एवं अधिकारियों ने आवास सूची को रोककर रखा है, जिसे क्रियान्वित न किये जाने से लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। चूंकि बारिश का समय निकट है इसीलिये आपसे निवेदन है कि जमा किये गये आवेदनों की सूची बनवाकर रूकी हुई डीपीआर को तत्काल स्वीकृत कराने का कष्ट करें, जिससे हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके एवं आवास निर्माण का काम बारिश के पूर्व पूर्ण हो सके।

## भाजपा महिला मोर्चा उतरा सड़कों पर

### सभी मंडलों में भाजपा महिला मोर्चा ने किया कमलनाथ का पुतला दहन एवं विरोध प्रदर्शन



**छिंदवाड़ा ।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती गरिमा प्रतीक दामोदर ने बताया कि 2018 के चुनाव के पूर्व कमलनाथ एवं कांग्रेस ने इसी छिंदवाड़ा की पावन भूमि से मध्यप्रदेश के पूरे किसानों को धोखा दिया गया था और 2 लाख रूपये कर्जा माफी की बात की थी इसी पावन भूमि से युवाओं को 4 हजार रूपये बेरोजगारी भत्ते देने के लिए झूठ बोले थे। छिंदवाड़ा की पावन भूमि से स्वसहायता समूह की बहनों को कर्जामाफी की बात की थी और कमलनाथ की कांग्रेस सरकार बनने के बाद ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। इस बार हम मध्यप्रदेश की बहनों और छिंदवाड़ा की पावन भूमि को कमलनाथ की इस ठगी से बचायेंगे । श्रीमती गरिमा दामोदर ने आगे बताया कि मध्यप्रदेश की महिलाओं सशक्त करने के लिए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सरकार लाडली बहना योजना प्रारंभ की है जिससे बहनों को 1 हजार रुपये प्रतिमाह मिलेंगे । लेकिन कमलनाथ द्वारा लाडली बहना योजना को झूठा और फरेब बताना, महिलाओं को भ्रमित कर बार-बार महिलाओं का अपमान करने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा स्थानीय फब्बारा चौक में कमलनाथ का पुतला दहन एवं विरोध प्रदर्शन किया गया ।

## आदिनाथ जिनालय में हुआ मंगल शांति विधान

### बाल ब्रह्मचारी सुमतप्रकाशजी जैन का हुआ नगर आगमन



**छिन्दवाड़ा ।** जेष्ठ कृष्ण तृतीया सोमवार के शुभ दिन नगर का अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ जिनालय शासन नायक महावीर भगवान की जय, दिगम्बर महामुनिराजों की जय, जिनवाणी माता की जयघोष से गुंजायमान हो उठा मंगलमय प्रसंग था श्री मंगल शांति विधान के मंगलकारी अनुष्ठान का।जिसे कराने का सौभाग्य श्री दिगम्बर जैन मुमुक्षु मण्डल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के जिनशासन सेवकों सहित मण्डल के कोषाध्यक्ष विजयकुमार कौशल, श्रीमती ममता अजय कौशल, अनिता संजय कौशल एवं मोनिका अखिलेश कौशल परिवार को मिला। विधान का सफल संचालन पण्डित ऋषभ शास्त्री, वर्धमान जैन, सचिन जैन, डॉ. विवेक जैन, विशाल शास्त्री सहित आशीष कौशल ने किया जिनके सुमधुर मंगलगान से जिनालय गुंजायमान हो गया।

### बा. ब्र. सुमतप्रकाशजी जैन का हुआ आगमन

दोपहर के समय जैनदर्शन के प्रकाण्ड विद्वान एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत बाल ब्रह्मचारी पण्डितश्री सुमतप्रकाशजी जैन खनियाधाना वालों का नगर आगमन हुआ जिनका मण्डल एवं फेडरेशन के सदस्यों द्वारा आत्मीय अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर मण्डल के मंत्री अशोक वैभव, फेडरेशन सचिव दीपकराज जैन सहित रमेश जैन, प्रमोद पाटनी, विमल जैन, प्रमोद जैन, प्रफुल्ल जैन, गोल्डी आनंद, विवेक जैन, सुमित जैन, पीयूष जैन, प्रखर शास्त्री, निकुंज जैन, प्रशम जैन, दिवस शास्त्री, यशराज जैन सहित बड़ी संख्या में श्रावकगण उपस्थित थे।

## निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित, ग्रामीणों में किया दवाओं का वितरण

जनसेवा हिताय ने ग्राम पंचायत थावरी में लगाया फ्री स्वास्थ्य कैंप

**छिंदवाड़ा ।** छिंदवाड़ा जिले में समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संगठन जनसेवा हिताय के द्वारा समाज सेवी संगठन जनसेवा हिताय की अध्यक्ष हर्षा बनोदे तोमर के नेतृत्व में छिंदवाड़ा शहर से 20 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत थांवरी चांद रोड (छिंदवाड़ा) मे स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों ग्रामीण जनों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयों का वितरण भी किया गया। जनसेवा हिताय की अध्यक्षा हर्षा बनोदे तोमर ने बताया कि इस शिविर में कान्हा हॉस्पिटल एवम चौधरी सर्जिकल मेडिकल से दवाइया का सहयोग किया गया, डॉक्टर मीरा पराड़कर (उपाध्यक्ष )डॉक्टर शबाना यशमीन डॉक्टर , डॉक्टर रामकुमार आमगौरिया डॉक्टर दीपक ठाकुर , डॉक्टर निर्मला पहाड़े शंकर निमजे,अलका शुक्ला, नीता साहनी, मनोज चंद्रवंशी, सहित जन सेवा के कार्य में अपना अमूल्य योगदान दिया। एवम सहयोग कर्ताओं में ग्राम पंचायत थावरी सरपंच श्रीमती पिंकी सनिया नरेश कथुरिया उपसरपंच प्रह्लाद उसरेठे सचिव नूर सिंह शिवहरे इंद्र कुमार यादव कंप्यूटर ऑपरेटर कृष्णपाल शिवहरे , सिमो ढकड़े, विशाखा क्थरिया सहित कई सम्मानीय नागरिक गण उपस्थित रहे। सफल स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के बाद हर्षा बनोदे तोमर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हम जन सहयोग से और जनता के लिए यह जनसेवा का पुनीत और पावन कार्य निरंतर जारी रखेंगे।



## आपकी निष्ठा की सबसे बड़ी परीक्षा पांच माहों में : कमलनाथ

### नकुलनाथ ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा

**छिन्दवाड़ा।** किसी भी जिला या ब्लॉक अध्यक्ष की तुलना में क्षेत्रीय नेता और कार्यकर्ता का मतदाताओं से सबसे निकट संबंध होता है। क्षेत्रीय कमेटियां ही संगठन की धुरी होती है, वहीं आमजन के सुख दुख में सहभागी होती है औरयही निष्ठा संगठन को मजबूती प्रदान करती है। आपकी इसी निष्ठा की सबसे बड़ी परीक्षा आगामी पांच माहों में होने जा रही है मुझे पूर्ण विश्वास है कि अमरवाड़ा विधानसभा एक बार फिर से नया इतिहास रचेगी।उक्त उदगार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व सीएम कमलनाथ ने अमरवाड़ा में सिंगोड़ी व अमरवाड़ा के कांग्रेस पदाधकारियों व कार्यकर्ताओं के एक सम्मेलन में व्यक्त किये। इस अवसर पर उन्होंने बैठक में उपस्थित नये चेहरों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि राजनीति में पिरवर्तन आया है अब कोई भी गांव या कस्बा कांग्रेस या भाजपा का परम्परागत गांव नहीं है। इसीलिये हमें अधिक से अधिक व्यक्ति को संगठन से जोड़ने की राजनीति करनी है ना कि विभाजन की। उन्होंने कहा आप सभी निष्ठावान है और मेरा पूरा भरोसा आप पर है। मुझ पर सम्पूर्ण मप्र की जिम्मेदारी है और आप मुझे भी एक जगह बांधकर नहीं रखना चाहेंगे। अत: आप पर मुझसे अधिक जिम्मेदारी है।कमलनाथ ने अपने उदबोधन में भाजपा को घेरते हुये कहा कि आज समाज का हर वर्ग परेशान है, बेरोजगारों के पास नौकरी नहीं है, किसानों के जेब में पैसा नहीं है जबकि हमारी सरकार ने सबसे ज्यादा किसानों को प्राथमिकता दी थी हमने कर्जमाफी की पहली किस्त में प्रदेश के 27 लाख किसानों का कर्जा माफ किया था। श्री नाथ ने प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही जिले से किये गये सौतेले व्यवहार पर खुलकर प्रहार किया। माचागोरा से नहर की मांग पर उन्होंने कहा कि हमने माचागोरा बांध बनवाया है लेकिन नहर के लिये पांच माह रूकना पड़ेगा। श्री नाथ ने इस अवसर पर संगठन से जुड़े अन्य आंतरिक विषयों पर भी खुलकर चर्चा की तथा सभी को महत्वपूर्ण सुझाव दिये।



### हर कार्यकर्ता घर-घर जायेंगे: नकुलनाथ

अपने उदबोधन में जिले के सांसद नकुलनाथ ने संगठन संबधी सुझावों के अलावा कार्यकर्ताओं के समर्पण व उनकी मेहनत पर पूरा भरोसा जताते हुये कार्यकर्ताओं में भरपूर जोश भरा। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा व लोकसभा व लोकसभा चुनावों में आपकी मेहनत रंग लायेगी। उन्होंने कहा कि आप जनता को सच्चाई समझाये और सच्चाई का साथ देने की अपील करें। इस अवसर पर श्री नकुलनाथ ने 9 मई से सम्पूर्ण प्रदेश में लागू हो रही नारी सम्मान योजना को विस्तार पूर्वक बताया और कहा कि किसी भी नारी शक्ति को लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। हमारे कार्यकर्ता घर-घर जाकर फार्म भरवायें और उसकी रसीद भी दी जावेगी। पांच माह बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर किये गये सारे वचन पूरे किये जायेंगे।अमरवाड़ा में आयोजित इस कार्यकर्ता सम्मेलन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, कार्यवाहक अध्यक्ष गोविंद राय, विधायक कमलेश शाह, क्षेत्रीय अध्यक्ष चंपालाल कुर्चे, आशीष जैन, विनोद चौरसिया, पर्यवेक्षक आनंद राजपूत व अभिषेक सहित संगठन के विभिन्न पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मानवता व प्रकृति में सेवा के अवसर तलाशे: आई.एम. भीमनवार

### रेडक्रास सिखाती है सेवा ,संकल्प की भावना से कार्य करना:विनोद तिवारी

### विश्व रेडक्रॉस दिवस जूनियर रेडक्रॉस संग मनाया

**छिंदवाड़ा ।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी अध्यक्ष एवम जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देश अनुसार जिला रेडक्रॉस सोसाइटी छिंदवाड़ा द्वारा जूनियर रेडक्रॉस अध्यक्ष गोपालसिंह बघेल जिला शिक्षा अधिकारी एवम सहायक आयुक्त सत्येंद्र सिंह मरकाम के संयोजन में आज शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उमावि छिंदवाड़ा में डॉक्टर ए एस ब्राउन सेवानिवृत्त प्राचार्य, आई एम भीमनवार सहायक संचालक शिक्षा, डॉक्टर दिलीप खरे सचिव रेडक्रॉस सोसाइटी,जूनियर रेड क्रास सोसायटी के जिला नोडल अधिकारी विनोद तिवारी, डाक्टर एस ए सिसोदिया, सेवा निवृत एच एम एस जाफरी जी किशोर मगरूरकर, बीआरसी अशरफ अली, महेश वर्मन के आतिथ्य में एम एल बी स्कूल के सभाकक्ष में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम अतिथियों का परिचय उपरांत ईश वंदना ( दया कर दान भक्ति का) के साथ कार्यक्रम की शुरआत हुई।अतिथियों द्वारा माता सरस्वती एवम रेडक्रॉस के संस्थापक सर हेनरी ड्यूनाट के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया । काउंसलर राजेन्द्र सोनी, सुरेश विश्वकर्मा, बलराम बरकोरिया , अंजू राजपूत , अनुराधा श्रीवास्तव द्वारा अतिथियों को स्कार्फ़ बोगेल लगाकर अभिनंदन किया गया एवम सभी को एक एक पौधा भेंट किया गया । जिला संघठक जूनियर रेडक्रॉस एवम मंच संचालक राकेश मालवीय ने सर हेनरी ड्यूनाट के जीवन पर प्रकाश डाल कर मानवता की संकल्पना की शुरुआत कैसे हुई इसकी जानकारी दी गई । जिला नोडल अधिकारी विनोद तिवारी द्वारा जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी गणों एक्सक्यूटिव सदस्य सहित उपस्थिति सभी रेडक्रॉस काउंसलर एवम छात्रों का अभिनंदन कर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा समाज हित मे किये जा रहे कार्य को उल्लेखित किया ।आज ही के कार्यक्रम में लंबी सेवा के लिए एच एम एस जाफ़री एवम ए एस सिसोदिया को शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया । डॉक्टर ए एस ब्रॉउन ने उपस्थिति सभी छात्रों काउंसलर को शपथ दिलाई एवम भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की थीम *Everything we do comes from the heart* पर सहजता से व्याख्यान दिया। डॉक्टर सिसोदिया द्वारा हार्ट अटैक की रोकथाम पर मार्गदर्शन दिया गया। इसी बीच काउंसलर द्वारा सर्व धर्म प्रार्थना ( तू ही राम है) के गायन से हाल को मधुर वाणी से भर दिया। जिला सचिव रेडक्रॉस सोसाइटी डॉक्टर दिलीप खरे द्वारा प्राथमिक चिकित्सा की उपयोगिता एवम सावधानी पर प्रकाश डाला गया । सहायक संचालक शिक्षा आई एम भीमनवार ने छात्रों को प्रेरित किया कि प्रकृति एवम मानव जाति में सेवा के अवसर तलाशे जाने चाहिए , विकासखंड शिक्षा अधिकारी अशरफ अली ने विश्व रेडक्रॉस की शुभकामनाएं दी एवम निरंतर सेवा कार्य करने का संकल्प दोहराया। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के माध्यम से विद्यालयों में संचालित दलों ने जो भी करें दिल से करें थीम पर चित्रकला एवम निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी एवड्ड स्कूल काउंसलर को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।





## यह है अपनापन एवं समान

शादी समारोह मे जहा सब वयस्त विधायक जी के साथ फोटो,सेल्फी लेरहे थे वहीं भीड़ मे से आवाज आई सब को छोड़कर विकलांग युवक के पास जाकर हाल चाल पुछा उनके साथ बातचीत की ऐसे हैं हमारे भोले भाले विधायक अकाश कैलाश विजयवर्गीय।

## इटारसी में आयकर का छापा



**इटारसी।** एलकेजी गोठी व्यापारियों पर इनकम टैक्स का छापा, करीब 40-50 फोर व्हीलर वाहनों से 100 से अधिक अधिकारियों ने एलकेजी एवं संपूर्ण कारोबार सहित निवास पर एक साथ इनकम टैक्स की छापेमारी कार्रवाई । इस संबंध में किस विभाग की कार्रवाई है कि जानकारी चाहीं गयी तो अधिकारियों ने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया।

## नूतन कालेज में मंत्री मोहन यादव



आज शिवाजी नगर स्थित नूतन कॉलेज में माननीय उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मनमोहन यादव जी की उपस्थिति में मां सरस्वती जी की मूर्ति का अनावरण किया

## डोर टू डोर कचरा एकत्रीकरण अभियान शुरु



आज स्वच्छता अभियान के तहत जोन 04 के अंतर्गत सेमरा एकता पुरी चौराहे से प्रारम्भ कर डोर टू डोर कचरा एकत्रीकरण, नालियों की सफाई व मार्केट का निरीक्षण किया, इस अवसर पर जोन अध्यक्ष श्रीमती पूजा शर्मा, पार्षद श्री राजू कुशवाह, पार्षद श्री शैलेश साहू एवं निगम अधिकारी मौजूद रहे।

## शिक्षक भर्ती की प्रतीक्षा सूची बहाल करने प्रदर्शन



भोपाल । राजधानी में आज वर्ष 2020 की शिक्षक भर्ती की प्रतिक्षा सूची को बहाल करने प्रतीक्षारत शिक्षकों ने प्रदर्शन किया । इस प्रदर्शन में हजारों की संख्या में अभ्यर्थी शामिल हुए । सभी प्रतीक्षारत शिक्षक अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन के दौरान प्रथम काउंसलिंग के दौरान प्रतीक्षा सूची को बहाल करने की मांग की है।

# डीएसपी के तबादले से खुली स्कॉलरशिप घोटाले की परतें

# एससी-एसटी के छात्र जो कॉलेज में पढ़ें ही नहीं उनकी भी राशि निकाली

**ग्वालियर।** ग्वालियर में साइंस कॉलेज के चर्चित स्कॉलरशिप घोटाले के बाद आदिम जाति कल्याण विभाग में इसी तरह का बड़ा और व्यापक घोटाला हुआ है। इस मामले का खुलासा पुलिस के एक डीएसपी के ट्रांसफर से हुआ है। इस मामले में जांच अधिकारी (आईओ) रहे डीएसपी ने अपना तबादला होने पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ग्वालियर जोन को पत्र लिखकर बताया है कि उनका तबादला शिक्षा माफिया के दबाव में किया गया है। चूंकि वे इस मामले की जड़ तक जाने का प्रयास कर रहे थे इसीलिए जांच को दबाने के लिए घोटाले में शामिल माफिया ने सरकार में अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर उन्हें पद से हटवाने में सफल हो गए हैं। इस घोटाले में कई प्रायवेट कालेज संचालकों ने उन छात्र-छात्राओं के नाम से स्कॉलरशिप निकलवा ली,जो उन कॉलेज में कभी पढ़े ही नहीं। निजी कॉलेज संचालक, स्कॉलरशिप जारी करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों और बैंक मैनेजर की मिलीभगत से किए इस घोटाले में दूसरे कॉलेज के छात्रों की स्कॉलरशिप भी निकलवाकर करीब 01 करोड़ रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिया।

### एफआईआर दर्ज होते ही अकाउंट में आ गई राशि

ग्वालियर में अनुसूचित जाति कल्याण शाखा (अजाक) में पदस्थ रहे डीएसपी मुनीश राजौरिया ने मध्यप्रदेश पुलिस के बड़े अफसरों को पत्र लिखकर कहा है कि रेंज आईजी कार्यालय में उनका तबादला शिक्षा माफिया के दबाव में किया गया है। ये पत्र उन्होने करीब 04 महीने लिखा था जो मीडिया में हाल ही में सामने आया है। जिन-जिन कॉलेज माफिया के बैंक अकाउंट में स्कॉलरशिप की राशि पहुंची है, उन्होंने ही इस पूरी जांच को दबाने के लिए उन्हें अजाक डीएसपी के पद से हटवाया है। इस घोटाले को दबाने की कोशिश का अंदाजा भी इस बात से लगाया जा सकता है कि छात्रा की शिकायत पर एफआईआर दर्ज होते ही उसके अकाउंट में चालान के जरिए स्कॉलरशिप की राशि तत्काल जमा करा दी गई। इस पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं कि जब उसकी स्कॉलरशिप राशि किसी और अकाउंट में जा चुकी थी, तो अफसरों ने किस नियम से उसके अकाउंट में रुपए भेजे? हालांकि ग्वालियर जोन के एडीजी डी.श्रीनिवास वर्मा ने मीडिया से चर्चा डीएसपी मुनीश राजौरिया की ओर से कोई पत्र मिलने की बात से इनकार किया है। उनका कहना है कि डीएसपी रैंक के अधिकारी का तबादला सरकार के स्तर पर होता है।




### ऐसे हुआ घोटाले का खुलासा

दरअसल 2017 में मुरैना की कुसुम जाटव नाम की लड़की ने ग्वालियर के अजाक थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसे अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की योजना के तहत 27 हजार रुपए की स्कॉलरशिप मिलनी थी। विधिवत आवेदन करने के बाद भी स्कॉलरशिप न मिलने पर जब उसने जय माता दी कॉलेज और इंटरनेट से जानकारी जुटाई तो पता चला कि उसकी स्कॉलरशिप किसी और खाते में जा चुकी है। उसे बताया गया कि आप तो प्रखर कॉलेज ऑफ नर्सिंग से स्कॉलरशिप निकलवा चुकी हैं। कम्प्यूटर में दिख रहा है कि समग्र आईडी 128225456 से कुसुम पुत्री कृष्णा जाटव ने ग्वालियर में कर्नाटक बैंक लिमिटेड ब्रांच से अकाउंट नंबर 2672500100524400 पर स्कॉलरशिप प्राप्त कर ली है। ये सुनकर कुसुम अवाक रह गईं। इसके बाद कुसुम ग्वालियर के तत्कालीन आईजी अनिल कुमार के पास पहुंची। आईजी के आदेश पर अजाक थाने में 420 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई। मामला दर्ज होते ही उसके खाते में चालान के जरिए स्कॉलरशिप के 27 हजार 70 रुपए पहुंच गए। इसके साथ ही ग्वालियर के आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त के पत्र के आधार पर मामले की जांच बंद कर दी गई।

### जांच बंद होने पर फिर एसपी के यहां शिकायत

अपने बैंक खाते में स्कॉलरशिप पहुंचने के बाद भी कुसुम संतुष्ट नहीं हुईं क्योंकि वे जानना चाहती थी कि आखिर उसकी राशि किसी और के खाते में कैसे जा सकती है। आखिर गड़बड़ कहां हुई थी? इस मामले की आगे जांच के लिए उन्होंने एसपी ग्वालियर कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में कुसुम ने लिखा कि जिस समग्र आईडी और बैंक अकाउंट के जरिए मेरे पैसे निकाले गए हैं, वो उनके थे ही नहीं। उनमें बस कुसुम और उनके पिता का नाम सही था। स्कॉलरशिप में फ्रॉड की जानकारी लगते ही कुसुम ने इंटरनेट पर उस फर्जी समग्र आईडी के बारे में पता लगाया तो पता चला कि समग्र आईडी 128225456 की परिवार आईडी 26913429 में परिवार के मुखिया के रूप में किसी इमरती बाई सहरिया का नाम दर्ज है। आईडी में कुसुम जाटव के नाम की जगह कुसुम सहरिया लिखा हुआ है।

### बैंक खाते में न फोटो सही मिले न हस्ताक्षर

सभी फेक अकाउंट्स इसी बैंक आफ इंडिया की सिटी सेंटर शाखा में खोले गए थे। पुलिस ने सभी अकाउंट्स की डिटेल निकलवाई। असली छात्रों से पूछताछ की, तब पता चला कि खाते के नाम वाले स्टूडेंट्स के फोटो सही नहीं लगे हैं, उनके हस्ताक्षर भी नहीं हैं। सभी अकाउंट फर्जी हैं। पुलिस ने बिना देरी किए बैंक मैनेजर राधेश्याम गुप्ता समेत बैंक कर्मचारी अशोक कुमार, नेहा अगीचा, रचना चौधरी और निखिल को धोखाधड़ी के मामले में आरोपी बना लिया।

### घोटाले के मास्टरमाइंड और उसके कम्प्यूटर ऑपरेटर को पकड़ा

आरोपी बैंक कर्मियों से पूछताछ कि आधार पर पुलिस आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त के दफ्तर पहुंची। यहां स्कॉलरशिप प्रभारी ओमप्रकाश शर्मा से पूछताछ की। पता चला कि ओमप्रकाश के कम्प्यूटर ऑपरेटर रवि महौर के पास स्कॉलरशिप जारी करने की जिम्मेदारी थी। पुलिस ने इन दोनों को भी मामले में आरोपी बना लिया। इसके साथ ही संबंधित निजी कॉलेजों के प्रस्ताव के आधार पर मंजूरी और राशि जारी करने का ऑर्डर जारी करने वाले सहायक आयुक्त अमरनाथ सिंह को भी आरोपी बनाया गया।

### शुरुआती जांच में एक करोड़ का घोटाला सामने आया

पुलिस ने संबंधित सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर घोटाले के सबूत जुटामें में लग गई। शुरुआती जांच में ही पुलिस को करीब 01 करोड़ रुपए के घोटाले की जानकारी लगी। पुलिस के आरोप पत्र के आधार पर कोर्ट ने आदिम जाति कल्याण विभाग के तत्कालीन सहायक आयुक्त को 25 लाख रुपए जमा करने के बाद रिहाई का आदेश दे दिया। इसी तरह कोर्ट ने जमानत पर रिहाई के लिए बैंक ऑफ इंडिया, सिटी सेंटर के बैंक मैनेजर को 15 लाख रुपए, बैंक कर्मी अशोक कुमार, नेहा अगीचा, रचना चौधरी और निखिल को 15-15 लाख रुपए रिकवरी के रूप में जमा करने पर रिहाई करने के आदेश दिए। स्कॉलरशिप प्रभारी ओमप्रकाश को 5 लाख रुपए, कम्प्यूटर ऑपरेटर रवि माहौर को 01 लाख रुपए जमा कर रिहाई के आदेश दिए। सभी ने आदिम जाति कल्याण विभाग के नाम पर राशि जमा की।

### जांच का दायरा बढ़ने पर केस EOW में ट्रांसफर करा दिया

डीएसपी मुनीश राजोरिया ने अपनी चिट्ठी में लिखा है कि जब घोटाले की जांच गहराई से शुरू की गई तो माफिया ने दबाव बना कर पूरे मामले को आर्तिक अपराध शाखा( श्वह्लड्ड) के पास ट्रांसफर करवा दिया। इसके चलते कई दिनों तक जांच रुकी रही। कुछ दिनों बाद मैंने फिर जांच शुरू कर दी। अखिलेश गौतम समेत कुछ और आरोपियों की गिरफ्तारियां हुईं। कॉलेज समितियों के खाते में कई ट्रांजेक्शन मिले। डीएसपी ने आगे लिखा कि हमें ये ट्रांजेक्शन संदिग्ध लगे। हम ये जांच साल 2022 में कर रहे थे। 9 नवंबर 2022 को हमने पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक विभाग के सहायक आयुक्त से 209 छात्रों की जानकारी और रिकॉर्ड्स उपलब्ध कराने को कहा।

### माफिया ने जांच अधिकारी का ट्रांसफर करा दिया

अपनी चिट्ठी में डीएसपी राजोरिया ने आगे लिखा है कि जैसे ही इस बात की जानकारी आईटीएस कॉलेज के संचालक विवेक भदौरिया को लगी। उसने अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करके पूरी जांच रुकवा दी। मामले की डायरी पुलिस अधीक्षक ग्वालियर के पास भेजी गई लेकिन माफिया ने अपने प्रभाव से उनका ट्रांसफर नवंबर 2022 में पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय ग्वालियर में करा दिया गया। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि वे घोटाले और इससे जुड़े तारों को पूरी तरह से समझ चुके थे। इससे इस घोटाले की व्यापकता का खुलासा होता और कई रसूखदार लोग बेनकाब होते।

### 12 साल पहले भी हुआ था स्कॉलरशिप घोटाला

बता दें कि ग्वालियर में इससे पहले भी 2010-12 के दौरान मॉडल साइंस कॉलेज द्वारा 06 निजी कालेज को अवैधानिक रूप से करीब 44.50 लाख रुपए की स्कॉलरशिप राशि का भुगतान किए जाने का घोटाला सुर्खियों में आ चुका है। इस घोटाले में कॉलेज के तत्काली प्रिंसिपल की भूमिका पर सवाल उठे थे। उन्होंने निजी कालेजों के बीबीए,बीएससी एवं एमएससी के छात्रों को निर्धारित फीस से ज्यादा राशि का भुगतान कर कालेज संचालकों को फायदा पहुंचाया था। इस मामले की जांच भी ईओडब्यू को सौपी गई थी।

## जांच में पता चला 44 स्टूडेंट्स के नाम पर फर्जी बैंक अकाउंट

एसपी के निर्देश पर 27 अप्रैल 2017 को अजाक के तत्कालीन डीएसपी राकेश कुमार गुप्ता ने एफआईआर दर्ज की। जांच का जिम्मा सब इंस्पेक्टर लालाराम को सौंप दिया गया। मामले की गहराई से जांच की गई। पता चला कि प्रखर स्कूल ऑफ नर्सिंग के प्रपोजल के बेस पर कुसुम जाटव के नाम की स्कॉलरशिप निकली है। प्रखर स्कूल ऑफ नर्सिंग के प्रिंसिपल के लेटर में कुसुम का दूसरा खाता नंबर और आईएफएससी कोड दिया गया था। ये धोखाधड़ी सिर्फ कुसुम के साथ ही नहीं हुई दूसरे 44 छात्रों के साथ भी हई थी। इस तरह के 44 बैंक अकाउंट फर्जी थे। इन सभी अकाउंट में 27-27 हजार रुपए के हिसाब से पैसा ट्रांसफर किया गया था। असली स्टूडेंट्स के खाते में पैसे गए ही नहीं थे। ये घपला 11 लाख 88 हजार रुपए का था।

## अनूप के दावे से कुशवाह नाराज , अध्यक्ष के सामने आपत्ति जताइ

ग्वालियर। चुनाव के नजदीक आने के साथ ही राजनीतिक पार्टियों में खींचतान मचने लगी है। भाजपा में टिकटों की मांग से मतभेद उभरने लगे। सबसे ज्यादा विकट स्थिति ग्वालियर-चंबल संभाग में है। जहां इस बार सिंधिया गुट के नेताओं और मूल भाजपा के नेताओं में विवाद होना तय माना जा रहा है।दो दिन पहले भाजपा के सीनियर नेता अनूप मिश्रा ने ग्वालियर (दक्षिण) से चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद यहां नारायण सिंह कुशवाह नाराज बताए जा रहे हैं।

इस विधानसभा सीट से तीन बार विधायक रहे पूर्व मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने भी सक्रियता दिखाते हुए अपना दावा पेश किया। उन्होंने सोमवार भोपाल के प्रदेश भाजपा कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं से इस बारे में बातचीत की। इसके अलावा गुना के कुछ नेता भी टिकट के दावे को लेकर प्रदेश अध्यक्ष से मिले। अनूप मिश्रा ने ग्वालियर (दक्षिण) से खुलेआम चुनाव लड़ने की घोषणा की, जिससे कुशवाह नाराज बताए जा रहे हैं। वे 2003, 2008 और 2013 में लगातार इस सीट से बड़े अंतर से जीते थे। लेकिन, 2018 में महज 121 वोट के अंतर से वे चुनाव हारे थे। तीन दिन से भोपाल में मौजूद कुशवाह सोमवार को पार्टी नेताओं से मिलने के बाद ग्वालियर चले गए।

कुशवाह ने अनूप मिश्रा के ग्वालियर (दक्षिण) से चुनाव लड़ने की घोषणा पर प्रतिक्रिया दी कि किसी के दावे से टिकट तय नहीं होता। यह पार्टी संगठन तय करता है। कौन जीतेगा और कौन नहीं, यह जनता तय करती है। कुशवाह ने कहा कि मैं तो सिर्फ मोर्चा के रूटीन काम से आया था। वहीं, इमरती देवी भी पहले से वक्त लेकर प्रदेश अध्यक्ष से मिलने पहुंचीं। प्रदेश भाजपा संगठन ने सोमवार को सीहोर, राजगढ़ और भोपाल (ग्रामीण) के पार्टी पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, पूर्व व वर्तमान विधायकों के साथ बैठक की। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, वीडी शर्मा और हितानंद शर्मा ने तीनों जिलों में पार्टी कार्यकर्ताओं से चुनावी तैयारी को लेकर बातचीत की।





### इमरती देवी भी चुनाव के मूड में

सिंधिया के साथ भाजपा में आने के बाद डबरा से उपचुनाव हारी इमरती देवी ने भी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि भाजपा को फिर से सरकार बनानी है तो भितरघातियों को काबू में रखना होगा। इसलिए कि पार्टी संगठन को ग्वालियर-चंबल इलाके में ज्योतिरादित्य सिंधिया और नरेंद्र सिंह तोमर समर्थकों के बीच खींचतान की जानकारी मिल रही हैं। इससे पुराने कार्यकर्ता नाराज हैं।




भोपाल। कलेक्टर कार्यालय में आज समय सीमा कार्य को लेकर कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक ली जिसमें मुख्य रूप से मुख्यमंत्री शिकायत केंद्र, और 15 अप्रेल तक की शिकायतों के निराकरण करने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए।




करौंद स्थित ट्रूबा कॉलेज में इंटरनेशनल परीक्षा हो रही पर कॉलेज का मैनेजमेंट बच्चों को अंदर नहीं जाने दे रहे हैं एग्जाम 9ः00 बजे से था अभी तक बच्चों को अंदर नहीं लिया गया बाहर से पेरेंट्स आए वही परेशान और बच्चे भी परेशान हो रहे हैं कॉलेज मैनेजमेंट ध्यान नहीं दे रहाट्रूबा कॉलेज के बाहर विद्यार्थियों और पालकों का हंगामा इंजीनियरिंग में प्रवेश परीक्षा निरस्त होने के बाद भी बच्चों को नहीं मिली जानकारी भारी संख्या में बच्चे और पालक मौके पर मौजूद

## प्रथम पेज का शेष- द केरल स्टोरीः अल्लाह सब ठीक करेगा

यह सही है कि अल्लाह सब ठीक करेगा मगर इस्लाम के महान दर्शन में अल्लाह किसका ठीक करेगा, क्या वाकई? बार-बार यह बात दोहराई गई है कि काफिरों को दोजख की आग में वह जलाने वाला है और वह आग सामान्य आग से 70 गुना ज्यादा तेज होगी। इसलिए इस्लाम कुबूल करो ! यह फिल्म हर उस परिवार को देखनी चाहिए, जिसके यहाँ बेटी है, जिसके संबंधियों में किसी के यहाँ भी एक बेटी है और जिसके पड़ोस में किसी भी घर में एक बेटी है। यह सबको मिलकर देखना चाहिए। सब बेटियों को भी, जो पढ़ने के लिए स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी तक जाती हैं। अपने गाँव-घर से दूर होस्टल और किराए के कमरों में रहती हैं। यह तय मानिए कि कोई न कोई उनके शिकार पर किसी नुक्कड़ पर बाइक लिए खड़ा है। वह क्लासरूम में भी हो सकता है। पड़ोस के फ्लैट में भी। जरूरी नहीं कि वह सीरिया या अफगानिस्तान में आतंकी बनने के लिए ही ले जाने के लिए खड़ा हो। किंतु यह अटल सत्य है कि वह आपसे आपका धर्म, आपका परिवार, आपकी परंपराएँ, आपका अतीत सदा के लिए छीनने के लिए ही घात लगाए है। एक बार आगे बढ़ने के बाद आपसे आपका नाम और आपकी पहचान सब कुछ छिन जाने वाला है। यह क्यों होगा, यह समझने के लिए इस्लाम का डिजाइन हर गैर मुस्लिम को ठीक से पता होना चाहिए। कोई स्कूल-कॉलेज में यह नहीं पढ़ाएगा लेकिन धर्मों के तुलनात्मक अध्ययन पर समाज में चर्चाएं होना जरूरी हैं। घरों में अपने धर्म की सर्वश्रेष्ठ सीखें बच्चों को बताएँ। सामाजिक संगठन और स्टडी सर्कल नियमित रूप से तुलनात्मक अध्ययन की कक्षाएं शुरू करें। एक युवा मुस्लिम भी प्रेम की ओर पहला कदम बढ़ाते हुए शायद नहीं समझता होगा कि वह जाने-अनजाने उस गैर मुस्लिम लड़की से क्या कुछ छीन लेने वाला है। वह इस्लाम के डिजाइन में एक मामूली टूल है और संगठित सियासी या आतंकी गिरोह हर प्रकार के नटबोल्ट, पाने, पेंचकस से भरीपूरी एक टूलकिट ! और फिल्म को लेकर इसी बिंदु पर आग लगी हुई है। दाढ़ियाँ और टोपियाँ सुलगी हुई हैं। क्योंकि काफिर और मोमिन का दर्शन एक ऐसे विचार से उपजा है, जिसे वे इस्लाम कहते हैं। उसमें एक ऐसे अल्लाह का आविष्कार है, जो काफिरों और बुतखानों को नष्ट करने पर ही अड़ा हुआ बैठा है। सदियों से इस हिंसक हम्माली में सबको लगाया हुआ है। हर मोमिन का यह प्राथमिक कर्त्तव्य है कि वह इस्लाम को फैलाए। अल्लाह के निकट सबको घसीटकर लाए। छल से बल से, जैसे भी। लड़कियाँ सबसे सरल शिकार हैं। उन्हें प्रेमपूर्वक लाया जाए ! तो फिल्म में कुछ मौलवी हैं, आलिम हैं, मस्जिद है, अजानें हैं, नमाजें हैं, शरिया कानून के रक्तरंजित क्रियान्वयन हैं, अल्लाहो-अकबर का सदाबहार शोर है, जोशीले लड़ाकों के गोली-बम के धूम-धमाके हैं। तारेक फतह जीवन भर कहते रहे कि अल्ला का इस्लाम अलग है, मुल्ला का इस्लाम अलग। मुल्ला का इस्लाम राजनीतिक इस्लाम है, अल्ला ने तो आध्यात्मिक टाइप का कोई इस्लाम दिया था।


मन्दसौर नगर
का प्रमुख विद्यालय



सुभाष इंग्लिश स्कूल
मंदसौर

सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश आमंत्रित करता है।

इंग्लिश मीडियम नर्सरी से कक्षा बारहवीं
(साइंस, मैथ्स, वायो/ कॉमर्स, मेथ्स, इको)

• बोर्ड परीक्षाओं में प्रतिवर्ष श्रेष्ठ परिणाम। सभी कक्षाओं में NCERT की किताबों से पढ़ाई। • सभी कक्षाओं में डिजीटल क्लास रूम जिनमें एलसीडी प्रोजेक्टर और कम्प्युटर द्वारा पढ़ाई। • सभी क्लास रूम में 6×4 फीट के स्क्रीन पर चित्र, डायग्राम, ग्राफ आदि की सहायता से पढ़ाई। • सभी कमरों में CCTV कैमरे लगे होने के कारण कार्यालय से ही निरीक्षण और मार्गदर्शन किया जाता है। • फीस केवल 10 माह की / फीस कम, पढ़ाई अधिक स्कूल शहर के मध्य होने से ऑटो टेम्पो पर कम खर्चा।

पता- पाटील कॉलोनी, नई आबादी, मन्दसौर



अपील............ आव्हान........ अपील..........



मा. कमलनाथ जी
पूर्व मुख्यमंत्री म.प्र. शासन



मा. दिग्विजय सिंह जी
पूर्व मुख्यमंत्री म.प्र. शासन



मा. नकुलनाथ जी
सांसद छिन्दवाड़ा



श्री प्रसून श्रीवास्तव

कांग्रेस को सशक्त समृद्ध मजबूत करने एवं मध्यप्रदेश को समृद्ध तथा शक्तिशाली बनाने सभी पुराने वरिष्ठ कांग्रेस मित्रों से आग्रह है कि वह अपने प्रयास, प्रयत्न करें।



श्री हरिशंकर साहू

भवदीय, प्रसून श्रीवास्तव एवं हरिशंकर साहू छिन्दवाड़ा म.प्र.